राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 शुभमन गिल ने सिराज और मलान को पछाड़ा, दूसरी बात जीता ...

छीसगढ़ चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की उमीदवारों की ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 154 | पटना, शनिवार , 14 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

आतंकवाद के खिलाफ निरंतर सख्त रूख अपनाये जाने की जरूरत: मोदी

जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन में बोलें पीएम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अक्टूबर वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायल और फलस्तीन में जारी संघर्ष के बीच सभी तरह के आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बडी चुनौती बताते हुए आज कहा कि टकराव और संघर्ष से भरी दुनिया किसी के हित में नहीं है तथा आतंकवाद से निपटने के लिए लगातार सख्त रवैया अपनाये जाने की जरूरत है। इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि परस्पर विश्वास की कमी का सामना कर रही तथा बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा, आतंकवाद चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है।ऐसे में आतंकवाद को लेकर हमें निरंतर सख्ती बरतने की जरूरत है! उन्होंने कहा कि दुनिया अभी संघर्षों और टकराव से जूझ रही है और इस तरह की दुनिया किसी के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बंटी हुई दुनिया टकरावों का समाधान नहीं कर सकती । उन्होंने कहा, ह्यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। श्री मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति नहीं बनना दुखद है। आतंकवादी संगठन इसका फायदा उठा रहे हैं। दुनिया भर की संसदों को मंथन करना होगा कि जनभागीदारी के आधार पर इससे कैसे निपटा जाये। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के मूल मंत्र तथा भावना के साथ आगे बढते हुए विश्वास के संकट को दूर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया से जुडे फैसलों में निर्णय लेते समय भागीदारी जितनी बडी होगी उन निर्णयों का प्रभाव भी उतना ही बडा होगा। इस संदर्भ में उन्होंने अफ्रीकी संघ को जी 20 देशों के समूह में शामिल करने की भारत की पहल का उदाहरण भी दिया। भारतीय संसद पर आतंकवादी हमले का

जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने बडी हिम्मत और ताकत से उसका मुकाबला किया और इसी तरह की चुनौतियों से निपटते हुए ही भारत आज यहां तक पहुंचा है। श्री मोदी ने देश में संसदीय परंपराओं में आम सहमति तथा विचार विमर्श के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार भले ही बहुमत से बनती हो लेकिन देश विचार विमर्श तथा आम सहमति से चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मं हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढायी जा रही है और हाल ही में संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक पहल की गयी है। इससे संसदीय परंपरा और समृदध होगी। इससे देश में संसदीय परंपराओं में अटूट विश्वास का भी पता चलता है।

संघर्ष और टकराव से किसी को लाभ नहीं होता: प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज जो संघर्ष और टकराव का सामना कर रही है उनसे किसी को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि दुनिया को मानव केन्द्रित रुख के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि हमें वैश्विक तौर पर एक दूसरे पर भरोसा करने के रास्ते में आने वाली बाधाओं को भी दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि यह वक्त शांति और भाईचारे का है और साथ मिलकर आगे बढ़ने का है। उनका यह बयान ऐसे समय पर आया है जब फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास की ओर से शनिवार को इजराइल पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए गए और बदले में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) की कार्रवाई चल रही है। मोदी ने संसद भवन पर करीब 20 वर्ष पहले हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सीमा पार से आतंकवाद का सामना कर रहा है जिसमें हजारों निर्दोष लोगों की जानें गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया अब यह अहसास कर रही है कि आतंकवाद कितनी बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा आतंकवाद मानवता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जी20 की अध्यक्षता ने पूरे वर्ष भारत में उल्लेखनीय गतिविधियां सुनिश्चित कीं, चंद्रमा की सतह पर उतरने में भारत को मिली सफलता ने जश्न को और बढ़ा दिया।

संक्षिप्त खबरें

हरियाणा में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

चंडीगढ़। हरियाणा के सोनीपत जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को तड़के एक ट्रक ने पिकअप जीप को टक्कर मार दी, जिससे चार प्रवासी मजदूरों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए चारों प्रवासी मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। जिले के खरखौदा पुलिस थाना के प्रभारी सुनील कुमार ने फोन पर बताया, घटना में चार प्रवासी मजदूरों सहित पांच लोगों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि घायलों को रोहतक के पीजीआईएमएस अस्पताल में रेफर किया गया है। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश से मजदूर धान की कटाई के लिए झज्जर जा रहे थे।

बीएसएफ ने पाकिस्तान ड्रोन मार गिराया, 12 करोड़ की हेरोइन बरामद

जैसलमेर। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के श्रीकरणपुर, सेक्टर श्रीगंगानगर से लगी अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बल के जवानों ने गुरुवार रात्रि को 12 करोड़ रुपये की हेरोइन और एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार गुरुवार देर रात पाकिस्तान की ओर ड्रोन के आने की आवाज सुनायी। इस पर जवानों ने तत्काल पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की। इसके बाद एरिया में सर्च अभियान चलाया गया तो इलाके से एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन और क्षतिग्रस्त अवस्था में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया। संदिग्ध हेरोइन के पैकेट का वजन लगभग 2.2 किलो है। बरामद हेरोइन की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 12 करोड़ रुपये के लगभग आंकी गयी है। सीमा सुरक्षा बल ने बरामद हेरोइन तथा ड्रोन को जांच के लिए सम्बधित एजेंसी को सुपुर्द कर देगी।

वैश्विक चुनौतियों पर एकजुटता का प्रमाण है पी20: बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों पर हम (जी20 देश) एकजुट हैं। हम साझा चुनौतियों को लेकर गंभीर हैं और समाधान चाहते हैं। इस दिशा में पी20 शिखर सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। बिरला ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, आतंकवाद सहित सभी वैश्विक समस्याओं पर हमें मिलकर समाधान निकालना होगा। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी कई साझा समस्याओं पर सार्थक संवाद हुआ और भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। ये हमारे वैश्विक दृष्टिकोण को दशार्ता है। बिरला ने कहा कि लोकतंत्र हमारी सबसे अमूल्य विरासत है। लोकतंत्र हमारी जीवनशैली, आचार, विचार, व्यवहार में है।

नियंत्रण रेखा पर पकड़ाया पाकिस्तानी नागरिक

जम्मू। सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है जो प्रथमदृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, सेना के सतर्क जवानों ने आज सुबह नियंत्रण रेखा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है, जो मानसिक तौर पर अस्वस्थ है लेकिन सेना की ओर से सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, आठ एजेंडों पर लगी मुहर

राज्यकर्मियों को सरकार का तोहफा : प्रमोशन में योग्य कर्मियों को मिलेगा प्रभार

सरकारी सेवा में योग्य कर्मियों की प्रोन्नति पर मुहर

प्रात : किरण

पटना/संवाददाता। नीतीश सरकार ने त्योहारों से पहले सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कुल आठ एजेंडों पर मुहर लगी है। नीतीश सरकार ने आज की बैठक में अहम फैसला लेते हुए प्रोन्नति योग्य सरकारी कर्मचारियों को प्रभार देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में कुल आठ प्रस्तावो को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सामान्य प्रशासन विभाग के तहत राज्याधीन सेवाओं में प्रोन्नति के पदों पर योग्य कर्मियों को कार्यकारी प्रभार देने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई है। प्रमोशन में एससी-एसटी कर्मियों को कोटे के अंदर कोटा दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में राज्य कर्मियों की प्रोन्नति का मामला लंबित है। इसके तहत राज्य सरकार कार्यकारी व्यवस्था के रूप में अपने ही वेतनमान में कर्मियों को प्रभार देकर कार्य कराती थी। इस निर्णय के बाद राज्य सरकार द्वारा उच्चतर पदधारकों को उसी उच्चतर पद का वेतनमान दिया जायेगा। इसके तहत एससी-एसटी के 17 फीसदी पद सुरक्षित रखकर प्रोन्नति दिया जाएगा। एससी वर्ग के कर्मियों को 16 प्रतिशत और एसटी वर्ग के कर्मियों के लिए एक फीसदी को आरक्षित रखा जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब 5 लाख सरकारी सेवक को फायदा होगा।

दूसरी ओर, सरकार ने यह फैसला भी किया है कि वह किसानों से धान खरीदेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24

में रबी फसल के लिए कुल 8 हजार करोड़ अधिप्राप्ति से जुड़े संस्थाओं को ऋण उपलब्ध कराएगी। सरकार ने उग्रवाद प्रभावित जिलों को 37 करोड़ 83 लाख रुपये का बजट दिया है। इन फैसलों को विशेष आधारभूत संरचना योजना वर्ष 2022-26 के तहत लिया गया है।

आईजीआईएमएस में 149 पदों का सृजन : नीतीश सरकार ने आईजीआईएमएस पटना के आई डिपार्टमेंट में 149 पद भी स्वीकार कर लिए हैं। साथ ही इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के विस्तार की योजना को मंजूरी दी गई। जिसके ये संस्थान संपूर्ण उत्तर पूर्व भारत में सरकारी क्षेत्र का सबसे बड़ा नेत्र चिकित्सा संस्थान बन जाएगा। जिसमें 12 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 154 के अगला क्षमता होगी संस्थान का अपना रिसर्च विंग एवं घंटे इमरजेंसी की सुविधा होगी। वहीं राज्य सभी सरकारी डेंटल हॉस्पिटल में एक समान एडमिशन फी किए जाने पर कैबिनेट ने मंजूरी लगाई है। स्नातक और स्नातकोत्तर में नामांकन और अन्य शुल्क एक समान किया गया है। सूबे के सभी सरकारी डेंटल हॉस्पिटल में छात्रों से एक समान एडमिशन फीस ली जाएगी। साथ ही, ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन में नामांकन और अन्य शुल्क भी एक समान लिए जाएंगे।

अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी के पद को परिषाषित किया गया: बिहार पंचायत सेवा नियमावली, 2010 के नियम 2, 3, 4 एवं 7 में संशोधन के माध्यम से अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद को परिभाषित किया जा रहा है। अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी का पद वेतन स्तर-08 में सृजित करते हुए पूर्व के पद जिला पंचायत राज पदाधिकारी को जिला पंचायत राज पदाधिकारी-सह- प्राचार्य वेतन स्तर-09 में अधिसूचित किया जा रहा है। कैबिनेट ने एक जज के बर्खास्तगी आदेश को भी रद्द किया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़े इस एजेंडे में अंबिका प्रसाद गुप्ता जो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दरभंगा थे और उनके खिलाफ 3 सितम्बर 2015 से दण्ड स्वरूप बर्खास्तगी आदेश जारी हुआ था, उसे रद्द कर दिया गया है। साथ ही बर्खास्तगी की तिथि से सभी परिणामी लाभों सहित अनिवार्य सेवानिवृत किये जाने के संबंध में कैबिनेट ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से जीएफआर 2017 के नियम 144 के संशोधन के अनुपूरू बिहार वित्त नियमावली 1950 के नियम-30 में संशोधन के स्वीकृति मिल गई है। कैबिनेट ने गृह विभाग के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में केन्द्र प्रायोजित विशेष आधारभूत संरचना योजना (वर्ष 2022-26) के तहत विशेष आसूचना शाखा, विशेष कार्य बल एवं उग्रवाद प्रभावित जिलों के जिला पुलिस बल के उन्नयन एवं सुदृढीकरण हेतु कुल राशि सैतीस करोड़ तेरासी लाख सत्रह हजार छः सौ सनतावन रू मात्र की नयी कार्य योजना की स्वीकृति देने के संबंध में अपनी मंजूरी प्रदान की है।

ऋण पर राजकीय गारंटी: कैबिनेट में खरीफ विपणन मौसम 2023-24 एवं रबी विपणन मौसम 2024-25 में अधिप्राप्ति कार्य हेतु बिहार राज्य सहकारी बैंक को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम / नाबार्ड / अन्य वित्तीय संस्थानों से आठ हजार करोड़ रुपए ऋण प्राप्त करने एवं उक्त ऋण के अनुवर्ती उपयोगकर्ता जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को दिये गये ऋण, पुनः जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न सहकारी संस्थानों को दिए गए ऋण पर राजकीय गारंटी प्रदान करने के संबंध में स्वीकृति दी है।

भारत भुखमरी सूचकांक में 111वें पायदान पर : लालू

बोलें-भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के चलते देश में भुखमरी की स्थिति

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने इस वर्ष के लिए जारी ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट के हवाले से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की गरीब विरोधी नीतियों का ही नतीजा है कि भारत भुखमरी सूचकांक में पिछले दस साल में 63वें स्थान से फिसलकर 111वें पायदान पर आ गया। श्री यादव ने शुक्रवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, गुरुवार को जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स- 2023) के मुताबिक भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर है। भारत का स्कोर 28.7 प्रतिशत है, जो इसे ऐसी श्रेणी में लाता है, जहां भूख और भुखमरी की स्थिति अति गंभीर और चिंताजनक है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2013 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 63वें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के चलते भारत भुखमरी सूचकांक में 10 वर्षों में 63वें स्थान से फिसलकर 111वें स्थान पर आ गया है। श्री यादव ने कहा कि अब केंद्र की मोदी सरकार आदतन रिपोर्ट और सूचकांक को समझने एवं स्वीकार कर नीतियों में सुधार करने की बजाय इसे झूठा और त्रुटिपूर्ण बताएगी।

ऑपरेशन अजय: इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को लेकर चार्टर्ड विमान दिल्ली पहुंचा

नई दिल्ली/एजेंसी। फिलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच युद्ध जारी है। इजरायल छोड़ने के इच्छुक 212 भारतीयों को लेकर एक पहली चार्टर उड़ान गुरुवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे से रवाना हुआ और शुक्रवार सुबह दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरा। केन्द्र सरकार द्वारा ऑपरेशन अजय के तहत विशेष विमान से आज सुबह 5.50 बजे इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। इस समय करीब 20, 000 भारतीयों के इजराइल में फंसे होने की संभावना है और भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय के तहत उन्हें स्वदेश सुरक्षित वापस लाने की शुरूआत कर दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में गुरुवार को प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि भारत सरकार का पूरा ध्यान इजरायल फंसे भारतीयों को वापस लाने पर है।

बागी विधायकों की अयोग्यता मामले में अध्यक्ष 17 अक्टूबर तक समय बताएं : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ शुरू की गई अयोग्यता की कार्यवाही पर फैसला करने की समय- सारिणी 17 अक्टूबर तक बताएं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला करने में देरी पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा, अयोग्यता की कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करता है और वह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में संशोधन योग्य है। उसके समक्ष कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। हमें विश्वास की भावना पैदा करनी होगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह इस अदालत के आदेश को खारिज नहीं कर सकते, इस लिए उन्हें इस मामले का फैसला करना होगा। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से कहा, आपको अध्यक्ष को अवगत कराना चाहिए, उन्हें एक समय-सारणी तय करनी होगी...हमारे आदेश का कार्यान्वयन नहीं हो रहा है, यह हमारी चिंता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने इस मामले में फैसला करने के लिए 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और 18 सितंबर को इसके बारे में फिर से समय-सारिणी तय करने को कहा था। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, हम यह कहने के लिए बाध्य हैं कि उन्हें दो महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। कोई नहीं कह रहा है कि क्या निर्णय लेना है। विचार यह है कि अगले चुनाव तक इसे यूं ही न चलने दिया जाए और मामले को निरर्थक बना दिया जाए। हम सरकार की हर शाखा का सम्मान करते हैं, लेकिन इस अदालत का आदेश लागू करना होगा। पीठ ने श्री मेहता को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए मंगलवार को समय-सारिणी के बारे में शीर्ष अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने रबी महाभियान प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 1 अणे मार्ग से रबी महाभियान - 2023 के शुभारंभ के अवसर पर रबी महाभियान प्रचार रथों को सभी जिलों के लिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रबी - 2023 की सफलता के लिये रबी महाभियान की शुरूआत की जा रही है। इस महाभियान में किसानों को रबी मौसम से संबंधित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन एवं खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी एवं पर्यावरण को होनेवाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जायेगा। किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, जैविक खेती को प्रोत्साहन, मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं फसल विविधिकरण से संबंधित जानकारी दी जायेगी। किसानों को चतुर्थ कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की भी जानकारी दी

- फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति किया जायेगा जागरूक
- किसानों को रबी मौसम से संबंधित योजनाओं की दी जायेगी जानकारी

जायेगी। प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने रबी महाभियान 2023 से संबंधित पुस्तिका का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, निदेशक, कृषि विभाग आलोक रंजन घोष सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

झारखंड उच्च न्यायालय ने ईडी समन के खिलाफ सोरेन की याचिका खारिज की

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा समन जारी किए जाने को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आनंद सेन की पीठ ने पाया कि समन में पेश होने की अवधि पहले ही खत्म हो चुकी है अतः याचिका अर्थहीन हो गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन को समन जारी किया था और 14 अगस्त को रांची में संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय में पेश होने को कहा था। इसके अलावा उन्हें बाद में धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपना बयान दर्ज कराने के लिए भी समन भेज गया था।

मंजूरी बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी मिली

वायु सेना में जल्द शामिल होगी स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल

मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और नौसेना के मिग-29ए विमानों में लगेगी मिसाइल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। इन मिसाइलों के थोक उत्पादन के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) को मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। वायु सेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। अब स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल की क्षमता 100 किमी. से बढ़ा कर 160 किमी. कर दी गई है। साथ ही दोहरे पल्स रॉकेट मोटर की सहायता से 160 किमी. की विस्तारित सीमा के साथ एस्ट्रा एमके-2 को विकसित

किया जाना है। भारतीय वायु सेना और नौसेना पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को भारतीय वायु सेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और भारतीय नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किया जा रहा है। बीडीएल को स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों के थोक उत्पादन की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में तेजस विमान से भी इसका सफल परीक्षण किया गया था। वायु सेना के हथियार खजाने में इस साल के अंत तक स्वदेशी एयर टू एयर एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल शामिल हो जाएगी। वायु सेना एस्ट्रा एमके-2 का स्टेटिक फायर करके परीक्षण कर चुकी है। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना का मुख्य हथियार होंगे। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पहले ही एस्ट्रा मिसाइलों के साथ एकीकृत है और इसका उत्पादन भारत डायनामिक्स लिमिटेड कर रही है। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों सेनाओं के लिए 248 स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। इसमें 200 मिसाइलें वायु सेना के लिए और 50 नौसेना के लिए थीं। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप भारतीय वायु सेना को अक्टूबर, 2020 में मिली थी। यह मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है और 4.5 मैक की गति तक अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है। इसकी अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी. (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी. (12 मील) है।

संक्षिप्त खबरें

कोरोना जांच के दौरान भागा शराबी

दानापुर। नगर के थाना क्षेत्र के अंतर्गत अस्पताल से कोरोना जांच के दौरान भागे शराबी मामले में आरोपी को रूपसपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि विगत 23 सितंबर को रूपसपुर पुलिस ने शराब पीने के मामले में गिरफ्तार लक्खीसराय चकहारा के मुल निवासी संत लाल बिंद को रूपसपुर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने से पूर्व कोरोना जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया था। जहां पुलिस को चकमा देकर वो फरार हो गया था। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि अस्पताल से फरार हुए संत लाल बिंद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बालू खनन के खिलाफ अभियान चलाकर ट्रैक्टरों को पकड़ा

दानापुर नगर के अंतर्गत दानापुर पुलिस ने देर रात अवैध बालू खनन के खिलाफ अभियान चलाकर पांच ट्रैक्टरों को पकड़ा जिसमें चार ट्रैक्टर के चालक फरार हो गया। वही एक चालक को ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि देर रात को हाथीखाना मोड़ पर अवैध बालू खनन और ओवरलोड बालू के खिलाफ अभियान चलाया गया।पांच ट्रैक्टर ओवरलोड बालू लेकर खड़े थे। पुलिस बल को आते हुए देखकर सभी चालक भागने लगे। पुलिस बल के सहयोग से बिहटा के अमनाबाद निवासी ट्रैक्टर चालक सह मालिक लालबाबू कुमार पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर बालू के संदर्भ कोई जानकारी नहीं दिया।

चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना क्षेत्र के जेठुली में शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आर15 बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी अनुसार क्यूआरटी टीम द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें एक बाइक सवार से चेकिंग के दौरान कागजात मांगा गया। बाइक सवार द्वारा कोई कागजात नहीं दिया गया जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो दोनों ने बताया कि यह बाइक रामकृष्णा नगर से चोरी किया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों शंकर कुमार और गुड्डू कुमार श्रीराम दियारा निवासी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बिजली बिल सुधारने हेतु विशेष कैम्प लगेगा आज

फतुहा। शनिवार को फतुहा विद्युत कार्यालय में विशेष कैम्प लगाकर बिजली बिल सुधारे जाएंगे। विभाग के कनीय अभियंता बबलू कुमार ठाकुर ने बताया कि इस विशेष कैम्प में आकर उपभोक्ता बिल की किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सुधरवा सकते हैं। इस कैम्प में ऑन स्पॉट निबटारा किया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को परेशान न होना पड़े।

कौमुदी लेख-चित्रकला प्रतियोगिता आज

पटना सिटी (प्राकि)।28 अक्तूबर को शरद पूर्णिमा पर मंगल तालाब स्थित परिसर में कौमुदी महोत्सव के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि बिहार सरकार के कला, संस्कृति, युवा विभाग और पटना जिला प्रशासन के सहयोग से पाटलिपुत्र परिषद कौमुदी महोत्सव का आयोजन कर रहा है। शरद पूर्णिमा के महत्व पर स्कूली छात्रों के बीच लेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता शनिवार को किया गया है। इसका उद्घाटन पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद करेंगे एवं मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती सीता साहू उपस्थित रहेंगी। प्रतियोगिता पूर्वाह्न 9.30 में होगा। इसमें 15 स्कूलों के लगभग 200 छात्र भाग लेंगे।

पूजा पंडालों की जांच करेंगे मजिस्ट्रेट

पटना सिटी (प्राकि)। दुर्गा पूजा के अवसर पर बनाए जाने वाले या बनाए गए पंडालों की जांच कराया जाएगा। प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी और संबंधित थाना के पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से पूजा पंडालों की जांच की जायेगी। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि पूजा के दौरान निर्माण होने वाले पंडालों की ऊंचाई 40 फीट से अधिक नहीं होगी। इसके साथ ही सड़क पर पूजा पंडाल का निर्माण नहीं होगा। इसकी जांच की जाएगी। एसडीओ ने बताया कि पूजा समिति के सदस्यों से भी कहा गया है कि वे सब सड़क को घेर कर पंडाल का निर्माण नहीं करें।

लूट की योजना बनाते पांच गिरफ्तार, आर्म्स व बाइक बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना की पुलिस ने लूट की योजना बनाते पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ईस्ट संदीप सिंह ने बताया कि लोहा गोदाम के पास लूटपाट की योजना को लेकर जुटने की सूचना मिली थी। इस पर टीम के द्वारा छापेमारी की गई। इसमें सिंधुआ टोली का रहने वाला प्रिंस कुमार और चंदन कुमार के साथ तीन किशोर को गिरफ्तार किया गया है। इन सबों के पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा, दो कारतूस, एक चाकू, एक बाइक और एक स्कूटी बरामद किया गया है।

6 लाख की रंगदारी मांगने वाला पूर्व किराएदार दीना गिरफ्तार

फर्जी सिम बेचने वाला उजाला भी मोबाइल व बायोमेट्रिक स्कैनर के साथ धराया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शॉर्टकट तरीके से रुपया कमाने के लिए अपनाया गया रास्ता गड्ढे में जाकर गिरा देता है। जिसके घर में बतौर किराएदार रहा, उस मकान मालिक को कॉल कर और मैसेज भेज कर छह लाख की रंगदारी मांग डाली। मामला अगमकुआं थाना क्षेत्र के भागवत नगर कुम्हरार का है। मामला दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने रंगदारी की मांग करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही कॉल कर और मैसेज जिस मोबाइल से भेजा गया था, उसे भी जब्त कर लिया गया। सिम देने वाले व्यक्ति को भी मोबाइल एवं बायोमेट्रिक स्कैनर मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि चार अक्टूबर को सुधीर कुमार नवीन पिता स्व राम पंडित सिंह ने अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा छह लाख रुपए की रंगदारी फोन एवं मैसेज के माध्यम से मांगे जाने की बात कही। इस संबंध में कांड 972 दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले के उद्भेदन को सिटी एसपी ईस्ट संदीप सिंह ने एएसपी शरथ आरएस के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसमें अगमकुआं थाना के थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम भी शामिल था। तकनीकी अनुसंधान से रंगदारी मांगने वाले अपराधकर्मी दीना कुमार उर्फ दीनानाथ को रंगदारी मांगे जाने वाले मोबाइल एवं सिम के साथ गिरफ्तार किया गया है। रंगदारी मांगे जाने वाले, जिस कंपनी के सिम को फर्जी तरीके से दीना को बेचने वाले उजाला कुमार को मोबाइल एवं बायोमेट्रिक स्कैनर मशीन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

दीना के द्वारा शातिर तरीके से योजना बनाई गई। पुराने एवं लंबे समय से बंद पड़े मोबाइल की उसने व्यवस्था की। फर्जी सिम के लिए अपने पड़ोस में रहने वाले उजाला कुमार से संपर्क किया और एक कंपनी का सिम 500 में खरीदा। इसके बाद उसने एक सूची तैयार की और डायरी में अंकित किया, जिससे उसे रंगदारी मांगना था। उसी में से वर्ष 2020 में जिस मकान मालिक के वहां वह किराए पर था। अगमकुआं थाना क्षेत्र में रहा, उसी से रंगदारी मांगने का प्लान तैयार किया।दीना वर्ष 2019 में पटना में पढ़ने और नौकरी के लिए आया। पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण वह ऐश मौज करने के लिए रंगदारी मांगने की योजना बनाया। उजाला कुमार मोतिहारी से पटना करीब तीन साल पहले आया। वह बहादुरपुर थाना क्षेत्र में रोड किनारे छाता लगाकर सिम बेचने का काम शुरू किया। सुधीर कुमार उर्फ नवीन, जिससे रंगदारी मांगी गई, उनका अपना लाइब्रेरी, होटल और मकान है। वह छात्रों को रहने, खाने एवं पढ़ने की व्यवस्था करते हैं। उनका व्यवसाय अगमकुआं थाना क्षेत्र में ही है। गिरफ्तार दीना कांड के वादी सुधीर कुमार नवीन के मकान का पूर्व किराएदार था। इस कारण से पूर्व के मकान मालिक की गतिविधि जानता था। इसी का फायदा उठाकर उसने फर्जी सिम की व्यवस्था किया। इसके बाद कॉल एवं मैसेज के माध्यम से रंगदारी की मांग करने लगा। इसी दौरान दीना एवं फर्जी सिम बेचने वाले उजाला कुमार को बहादुरपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से दो एंड्राइड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, एक बायोमेट्रिक स्कैनर, एक छोटा डायरी और एक पैन कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार में मूल रूप से नालंदा जिला के चिकिसौरा थाना क्षेत्र के रूपसपुर का रहने वाला दीना कुमार उर्फ दीनानाथ पिता विजय प्रसाद वर्तमान में बहादुरपुर थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर बाजार समिति काली मंदिर के पास स्थित दिलीप सिंह के मकान में किराएदार के रूप में रहता है। दूसरा उजाला कुमार पिता सीताराम साह है, जो मोतिहारी जिला के गोविंदगंज थाना के सरैया पिपरा का रहने वाला है। वर्तमान में वह महावीर मंदिर गली में दीपक कुमार के मकान में किराएदार है। सिटी एसपी ईस्ट के द्वारा गठित टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुधीर कुमार परि एसआई राम सहोदर, सुष्मिता अनुपम, सिपाही संजीव कुमार, विपिन कुमार, अजीत कुमार और गृह रक्षक चालक सिपाही रणधीर कुमार शामिल थे।

राजधानी के पाटलिपुत्र मैदान में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आगामी दशहरा पूजा को देखते हुए राजधानी के पाटलिपुत्र मैदान में शहरवासियों के लिए डिज्नीलैंड मेला लगाया गया है, जिसमें अनेक तरह के झूले लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

शुक्रवार को मेला के आयोजक मनोज सिंह, जय सिंह राठौड़, मनीष कुमार उज्जैन एवं धनंजय सिंह ने बताया कि पाटलिपुत्र मैदान में लगाए गए डिज्नीलैंड मेला में शहर वासियों के लिए कई तरह के झूले लगाए गए हैं। जिसमें बिहार में पहली बार तरंग झूले के साथ-साथ रशियन, नाव झूला, टोरा टोरा, ड्रैगन, ब्रेक डांस झूला, टावर झूला और बच्चों के लिए मिकी माउस, जंपिंग, वाटर बोट, घोड़ा दौड़, बेबी टैक्सी, हेलीकॉप्टर, स्कॉर्पियो जैसे मनोरंजन के झूले लगाए गए हैं। वही मेला परिसर में खाने-पीने की भी बेहतरीन व्यवस्था की गई है। वहीं लंदन ब्रिज सबसे खास है। उन्होंने बताया कि दशहरा को देखते हुए मेला परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे एवं पुरुष एवं महिला सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की गई है ताकि मेला में आने वाले महिलाओं एवं लड़कियों को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि मेला दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा।

नमामि गंगा के रखे पाइप में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र के बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी टीवी टावर के पास आग लग गई। शुक्रवार की सुबह लगभग 11.45 बजे अगमकुआं थाना क्षेत्र के नहर के पास खुले मैदान में रखे गए प्लास्टिक पाइप में आग लग गई।

आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। लोगों ने आग की तेज लपटों को देख इसकी सूचना फायर बिग्रेड और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर कंकड़बाग और पटना सिटी से छह यूनिट आग बुझाने के लिए पहुंची। इसके बाद दूसरे स्टेशन से भी फायर यूनिट को बुलाया गया। तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका।अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि आग बुझाने के लिए 11 यूनिट को लगाया गया था। सबों के प्रयास से समय रहते आग को बुझा दिया गया। आग लगने से वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति मची हुई थी। स्थानीय लोग भी अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन आग की प्रचंड लपटों से उनकी एक नहीं चली।

लोगों तक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को पहचाने के लिए कार्यक्रम घोषित

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ने जारी किया कैलेंडर चार्ट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आठवां आयुर्वेद दिवस 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक मनाया जा रहा है। हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर कार्यक्रम का उद्घाटन 10 अक्टूबर को धन्वंतरि पूजन के साथ अगमकुआं स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस अवसर पर एक माह तक विभिन्न गतिविधियों द्वारा यथा जनसंदेश, जन भागीदारी, जन आंदोलन, जन आरोग्य और भूमि आरोग्य के माध्यम से आम जनमानस तक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को पहुंचाने की पहल की गई है। आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है एवं जीवित विरासत भी है, जो स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बीमारी की रोकथाम करने का समर्थन करती है। प्रभारी सहायक निदेशक डॉ कृष्ण कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आयुष मंत्रालय के तहत केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान ने एक माह तक चलने वाले गतिविधियों का कैलेंडर चार्ट जारी किया है। इसके अंतर्गत मेडिकल कैंप, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, औषधीय पौधों का वितरण, रन फॉर आयुर्वेद, वेबिनार, प्रतियोगिता, आयुष एक्सपो, आम लोगों के बीच आयुर्वेद से स्वास्थ्य लाभ पर जागरुकता व्याख्यान किया जा रहा है।

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय 2016 से हर साल धन्वंतरि जयंती यानी धनतेरस पर आयुर्वेद दिवस मना रहा है। पिछले तीन वर्षो से पीएमओ के द्वारा की गई गतिशील पहल के साथ, इसे भारत सरकार के कार्यक्रम के रूप में अपनाया गया है।

कुशवाहा समाज जिस दल के साथ सरकार उसी पार्टी की : जेपी वर्मा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा वर्षो से राजनीति में सक्रिय है, मगर राजनीतिक दल ने इस समाज को महत्व नहीं दिया। महासभा के अध्यक्ष जेपी वर्मा ने कहा कि यह समाज अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संगठित होकर आर पार की लड़ाई लड़ेगा।

कुशवाहा समाज भारतीय जनता पार्टी में अपने समाज का भविष्य देख रहा है। इसके लिए बिहार के 38 जिलों में कुशवाहा समाज ने आवाज बुलंद करने के लिए पटना के रविंद्र भवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। अभी हाल ही जातीय जनगणना इसको साबित कर रही है। कुशवाहा समाज को काट छांटकर राजनीतिक रूप से कमजोर किया गया है। समाज को 4.5 प्रतिशत गणना में दिखाया जा रहा है। महासभा मांग करती है कि समाज की फिर से पुनर्गणना कराई जाए। यह समाज जिसके साथ खड़ा रहता है, उसी की सरकार बनती है। वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचारी एवं अफसरशाही का बोलबाला है। नीतीश की सरकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। सभी कार्यकताओं को हाशिए पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिवपूजन सहाय कुशवाहा, अरुण मेहता, वीरेंद्र मौर्य, अजीत कुमार, सतीश मेहता, उमाकांत दांगी और सचिन मेहता मौजूद थे।

योग प्रतियोगिता का उद्घाटन, स्वस्थ रहने का माध्यम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। दसवीं बिहार राज्य योग प्रतियोगिता का उद्घाटन सुल्तानगंज स्थित निजी सामुदायिक भवन में किया गया। उद्घाटन करते हुए पूर्व विधायक सह क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष राजेश्वर राज एवं कला संस्कृति विभाग के उपनिदेशक संजय कुमार एवं राज मिल्क के निदेशक विद्या भूषण ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य योग संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार ने किया। अपने संबोधन में राजेश्वर राज ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए उपयोगी है। श्री संजय कुमार ने कहा कि योग से अनुशासन एवं स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में रवि रंजन, अंजनी व विवेकानंद भी शामिल हुए। संचालन संतोष कुमार एवं रविंद्र कुमार ने किया। योग संघ के कोषाध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें दरभंगा, बेतिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, मुजफ्फरपुर, सासाराम, मुंगेर, गया, बेगूसराय, नवादा, पटना, लखीसराय आदि जिलों के प्रतिभागी शामिल हैं।

पैतृक संपत्ती पर देवर ने किया कब्जा, विधवा महिला थाने से मांगी मदद

दानापुर। नगर के अंतर्गत चित्रकूट नगर, तकीयापर निवासी स्वर्गीय उदय कांत की पत्नी पिंकी कान्त ने लिखित शिकायत की है कि मेरे पति के मौत के बाद पैतृक संपत्ती पर देवर के द्वारा कब्जा करने के साथ घर में नहीं रहने देना पूरे संपत्ति को हड़प लेना को लेकर दानापुर थाने में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला चित्रकूट नगर, तकीयापर निवासी स्वर्गीय डॉ. उदय कांत की पत्नी पिंकी कान्त ने लिखित आवेदन में बताया है कि मेरे पति पावापुरी में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे।

2017 में उनकी कैंसर से मृत्यु हो गई। मेरे पति के जाने के बाद मुझे अनुकंपा पर नौकरी लगी और अपने बच्चों की देख रेख में कुछ व्यस्त होकर लोहानीपुर में रहने लगी, जिसकी वजह से मैं दानापुर आना जाना थोड़ा कम कर दी। इसी बीच उसके अनुपस्थिति में मेरा देवर उमाशंकर व देवरानी लाजवंती तथा नंदोसी रामनरेश राम ने मेरे कमरे का ताला तोड़ दिया तथा आलमारी का भी ताला तोड़ कर सामान निकाल लिया। जब वहाँ गई तो मुझसे लड़ाई झगड़ा कर के मुझे भगा दिया। यहां घर मेरे पति व देवर के नाम से है मगर वह सभी इस घर में प्रवेश नहीं करने दे रहे है। वहीं महिला के आवेदन मिलने के बाद स्थानीय पुलिस छानबीन व कार्रवाई में जुटी है।

पत्नी की हत्या मामले में प्रोफेसर पति को मिली आजीवन कारावास की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। पालीगंज अश्वा कॉलेज में प्रोफेसर द्वारा अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर देने के मामले में करीब 9 वर्ष बाद दानापुर न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश-7 सुभाष चंद द्विवेदी ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी सुनील कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा के साथ 25 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है। जानकारी देते हुए प्रभारी अपर लोक अभियोजक रामकेश्वर प्रसाद ने बताया कि मुद्दालय सुनील कुमार सिंह पालीगंज अश्वा कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। जो पालीगंज के रामलखन सिंह कॉलेज रोड के गली में स्थित रामानुज सिंह के मकान में किरायेदार थे। इनका मूल निवास गुलेरिया चक, टेकारी, गया है।

दिनांक 14 जुलाई 2014 को 9 बजे रात्री पालीगंज थाना पहुंचे जहां थानाध्यक्ष सुबोध कुमार को बताया कि वह अपनी पत्नी मुन्नी कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दिया है और घर में शव पड़ा हुआ है। थानाध्यक्ष ने आरोपी का बयान दर्ज करते हुए पुलिस आरक्षी निरिक्षक वशी अहमद को घटना का सत्यापन व जांच के लिए भेजा। जहां उनके पहुंचने पर शव घर में मौजूद मिला। इस मामले में सत्र वाद संख्या 80/15 एवं पालीगंज कांड संख्या 166/14 दर्ज कर अभियोजन द्वारा 8 लोगों से गवाही कराई गई। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा भारतीय दंड संहिता 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा के साथ 25 हजार रूपया अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड नही देने पर 1 वर्ष की सजा अतिरिक्त बढ़ाने की बात कही गई है।

आज बाधित रहेगी पांच फीडर की बिजली

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, गुलजारबाग के मीना बाजार विद्युत आपूर्ति केंद्र से जुड़े 11 केवी पश्चिम दरवाजा, 11 केवी चौक और सिटी फीडर की बिजली शनिवार की सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक बंद रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता लखन कुमार ने बताया कि फीडर से जुड़े मीनाबाजार, पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज, तुलसी मंडी, दादरमंडी, सुदर्शन पथ, दीवान मोहल्ला, एनबी रोड, गुजरी बाजार, सेल्स टैक्स ऑफिस, खंगर गली सहित अन्य मुहल्लों में बिजली बाधित रहेगी। दूसरी ओर गायघाट पावर सब स्टेशन के जुड़े 11 केवी राजाघाट फीडर की बिजली शनिवार की सुबह सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक और 11 केवी त्रिपोलिया फीडर दोपहर 12 बजे से 1.30 तक बंद रहेगी। कार्यपालक अभियंता मो सज्जाद अंसारी ने बताया कि दोनों फीडर से जुड़े बबुआगंज, घोष गली, कालीबाबू की गली, लोहरवा घाट, मंदिर घाट, मछुआ टोली, पीरवैश गली, पठान टोली, मठ केदारनाथ, त्रिपोलिया अस्पताल, बंगला टोला, गायघाट ऑटो स्टैंड से अशोक राजपथ, एनडीआरएफ कार्यालय सहित अन्य मुहल्ले की बिजली बाधित रहेगी।

काम के दौरान गंगा में गिरने से मजदूर की मौत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। महात्मा गांधी सेतु के समानांतर पुल के निर्माण कार्य चल रहा है। काम करने के दौरान गोपालगंज जिला के ससनुसा थाना के मकसूदपुर गांव निवासी कपिलदेव प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र साकेत कुमार की मौत गंगा नदी में गिरने से हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को गंगा में सर्च आपरेशन चलाया। डूबे मजदूर के शव को गंगा नदी से बरामद किया गया है। टीम के इंचार्ज दारोगा अशोक कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की देर शाम पाया संख्या 40 व 41 के बीच वह कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह गंगा नदी में गिर गया। सूचना मिलने पर गंगा में सर्च आपरेशन चलाया गया।

शुक्रवार को शव खोजने के बाद पोस्टमार्टम नालंदा मेडिकल कालेज में कराने के बाद सौंप दिया गया। मृतक के बड़े भाई संटू कुमार ने कहा कि एसपी सिंगला कंपनी में वह काम कर रहा था। न तो सेफ्टी बेल्ट दिया गया और न ही लाइफ जैकेट ही। काम कराने के मामले में खासा नियमों को नजरंदाज किया जाता है। पूर्व में भी काम करने वालों के घटना हुई है।

बाइक सवार बदमाशों ने रुपए, मोबाइल व सोने के अंगूठी छीनकर हुआ फरार

दानापुर। नगर के अंतर्गत गुरूवार की देर रात मार्शल बाजार से मां की जांच रिपोर्ट दिखाकर घर लौट रहे एक पूर्व सैनिक से अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पॉकेट में मौजूद रुपए, मोबाइल व सोने के अंगूठी छीनकर फरार हो गये। इस संबंध में पीड़ित आशोपुर के स्वराज नगर निवासी धीरज कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज किया है लिखित शिकायत में पीडित धीरज ने बताया कि वह आर्मी से सेवानृवित है। शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे वह अपनी स्कूटी से दानापुर मार्शल बाजार स्थित डॉक्टर से अपनी सास की इलाज की जांच रिपोर्ट दिखाकर उसरी के रास्ते घर लौट रहे थे। सरयु यादव संपर्क पथ पर पहुंचते ही बाइक सवार दो बदमाश ने रोका और गला पकड़ते हुए गोली मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। वह घबरा गये और उनके पॉकेट में रखा 1560 रुपए, मोबाइल फोन व अंगूली में पहने सोने की अंगूठी निकाल कर तेज गति से फरार हो गये। बदमाशों की इस हरकत से वह काफी घबराये हुए घर पहुंचे और 112 डायल कर वारदात की जानकारी दी।

जदयू नेता का आकस्मिक निधन

मुजफ्फरपुर।घाट प्रखंड के महमदपुर सुरा निवासी जदयू नेता नंदलाल यादव की गुरूवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। जेडीयू युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात किरण ने बताया कि वे लंबे समय से सामाजिक कल्याण हेतु संघर्ष करते आ रहे थे। वे गायघाट प्रखंड क्षेत्र में जदयू के लिए एक मजबूत स्तंभ थे। जदयू ने एक होनहार नेता को आज खो दिया।उनके निधन पर पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव, राजद नेता सुनील कुमार राय, ललित कुमार यादव, राजा राम राय, समेत विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने गहरी शोक व्यक्त किया है।

डेडबॉडी आते ही महावीर घाट मोड़ किया जाम, आगजनी

लोगों में दिखा आक्रोश, डेढ़ घंटा रहा जाम, दो नाबालिग से पूछताछ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकला थाना क्षेत्र के घसियारी गली में बुधवार की शाम पियूष उर्फ प्रिंस राज की गोली मार हत्या कर दी गई थी। शव के पीएमसीएच से पोस्टमार्टम के बाद आने पर आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने गुरुवार की शाम अशोक राज पथ को महावीर घाट के पास शव को रख जाम कर दिया। रोड पर टायर जला कर आगजनी की गई। इससे वाहनों का परिचालन ठप दोनों ओर से ठप हो गया। लोग लगातार पुलिस के खिलाफ नाराबाजी कर रहे थे। सड़क पर उतरे लोग हत्यारों की गिरफ्तारी और परिजनों की सुरक्षा की मांग कर रहे थे। पुलिस हत्या के इस मामले में दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रोड जाम का कवरेज कर रहे लोगों का फोटो और वीडियो बनाने से भी रोक रहे थे और मोबाइल छीनने की कोशिश कर निशाने पर ले रहे थे। उन मीडिया के लोगों को भी निशाना बनाने की कोशिश की गई। दरअसल घसियारी गली निवासी ऑटो चालक अशोक कुमार के बेटे पियूष का शव पीएमसीएच से पोस्टमार्टम के बाद घर आ रहा था। पहले तय हुआ कि शव घर नहीं आकर महावीर घाट से ही अंतिम संस्कार को चला जाएगा। ऐसे में परिजन और मोहल्ले के लोग महावीर घाट मोड पर पहुंच गए जैसे ही शो यहां पहुंच लोगों ने उसे सड़क पर रखकर रोड जाम कर दिया इसके बाद टायर जलाकर आवागमन को करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रखा। वे सब एक दो पुलिस को भी खदेड़ने लगे। प्रदर्शन में शामिल लोग हत्यारे दोस्तों की गिरफ्तारी, परिवार को सुरक्षा एवं आश्रितों को उचित मुआवाजा राशि दिए जाने की मांग कर रहे थे। जाम स्थल पर आलमगंज, मेहंदीगंज और खाजेकलां थाना की पुलिस पहुंची हुई थी। पुलिस के पहुंचते ही लोगों का गुस्सा और भड़क गया। पुलिस ने समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया और शाम करीब सात बजे परिजनों ने सड़क जाम हटाया। थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि दोस्तों के बीच आपसी रंजिश की वजह से हत्या हुई है। बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार हत्या गुरुवार की शाम घसियारी गली में की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के इस मामले में दो नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस जिससे पूछताछ कर रही है, उन दोनों का नाम परिजनों ने पुलिस के समक्ष लिया है। मारा गया पियूष मूलतः खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला शीशमहल मोहल्ला का निवासी था।

नौकरी को त्याग कर शिक्षा जगत में लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ने ग्रामीण क्षेत्र में अलग पहचान बनाई

प्रात :किरण संवाददाता

कैमूर। जिले के ग्राम पंचायत दादर में शिक्षा के अलख जगाने वाले लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ग्रामीण क्षेत्रों में शिशु विहार नाम के विद्यालय का संचालन करके गांव एवं पंचायत क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनाए हैं। लक्ष्मीकांत त्रिवेदी खानदानी शिक्षा जगत से जुड़े हुए परिवार के सदस्य हैं।

उनके दादा पंडित दुर्गा दत्त त्रिवेदी सोनहन मध्य विद्यालय एवं उनके पिता श्री मदन मोहन त्रिवेदी, गिरीश नारायण मिश्र महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष ने भी मान सम्मान का कार्य किया। लक्ष्मीकांत त्रिवेदी अपने जीवन काल में बताते हैं कि उन्होंने मोहनिया एचडीएफसी बैंक में सिनियर सेल्स मैनेजर का कार्य किया। उसको त्याग कर शिक्षा जगत से जुड़े। वही नहीं उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी जिला इकाई कैमूर के महासचिव पद पर कार्यरत है। लक्ष्मीकांत त्रिवेदी का स्पष्ट कहना है कि स्वालंबी बनकर अपनी एक पहचान बनाया जा सकता है। उन्होंने कमजोर वर्ग को निशुल्क शिक्षा देने एवं बेरोजगार लोगों को शिक्षा से जोड़कर रोजगार देने का कार्य किया है।

जातीय गणना का काम पूरा कराने के लिए जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जताया आभार

नीतीश कुमार के रहते अतिपिछड़ों के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता : ललन

- प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा जातीय गणना : उमेश
- जातीय गणना का मुखर विरोधी रही है भाजपा : मंडल
- जातीय गणना की महत्वता आने वाला समय बताएगा : चौधरी
- नीतीश कुमार के वजह पूरे देश में जातीय गणना चर्चा का विषय बना : संजय झा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना का चिर-प्रतिक्षित कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं साथ ही ससमय गणना के आँकड़े जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद प्रकट करने हेतु शुक्रवार को जनता दलयू द्वारा पार्टी मुख्यालय में धन्यवाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संसद राजीव रंजन सिंह ललन सिंह ने कहा कि जातीय गणना का जब निर्णय लिया गया तब भाजपा के द्वारा कई तरह के चक्रव्यूह रचे गए लेकिन नीतीश कुमार ने अभिमन्यु की तरह सारे चक्रव्यूह को तोड़ने काम किया। जातीय गणना के माध्यम से नीतीश कुमार ने न्याय के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। अतिपिछड़ा समाज नीतीश कुमार की ताकत है। जब तक नीतीश कुमार हैं अतिपिछड़ों के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आरक्षण और संविधान के भी खिलाफ हैं। नगर निकाय चुनाव के दौरान भी भारतीय जनता पार्टी ने पर्दे के पीछे से अतिपिछड़ा आरक्षण के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका किया था मगर तब मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कह दिया था कि बगैर अतिपिछड़ा आरक्षण के नगर निकाय चुनाव संपन्न नहीं किया जाएगा और अंत में अतिपिछड़ा आरक्षण के साथ ही नगर निकाय चुनाव सम्पन्न हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दृढ-इच्छाशक्ति का प्रमाण है कि भाजपा द्वारा लगाए गए अडंगे के बावजूद भी जातीय गणना का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। जातीय गणना बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारे नेता के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने जो कहा था वह ससमय करके भी दिखाया। भाजपा जातीय गणना को पूरा होने नहीं देना चाहती थी। केंद्र सरकार ने जब जातीय गणना कराने से इनकार कर दिया था तब बिहार की सरकार ने अपने संसधान से इसको पूरा करवाया। देश का महान लोकतंत्र और संविधान आज खतरे में है, देश नाजुक स्थिति में है। नीतीश कुमार ने भाजपा हटाने का संकल्प लिया है। आप सबो से आग्रह है कि भाजपा को बिहार की सभी 40 सीटों से सफाया कर श्री नीतीश कुमार के संकल्प को साकार करने में अपना अमूल्य योगदान दें। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि जातीय गणना का सीधा मतलब आरक्षण और हिस्सेदारी से। भाजपा के लोग शुरू से ही इसका मुखर विरोधी रहे है। नीतीश कुमार शुरू से ही समतामूलक समाज के पक्षधर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातीय गणना के आँकड़े देखकर घबराए हुए हैं। वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जातीय गणना कितना बड़ा ऐतिहासिक कार्य है यह आने वाला समय बताएगा। नीतीश कुमार जैसे पक्के इरादे वाला व्यक्ति अगर बिहार का मुख्यमंत्री नहीं होता तो इस कार्य को आधे पर से ही छोड़ दिया जाता। जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा कि पहले भी कुछ प्रदेशों ने जातीय गणना की लेकिन उसको प्रकाशित करने का काम नहीं किया। श्री नीतीश कुमार ने पहली बार जातीय गणना करवाई भी और ससमय उसका रिपोर्ट भी जारी किया। आज जातीय गणना की चर्चा पूरे देश में हो रही है। 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पूरे देश में जातीय गणना करवाई जायेंगे। श्री नीतीश कुमार ने देशभर में घूमकर तमाम विपक्षी दलों को एकजुट किया है। भाजपा अब इंडिया गठबंधन से बौखलाई हुई है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने जातीय गणना को मूर्त रूप देने का काम किया है। इसके लिए हम उनका कोटि कोटि आभार प्रकट करते है। मद्य निषेध मंत्री श्री सुनील कुमार ने कहा कि जातीय गणना के माध्यम से नीतीश कुमार ने पूरे देशभर में एक नजीर पेश की है जिसका अनुसरण आज पूरा देश कर रहा है। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि नीतीश कुमार शोषित और वंचित समाज को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। जब जब माननीय मुख्यमंत्री जी हमें ताकत प्रदान करते हैं तब तब भाजपा के बीच में अड़ंगा लगाने का काम करते हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने जो ऐतिहासिक कार्य को अंजाम दिया है उसे आने वाली पीढियां याद रखेगी। भाजपा को अब सत्ता जाने का डर सताने लगा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद सांसद चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, सांसद दिलेश्वर कामत, सांसद महाबली सिंह, सांसद दुलाल चन्द गोस्वामी, सांसद कविता सिंह, सांसद अजय मंडल, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी , मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा, प्रदेश प्रवक्ता भारती मेहता, प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया, पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी, पूर्व मंत्री रंजू गीता, विधायक गोपाल मंडल, मुख्यालय प्रभारी सुनील कुमार सुशील, निहोरा प्रसाद, अमरेन्द्र सिंह प्रजापति, रूदल राय, डॉ अमरदीप, शैलेन्द्र मंडल, निखिल मंडल, राहुल खंडेलवाल, छोटू सिंह, बंटी चन्द्रवँशी, शत्रुध्न पासवान, सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्तागन उपस्थित थे।

जातीय गणना करवाकर नीतीश ने नजीर पेश किया : चौधरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी देश में पहली बार 1936 के बाद जातीय आधारित गणना करवाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस देश में एक नजीर पेश करने का काम किया है। श्री चौधरी शुक्रवार को सासाराम जिला के बौलिया, शिवसागर प्रखंड में होने वाले भीम संसद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने पहुंचे। श्री चौधरी ने कहा कि हमारे संविधान में बाबासाहेब ने आरक्षण का प्रावधान किया , हमें समानता का अधिकार दिया लेकिन आजादी के 60-65 साल बाद भी इस प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण नहीं थी, हमारे नेता ने अपने कार्यकाल में पंचायती राज का चुनाव करवाया और उसमें अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ - साथ अतिपिछडा और महिलाओं को आरक्षण देकर एक नई पीढ़ी को जन्म देने का काम किया। नीतीश कुमार ने मूलमंत्र दिया कि मैं न्याय के साथ विकास करूँगा। हमारे नेता ने इस प्रदेश में महादलित विकास मिशन की स्थापना की और हजारों विकास मित्रों की नियुक्ति की और उकसा फायदा कैसा महादलित के लोगों को मिल सके उसके लिए योजना बनाने का काम किया। मंत्री अशोक चौधरी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने तो बिहार को आंध्र प्रदेश और गुजरात के बाद सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बनाया है आज भी बिहार 10.98% की दर से बिहार आगे बढ़ रहा है। जो काम कोई नहीं कर पाया वो नीतीश कुमार ने करके दिखाया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पटना के वेटनरी मैदान में 5 नम्वबर को भीम संसद का आयोजन किया है गया है। सभी लोग पूरी ताकत के साथ 5 नम्वबर को पटना पहुँचिए और संदेश दीजिये उनलोगों को कि जो व्यक्ति इस प्रदेश के दलित और वंचित वर्ग का विकास करेगा, उनके हितों की रक्षा करेगा और आने वाले समय में उनको सबल बनाएगा।वही इस प्रदेश पर राज करेगा। इस कार्यक्रम में चेनारी के पूर्व विधायक श्याम बिहारी राम, आलोक सिंह, रुबेल रविदास, प्रदेश जदयू प्रवक्ता रिंकू सिंह, अशोक पटेल, बदरी भगत, डोमन राम एवं राजू पासवान सहित जदयू के नेतागण सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

पांच दिवसीय आईपीएमओरिएंटेसन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

- किसानों को आईपीएम के महत्व के बारे में समझाने के लिए किया गया प्रेरित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत सरकार के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र पटना द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में चलाये जा रहे पाँच दिवसीय आईपीएम ओरिएंटेसन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत 9अक्टूबर को हुई थी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा पाबेल मजूमदर, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र,कोलकाता ने में प्रशिक्षुओं से उनकी प्रशिक्षण से होने वाले ज्ञानार्जन से संबंधित उनकी राय और फीडबैक ली गई । उन्होंने कृषि उत्पादों के निर्यात संवर्धन हेतु किसानों को आईपीएम के महत्व के बारे में किसानों को समझाने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी सुनील सिंह, वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान सिखायी गई सारी जानकारी को किसानों के बीच प्रचार प्रसार करने को कहा। पाँच दिवसीय आईपीएम ओरिएंटेसन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाँच दिनों के दौरान पौधा संरक्षण से संबन्धित विभिन्न विषयों पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, पटना एवं राज्य सरकार से आमंत्रित जाने माने विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिनमें मुख्यतः डा मो मोनोब्बुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक, डा अभिषेक दुबे, वैज्ञानिक, डा सोनका घोष, वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, डा एस पी सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, पटना, राजीव कुमार, सहायक निदेशक, शष्य विज्ञान एवं केंद्र के प्रभारी अधिकारी सुनील सिंह, वनस्पति संरक्षण अधिकारी, कुलदीप कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, राजेश यादव, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, संदीप कुमार द्विवेदी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी इत्यादी सम्मिलित हुये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य सरकार के कृषि विभाग के 40 प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया, जिनको प्रशिक्षण के बाद केंद्र के प्रभारी अधिकारी सुनील सिंह, वनस्पति संरक्षण अधिकारी की उपस्थिति में मुख्य अतिथि डा पाबेल मजूमदर, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, कोलकाता द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी प्रशिक्षुओं द्वारा ये आश्वासन दिया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में लौटकर आईपीएम की तकनीक का किसानों के बीच प्रचार प्रसार करेंगे ।

ऊर्जा मंत्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

ग्रामीणा विकास मंत्री श्रवण कुमार भी उद्घाटन समारोह में रहें मौजूद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को सुपौल जिला के सुपौल सदर प्रखंड कार्यालय का प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया गया। उक्त प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भवन का उद्घाटन ऊर्जा तथा योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा किया गया । राज्य सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक प्रखंडों में जहाँ उसका अपना भवन या अपनी भूमि नही है, वहाँ भूमि उपलब्ध कराते हुए प्रखंड के नये भवन का निर्माण करा रही है । इस क्रम में 101 प्रखंड कार्यालय के लिए सूचना प्रावैद्यिकी केन्द्र का निर्माण कराया जाना है तथा 187 प्रखंडों में नया भवन बनाया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वर्ष 2023-24 तक में 7 अरब 88 करोड़ 66 लाख 89 हजार रुपए स्वीकृत किये गये हैं । प्रखंड सह अंचल कार्यालय आवासीय परिसर, सुपौल के निर्माण में 19 करोड़ 45 लाख 5 हजार 321 रुपए की लागत आई है और इसका निर्माण रिकॉर्ड समय के अंदर पूर्ण कर लिया गया है । इस भवन की आधारषिला 3 मार्च, 2022 को मंत्री श्री श्रवण कुमार के द्वारा ही रखी गयी थी एवं इसका कार्य 2 सितम्बर, 2023 को पूर्ण कर लिया गया । इस भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी, अंकेक्षक, नाजिर, प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख का कार्यालय कक्ष एवं कार्यालय भूतल पर है । भवन के प्रथम तल पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी, कनीय अभियंता, कार्यक्रम पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी का कार्यालय कक्ष एवं बैंक होगा । द्वितीय तल पर समिति कक्ष एवं सभागार कक्ष तथा अतिथि निवास का प्रावधान किया गया है । कार्यालय भवन के अतिरिक्त 32 आवासीय फ्लैट भी बनाये गये हैं जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के लिए डुप्लैक्स बंगला है । साथ ही साथ इस परिसर में एक कैंटीन ब्लॉक भी बनाया गया है । मंत्री ने शुक्रवार को ही सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड के लटियाही में जीविका द्वारा आयोजित रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का शुभारंभ किया । इस मेला में कुल 13 निजी कम्पनी आई थी और इसमें 1500 बेरोजगार युवक/युवतियों ने अपना पंजीयन कराया । इसके पूर्व सुपौल जिला के बसंतपुर एवं किशनपुर प्रखंड में भी रोजगार मेला का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 900 बेरोजगारों को या रोजगार उपलब्ध कराया गया या अगले चरण के लिए उन्हें चयनित किया गया । सुपौल प्रखंड कार्यालय के उद्घाटन समारोह एवं रोजगार मेला के शुभारंभ के बाद माननीय मंत्री द्वारा सुपौल सदर प्रखंड के अमहा पंचायत अंतर्गत अमहा गांव के वार्ड नं0-1 में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, फेज-2 के तहत निर्मित गोबरधन प्लांट का उद्घाटन भी किया गया । इस प्लांट में ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को खाना पकाने हेतु लगभग 30 से 35 घरों में पाईपलाईन के द्वारा गैस की आपूर्ति की जाएगी, जो कि छढऋ गैस के मुकाबले किफायती होगी । साथ ही बायोगैस के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद भी बनेगा जो की सामान्य उर्वरक की तुलना में उच्च गुणवत्ता की होगी । उक्त सभी समारोह में सुपौल के सांसद दिलेश्ववर कामत, विधायक अनिरूद्ध प्रसाद यादव, विधायक रामविलास कामत, विधायक निरंजन कुमार मेहता, जिलाधिकारी सुपौल, पुलिस अधीक्षक, सुपौल, उप विकास आयुक्त, सुपौल, निदेशक, डीआरडीए, सुपौल, अपर समाहर्ता, सुपौल, संबंधित विकास पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका के साथ अन्य कई प्रशासनिक पदाधिकारी तथा भारी संख्या में जीविका दीदियां एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण से संबंधित संयुक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पटना। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय भारत सरकार को वर्ष 1950 से एनएसएसओ के विभिन्न दौर में वैज्ञानिक प्रतिदर्श प्रक्रिया अपना कर सामाजार्थिक आँकड़े एकत्र करने का दायित्व सौंपा गया है। पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण एक वर्ष के लिए आयोजित की जा रही है, जिसकी अवधि अगस्त, 2023 से जुलाई, 2024 है। इस सर्वेक्षण में पारिवारिक उपभोग जिसमें खाद्य सामग्री, उपभोग्य एवं सेवाएं और टिकाऊ वस्तुएं सम्मिलित हैं, से संबंधित आँकड़े एकत्र किए जाऐंगे। पारिवारिक उपभोग के अंतर्गत, खाद्य सामग्री, उपभोग्य एवं सेवाएं तथा टिकाऊ वस्तुओं से संबंधित प्रश्नावली तैयार किया गया है जिसमें विस्तत सूचना एकत्रित किया जाना है। सर्वेक्षण में एकत्रित सूचना भारत के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में विभिन्न उपभोग समूहो के बजट के अंश का संकलन मुख्यतः भारण आरेख तैयार करने में किया जाएगा। इन सांख्यिकी सूचनाओं की आवश्यकता नीति निर्धारण एवं निर्णय लेने में सरकारी एवं गैर-सरकरी संस्थाओं में विभिन्न स्तरों पर होती है। परिणामों का उपयोग विभिन्न शोधकत्ताओं तथा नीति निर्धारकों द्वारा किया जाता है। संयुक्त पुनश्चर्या क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का संचालन एन संगीता, उप महानिदेशक, राप्रसका (क्षेसंप्र), पटना की अध्यक्षता में शुक्रवार को पटना में किया गया। स्वागत संबोधन सुधीर कुमार झा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया गया। परिमल, उप निदेशक एवं अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक, पटना एवं रौशन लाल मीणा, उप निदेशक, राँची ने भी इस शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय, पटना एवं राँची के अर्न्तगत उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया, भागलपुर, धनबाद, दुमका, हजारीबाग, जमशेदपुर एवं डाल्टेनगंज से आये हुये लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उप महानिदेशक महोदया ने अपने संबोधन में उक्त आँकड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये आँकड़े अपभोक्ता मूल्य सूचकांक, निर्माण के अलावा रहन-सहन के स्तर, सामाजिक उपभोग एवं समृद्धि एवं असमानता सहित अन्य सांख्यिकी सूचकांक तैयार करने में प्रयुक्त होते है।सरकार के नीति निर्माण एव योजनाओं को तैयार करने में ये आँकड़े अत्यन्त महत्वपूर्ण इनपुट प्रदान करते है।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत के 111 वें स्थान पर पहुंचना चिंतनीय : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में भुखमरी बढ़ी है। मोदी सरकार गरीबी को नहीं गरीबों को समाप्त करने में लगी हूयी है। 12 अक्टूबर को जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स- 2023) के मुताबिक भारत दुनियाँ के 125 देशों में 111वें स्थान पर है। भारत का स्कोर 28.7ः फीसदी है जो इसे ऐसी कैटेगरी में लाता है जहां भूख और भुखमरी की स्थिति अति गंभीर और चिंताजनक है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि 2013 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 63वें स्थान पर था। मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के चलते भारत भुखमरी सूचकांक में 10 वर्षों में 63वें स्थान से फिसलकर 111वें स्थान पर आ गया है। यह काफी चिंता का विषय है। मोदी सरकार की कारपोरेट परस्ती नीतियों के कारण पूंजीपतियों की संपत्ति में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है तो गरीबों को दो जून की रोटी मिलना मुश्किल हो गया है। इस नौ वर्षों के भाजपा के कार्यकाल में अंबानी-अडानी की संपत्ति बढ़ी है तो भारत ग्लोबल हंगर इंडेक्स 63 वें स्थान से 111 वें स्थान पर पहुंच गया है। अब केंद्र की मोदी सरकार अदतन रिपोर्ट और सूचकांक को समझने एवं स्वीकार कर नीतियों में सुधार करने की बजाय इसे झूठा और त्रुटिपूर्ण बताएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक

पटना। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेशार्नुसार विधिक सेवा शिविर का आयोजन 04 नवंबर को सुनिश्चित है, जिसकी सफलता हेतु शुक्रवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पटना की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमे वरीय उप समाहर्ता, पटना, श्रम अधीक्षक, पटना, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण ईकाई, पटना, एनजीओ के प्रतिनिधि, पैनल अधिवक्तागण एवं पारा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। बैठक में विधिक सेवा शिविर का आयोजन की सफलता हेतु प्रचार प्रसार, जागरूकता एवं सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया। 04 नवंबर को होने वाले विधिक सेवा शिविर की सफलता हेतु एनजीओ, पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक की टीम भी गठित की गई जो 13 अक्टूबर से 01 नवंबर बस्ती में रहने वाले लोगो को जागरूक करेंगे। विधिक सेवा शिविर में विभिन्न विभागों के कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अलग अलग स्टॉल भी लगाया जाएगा।

किसी भी चुनाव में जदयू का खाता नहीं खुलने वाला : भाजपा

पटना।भरतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व विधान पार्षद डॉ. रणबीर नंदन एव प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ,जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर खूब बरसे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि ललन सिंह जी की भाषा मर्यादित कभी नहीं रही है । ललन सिंह ने खुद को पूरी तरह राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता मान लिया है और उसी के अनुरूप आचरण कर रहे हैं। वे जदयू और नीतीश कुमार को पूरी तरह बरबाद करने के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि ललन सिंह ने खुद कितने घाट का पानी पिया है, यह पूरा बिहार जानता है। लालू यादव के खिलाफ थे तो जदयू में रहते हुए चारा घोटाला के सबूत कोर्ट तक पहुंचाए। बाद में जब जदयू में नीतीश कुमार से ठन गई तो ऑपरेशन करने की बात करने लगे। अब भाजपा के खिलाफ हैं तो लालू यादव के घर चक्कर लगाकर नीतीश कुमार को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। लालू यादव और ललन सिंह दोनों अलग अलग पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। लेकिन लालू यादव से अनौपचारिक रूप से मिलने ललन सिंह उनके घर पहुंच जाते हैं। डॉ. नंदन ने कहा कि ललन सिंह कहते थे कि जदयू को राष्ट्रीय पार्टी बनाएंगे। जबकि हकीकत यह है कि जदयू बिहार में ही तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी है और आने वाले किसी भी चुनाव में जदयू का खाता नहीं खुलने वाला है। इसके लिए बहुत दूर जाने की जरुरत नहीं है, 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद के उपचुनाव में जदयू को कोई जीत नहीं मिली है। ललन सिंह जैसे नेताओं ने नीतीश कुमार को ट्रैप कर लिया है और जदयू को कब्र तक ले जाने के लालू यादव के एजेंडे को पूरा करने में लगे हैं। दोनों नेताओं ने आगे कहा कि भाजपा से टकराने की उनकी राजनीतिक औकात के बारे में हर कोई जानता है। भाजपा खिलाफ थी तो मुंगेर से एक लाख 10 हजार वोट से ललन सिंह लोकसभा चुनाव हारे थे और भाजपा के साथ जदयू का गठबंधन था तो 1 लाख 68 हजार वोट से जीते थे। ललन सिंह अपनी ही सीट पर भाजपा के महत्व का आंकलन कर लें। पूरे बिहार और पूरे देश का आंकलन ललन सिंह के वश की बात नहीं है।

डीएम ने लोक प्राधिकार के विरूद्ध लगाया 5 हजार रुपये का दंड

डीएम ने लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के 16 मामलों की सुनवाई एवं समाधान किया

- शिकायत निवारण नियमावली का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत द्वितीय अपील में तथा बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 के तहत प्रथम अपील में शिकायतों की सुनवाई की और उसका निवारण किया। लोक शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने के आरोप में एक लोक प्राधिकार के विरूद्ध 5,000 रूपया का अर्थदंड लगाया। डीएम डॉ. सिंह ने शुक्रवार को लोक शिकायत एवं सेवा शिकायत के कुल 16 मामलों की सुनवाई की। 11 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया तथा पाँच मामलो में अंतरिम आदेश पारित किया गया। एक मामले में लोक शिकायत निवारण में अरूचि एवं संवेदनहीनता के आरोप में अंचल अधिकारी पंडारक के विरूद्ध 5,000 रुपये का दंड लगाया गया। दरअसल अपीलार्थी शिवानंद शर्मा, ग्राम पोस्ट- रैली, थाना-एनटीपीसी बाढ़, प्रखंड-पंडारक, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया था। अपीलार्थी की शिकायत भूमि बंदोबस्ती से संबंधित है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि परिवादी की शिकायत के तीनों बिन्दुओं पर लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पंडारक द्वारा उदासीन रवैया दिखाया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा प्रतिवेदन भी भ्रामक एवं अस्पष्ट दिया गया है। आदेश के बावजूद अंचल अधिकारी, पंडारक द्वारा प्रश्नगत भूमि को पूर्णतः अतिक्रमणमुक्त नहीं किया गया है। अभी भी वहाँ झुग्गी-झोपड़ी, पशु शेड एवं अन्य अस्थायी अतिक्रमण है। परिवादी का कहना है कि ग्रामीण सड़क के दोनों ओर लगभग 60 व्यक्तियों द्वारा गैरमजरूआ जमीन का अतिक्रमण किया गया है। अंचलाधिकारी द्वारा सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीनों की सूची भी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। साथ ही बंदोबस्ती हेतु जमीन कहाँ चिन्हित की गयी है ये भी स्पष्ट नहीं किया गया है। आवेदक द्वारा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बाढ़ में दिनांक 19 अप्रैल को ही परिवाद दायर किया गया था। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पंडारक द्वारा लगभग छः महीना में भी आवेदक के परिवाद के निवारण हेतु कोई ईमानदार एवं सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। उनके द्वारा पात्र भूमिहीनों की सूची भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। डीएम ने कहा कि अभिलेखों एवं प्रतिवेदन के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि अंचल अधिकारी द्वारा मामले में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी अधिकारी का यह व्यवहार लोक शिकायत निवारण की मूल भावना के प्रतिकूल है। लोक प्राधिकार की इस कार्यशैली से आवेदक की समस्या का इतने दिनों में भी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यह उनकी स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी द्वारा इन आरोपों के कारण लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, पंडारक के विरूद्ध 5,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही एक महीना के अंदर तीनों बिंदुओं पर परिवादी के शिकायत का विधि-सम्मत निवारण करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 17 नवंबर को स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि लोक शिकायतों एवं सेवा शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 एवं बिहार सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली, 2019 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

रक्सौल से आनंद विहार के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

पटना। छठ पूजा के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा सहरसा से अम्बाला कैंट तथा रक्सौल से आनंद विहार के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 05577/05578 सहरसा-अंबाला कैंट-सहरसा स्पेशलः गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-अंबाला कैंट स्पेशल 24 नवबंर से 08 दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को सहरसा से 19.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन शनिवार को 23.15 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 05578 अंबाला कैंट-सहरसा स्पेशल 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक प्रत्येक रविवार को अंबाला कैंट से 03.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सोमवार को 09.45 बजे सहरसा पहुँचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोर

संक्षिप्त खबरें

दो अभियुक्त गिरफ्तार गए जेल

दरभंगा । विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बालू घाट मुहल्ला से दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त बातों की जानकारी विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष मदन प्रसाद में देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बालू घाट मुहल्ला निवासी श्याम यादव के पुत्र भोला यादव एवं शंकर शर्मा के पुत्र श्याम यादव है जिस पर विश्वविद्यालय थाना कांड संख्या 325/23 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

एमएसयू के सदस्यता अभियान में जुड़े सैकड़ो छात्र-छात्राएं

दरभगा । मिथिला स्टूडेंट यूनियन के सीएम आर्ट्स कॉलेज अध्यक्ष रजत रंजन के नेतृत्व में शुक्रवार को सदस्यता अभियान सीएम कॉलेज परिसर में चलाया गया जिसमे एमएसयू के वरिष्ठ छात्र नेता अमन सक्सेना व अभिषेक कुमार झा ने छात्रों के बीच अपने विचार रखते हुए लगभग 200 छात्रों को संगठन का सदस्यता ग्रहण करवाया इस बाबत छात्र नेताओं ने कहा की एक तरफ 75% क्लास रेगुलर कर दिया गया हैं वही दूसरी तरफ छात्रों के लिए किसी भी तरह का सुविधा किसी भी कॉलेज में उपलब्ध नहीं हैं । इस अभियान में शिवम साहिब अतलत अभिषेक राजाबाबू पिंटू अंकित सत्यम मो. तौहीद चन्दन राहुल निशु संदीप मनीष विकाश गुप्ता गौसिया परवीण दिपक सत्यम नीतीश रजनीश चंदन झा अनीशा शीतल जूही साह गुंजा कुमारी समेत सैकड़ो छात्रों ने संगठन का सदस्यता ग्रहण किया

ई-किसान भवन में हसनपुर व बिथान के कृषि कर्मियों की बैठक

हसनपुर प्रखंड के ई-किसान भवन में हसनपुर व बिथान के कृषि कर्मियों की बैठक अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुष्मिता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि की भौतिक सत्यापन एवं ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई के लक्ष्य को शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। रबी फसलों के बीच बीज वितरण की तैयारी की समीक्षा भी की गई। जिसमें हसनपुर एवं विथान के लक्ष्य 15 अक्टूबर तक प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसमें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुष्मिता, सुभाष चंद्र झा उर्फ विदुर जी झा, इंद्र कुमार झा, सुनील कुमार, राजीव कुमार, अमित कुमार, प्रहलाद कुमार, दिनेश साह, देव कुमार, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद थे।

भाजपा नें रथ यात्रा निकालकर किया मिट्टी संग्रह

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन उत्तरी भाजपा मंडल में गुरुवार को जितवारपुर कुम्हिरा, नौआचक, बथुआ बुजुर्ग एवं बखरी बुजुर्ग स्थित शक्ति केंद्रों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रथ यात्रा निकल गई। इस दौरान बखरी बुजुर्ग में सेवानिवृत्त सैनिक सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं नौआचक में सेवानिवृत सैनिक जवाहरलाल झा को सम्मानित किया गया। इस रथ यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह राठौर, मंडल महामंत्री मंटू चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश कुमार, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद चौरसिया, दिनेश राय, राम नरेश राय, अनिकेत कुमार, राकेश कुमार गिरि, कीर्ति राज, मिथिलेश कुमार, रुपेश चौधरी आदि ने योगदान दिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विद्यालय इकाई गठित

सरायरंजन प्रखंड के राजकीयकृत महंत राम रक्षा उच्च माध्यमिक विद्यालय नरघोघी में शुक्रवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् का इकाई गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर मंत्री विजय कुमार चौरसिया ने संगठन के इतिहास, आयाम एवं गतिविधियों के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अनुराग आनंद ने छात्रों को सभी दायित्व के बारे में जानकारी दी। सभी के दायित्वों की घोषणा प्रो. विजय कुमार ने की। मौके पर अध्यक्ष- प्रियंका कुमारी उपाध्यक्ष- अनुराधा कुमारी, प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी मंत्री- उजाला कुमारी सह मंत्री- लक्ष्मी कुमारी, अनुभव झा, खेल मंत्री- माला कुमारी, सह खेल मंत्री- संगम झा, संगीता कुमारी छात्रा प्रमुख- चाँदनी कुमारी सह छात्रा प्रमुख- प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, कार्यक्रम प्रमुख- रोहनी कुमारी, कार्यकारी सदस्य- ऋतु कुमारी, कांती कुमारी, मुस्कान कुमारी, संजना कुमारी, खुशी कुमारी, स्वर्णा रानी, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार, प्रीतम कुमार, गायत्री कुमारी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा : जिला परिषद दरभंगा के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता सह वरीय प्रभारी आपदा प्रबंधन राजेश झा राजा, उप निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी आलोक राज एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर *सुरक्षित ग्रामः विशेषताएं और हमारी भूमिका* विषय पर आयोजित उन्मूखीकरण सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा कब आएगी, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, आपदा अचानक आती है, इसकी पूर्व तैयारी रखने पर आपदा के समय उसका प्रभाव कम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ आपदायँ नियमित रुप से आती है, जैसे बाढ़ सुखाड़ की आपदा इसकी तैयारी सरकार एवं जिला प्रशासन के स्तर से पूर्व से की जाती है, जिसके कारण बाढ़ के समय होने वाली जान माल की क्षति को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि अब मौसम जनित आपदा भी आ रही है, विगत वर्ष सुखाड़ की समस्या आयी थी। किसानों को काफी कठिनाइयों झेलनी पड़ी, अब जल संकट हो रहा है, इस तरह मौसम जनित आपदा भी अब आ रही है। उन्होंने कहा कि अब अमूमन भूकंपरोधी मकान बनवाए जा रहे हैं, यह भी एक तरह से आपदा की जोखिम को न्यून करने की दिशा में एक कदम है। हर पंचायत की भौगोलिक स्थिति अलग होती है, इसलिए संभावित आपदा भी अलग होगी, उसे चिन्हित करना होगा और उसी के अनुरूप पूर्व तैयारी रखनी होगी। एसडीआरएफ द्वारा प्रशिक्षित आपदा मित्र सभी पंचायत को उपलब्ध कराया गया है, उनके माध्यम से और भी लोगों को आपदा बचाव से संबंधित प्रशिक्षण दिलवाया जा सकता है। बिहार सरकार का संकल्प है कि राज्य के संसाधन पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है और इसके लिए सरकार आपदा के समय संवेदनशील व तत्पर रहती है, जिसके परिणाम है कि आपदा प्रभावित परिवार को अतिशीघ्र मुआवजा एवं अन्य देय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने सभी मुखिया जी एवं पंचायत सचिव को कहा कि आप अपने क्षेत्र को अच्छी तरह से समझते हैं, तदनुसार तैयारी रखें। कौन सा संसाधन कहाँ से मिलेगा इसकी पूरी जानकारी संकलित रखें, ताकि आपदा के समय काम आ सके और कम समय में आपदा से निपटा जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता सह वरीय प्रभारी आपदा प्रबंधन राजेश झा राजा ने आपदा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आपदा कई प्रकार के होते हैं। प्राकृतिक आपदा में बाढ़, सुखाड़ एवं भूकम्प इत्यादि है, बाढ़ की तैयारी प्रशासन पूर्व से रखती है, इसी प्रकार ग्राम पंचायत को भी पूर्व तैयारी रखनी होगी। उन्होंने बक्सर रेल दुर्घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि आपदा सूचना देकर नहीं आती है, अचानक आती है। उन्होंने कहा कि आपदा के प्रभाव को हम कम कर सकते हैं तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के लिए अलग-अलग गाइडलाइन दिए गए हैं और इसी गाइडलाइन के आधार पर हम संसाधनों को एकत्रित रखते हैं, जिनमें मानव संसाधन एवं यांत्रिक संसाधन शामिल हैं और ये संसाधन आपदा के समय कहाँ से प्राप्त होंगे, जिला आपदा प्रबंधन द्वारा चिन्हित किया गया है, और इसे ऑनलाइन भी किया गया है,जिसे आप देख सकते हैं। यांत्रिक संसाधन में जेसीबी हो सकता है, रोलर, ट्रैक्टर एवं एंबुलेंस भी हो सकता है। आपदा के समय इन सभी की आवश्यकता पड़ती है, इस प्रकार जितने भी वांछित संसाधन है जिनकी आवश्यकता आपदा के समय पड़ती है उसे चिन्हित करके रखना आवश्यक होता है। इससे आपदा के समय आपदा के प्रभाव कम करने में सुविधा होती है। बिहार सरकार बाढ़ पूर्व तैयारी रखती है, मई माह से ही वांछित सामग्री एवं संसाधनों की तैयारी कर ली जाती है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी आपदा ने कहा कि पंचायत के विकास के सूचकांक में आपदा से संबंधित भी 17 प्रश्न शामिल है। अब पंचायत की रैंकिंग उनके सूचकांक पर की जाएगी, जो ऑनलाइन प्रक्रिया है। इसलिए पंचायतों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भी तैयारी रखनी होगी, उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में भी कार्य करने होंगे। इस अवसर पर बिहार सेवा समिति के श्याम किशोर सिंह प्रमंडलीय जनसंपर्क उपनिदेशक नागेंद्र गुप्ता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बिरौल, बहादुरपुर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे

मीडिया संस्थान पर हमला के खिलाफ भाकपा(माले) का राष्ट्रव्यापी प्रतिवाद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा विगत 3 अक्टूबर को मीडिया संस्थान न्यूज क्लिक के दफ्तर सहित उससे जुड़े कई प्रतिष्ठित पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस ने अचानक छापा मारा तथा संस्थान के संस्थापक प्रवीर पुरकायस्था, प्रशासनिक अधिकारी अमित चक्रवर्ती; पत्रकार उर्मिलेश, भाषा सिंह, अभिसार शर्मा सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया. बाकि लोगों को तो पूछताछ के बाद देर शाम छोड़ दिया गया लेकिन प्रवीर पुरकायस्था और अमित चक्रवर्ती को जेल भेजने के खिलाफ भाकपा(माले) के राष्ट्र व्यापी आवाहन पर आज दरभंगा में लहेरियासराय में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च कमिश्नरी से निकलकर लहेरियासराय टावर पर जाकर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता माले नेता देवेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा की यह छापा ह्यद न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के आधार पर मारा गया, जिसमें पुलिस ने न्यूजक्लिक पर चीन से पैसा लेने का आरोप लगाया है. पत्रकारों पर कई प्रकार के बेबुनियाद आरोप लगाते हुए यूएपीए तक की धारा लगा दी गई है। श्री यादव ने कहा की मोदी शासन में भारत में प्रेस की आजादी का ग्राफ लगातार नीचे ही गिरता जा रहा है. हालत आजाद भारत ने कभी नहीं देखी थी। वही इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद ने कहा की मोदी सरकार अब सोशल मीडिया की आजादी को भी नियंत्रित करने के प्रयास में है। इस अवसर पर पप्पू पासवान, मोहम्मद जमालुद्दीन, शिवन यादव, अवधेश सिंह, कामेश्वर पासवान, उमेश साह, धनराज साह, रंजन प्रसाद सिंह, रंजित राम, शिव चंद्र पासवान, शनिचर पासवान, अरविंद कुमार, विक्की राम, मोहम्मद मोजीम,विजय कुमार यादव, प्रिंस राज सहित कई लोग शामिल थे।

15 अक्टूबर रविवार को कलशस्थापन के साथ नवरात्रा प्रारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान डॉ रहमान चौक,सहरसा के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा के अनुसार इस वर्ष आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 15 अक्टूबर से है, और इसी तिथि से शक्ति की साधना और आराधना शुरू हो जाएगी,शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से 24 अक्तूबर तक रहेगी, जिसमें नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है और अंतिम दिन विसर्जन होता है, इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पूरे 10 दिनों तक रहेगी, नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापन करते हुए मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आराधना होगी,तथा 21अक्टूबर को महासप्तमी 22 को महाअष्टमी,23 को महानवमी,24 को विजयादशमी हैं,इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर देवी दुर्गा का पृथ्वी पर आगमन हाथी की सवारी के साथ होगा, एवं गमन चरणायुध यानकारी विकला (मुर्गा) पर होगा! नवरात्रि पर दुर्गा उपासना, पूजा,उपवास और मंत्रों के जाप का विशेष महत्व होता है, साथ हीं दुर्गा सप्तसती का एक अध्याय हीं सही,आरती, एवं देवी क्षमा प्रार्थना हर घर में होना चाहिए! ज्योतिषाचार्य प तरुण झा जी बताते है कि कलौ चंडी महेश्वरो इस कलयुग मे देवी (चंडी)और महादेव कि उपासना हमेशा कल्याणकारी होंगी! इस बार रविवार को मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब रविवार और सोमवार से नवरात्रि प्रारंभ होती है, तो देवी का वाहन हाथी होता है, माता के हाथी पर सवार होने का मतलब है सुख सम्पन्नता बढ़ेगी,वर्षा की सम्भावना बढ़ेगी,साथ ही कई मायनों में शुभ होगा, रोग, शोक दूर होता हैं, सभी दृष्टिकोण से फलदाई होता हैं, लेकिन चरणायुध यानकरी विकला (मुर्गा)के गमन के कारण विकलता का द्योतक है! मिथिला विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार 15 अक्टूबर को देवी आराधना की पूजा और कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह सूर्योदय 06.16 के बाद 08.30 सुबह तक अति शुभ मुहूर्त माहेंद्र योग है,उसके बाद 10.36 तक शुभ मुहूर्त है उसके बाद 1.27 दोपहर के बाद ही कलश स्थापन करें !

शराब धंधेबाज को पकड़ने गये पैंथर टीम से असमाजिक तत्वों ने किया मारपीट

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर सीमावर्ती इलाकों में शराब धंधेबाजों असमाजिक तत्वो का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि पुलिस पार्टी पर भी हमला करने से परहेज नही बरतते। गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के अधार पर युनियन टोल से आगे उछाल में शराब कारोबारी को पकड़ने गई पुलिस पैथर मोबाइल टीम के चंदन कुमार को कुछ असमाजिक तत्व व शराब धंधेबाजों घेर लिया। तथा उसके साथ झड़प करते हुये मारपीट किया। तबतक अन्य पैथर टीम व पुलिस मौके पर पहुंचे जिसे देखकर दर्जन भर से अधिक धंधेबाज फरार हो गये। जिससे पैथर पुलिस चंदन की जान बची। इस मामले में पुलिस ने मौके से दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। एवं पैंथर के चंदन कुमार के बयान पर पांच लोगों पर नामजाद केस किया गया है। बता दें कि इनदिनों बॉर्डर इलाके शराब धंधेबाजों का सेफ जोन बन गया है। धड़ल्ले से कारोबार फल फूल रहा है। पुलिस सुत्रो की माने तो बॉर्डर इलाके के इस अनुमंडल स्तरीय थाने में पुलिस पदाधिकारी व बल के स्थेंट में भारी कमी के कारण धंधेबाजी चरम पर है। दो वर्ष पुर्व 22 से अधिक पुलिस पदाधिकारी तैनात थे। अब काफी कम है जो पदाधिकारी सेवानिवृत्त हुये तथा स्थानांतरित हुये उसके जगह पदाधिकारी का पदस्थापन नही हो सका। जिससे भी इलाके में अपराधिक ग्राफ व शराब धंधेबाजी बढ़ा है। इस मामले मे डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह शराब कारोबारी के सुचना पर गये पैंथर पुलिस के जवान चंदन कुमार को घात लगाये अपराधियों ने घेर लिया। तथा उसके साथ मारपीट किया। इस मामले में दो लोग हिरासत में है। घटना करने वाले अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है। कि वह शराब माफियाओं गैंग के है या अन्य अपराधिक गैंग के सभी तरीका से जांच किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मिडिया में अफवाह पुर्ण न्यूज करने वाले पर कारवाई की बात बतायी।

पूजा में अशांति फैलाने वाले पर होगी कड़ी कर्रवाई : थानाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा प्रखंड संवाददाता आगामी दुगार्पूजा पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर शुक्रवार को नगर पंचायत भरवाड़ा के गुदरी बाजार में शांति समिति की बैठक बीडीओ अमरेंद्र पंडित के अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित करतें हुए थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने लोगो से शांतिपूर्वक ढंग से पूजा करने का निर्देश दिया वही उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा की यह पर्व अमन चैन के साथ भाईचारगी को कायम रखने का है। वही उन्होंने कहा की पूजा पंडालों में पूजा समिति को सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। वही उन्होंने कहा की पूजा पंडालों में सादे लिबास में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा यातायात को लेकर भी जगह जगह पुलिसबल की तैनाती रहेगी। जुलूस में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित रूट से ही जुलुश निकले इसके लिए पूजा कमिटी पहले से बैठक कर ले। वही अफवाह फैलाने वाले आस्माजिक तत्वों पर कड़ी करवाई की जाएगी। जगह जगह नशेड़ियों पर करवाई करने के लिए पुलिस बल ब्रेथ एनलाइजर मशीन लेकर रहेंगे वही सीओ गौतम कुमार ने कहा की पर्व के दौरान हुरदंग फैलाने वाले की सूचना ग्रामीण तत्काल थानेदार को दे अशांति फैलाने वाले आस्माजिक तत्वों की चिन्हित किया जा रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विद्यालय इकाई गठित

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के राजकीयकृत महंत राम रक्षा उच्च माध्यमिक विद्यालय नरघोघी में शुक्रवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् का इकाई गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर मंत्री विजय कुमार चौरसिया ने संगठन के इतिहास, आयाम एवं गतिविधियों के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अनुराग आनंद ने छात्रों को सभी दायित्व के बारे में जानकारी दी। सभी के दायित्वों की घोषणा प्रो. विजय कुमार ने की। मौके पर अध्यक्ष- प्रियंका कुमारी उपाध्यक्ष- अनुराधा कुमारी, प्रिया कुमारी, पूजा कुमारी मंत्री- उजाला कुमारी सह मंत्री- लक्ष्मी कुमारी, अनुभव झा, खेल मंत्री- माला कुमारी, सह खेल मंत्री- संगम झा, संगीता कुमारी छात्रा प्रमुख- चाँदनी कुमारी सह छात्रा प्रमुख- प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, कार्यक्रम प्रमुख- रोहनी कुमारी, कार्यकारी सदस्य- ऋतु कुमारी, कांती कुमारी, मुस्कान कुमारी, संजना कुमारी, खुशी कुमारी, स्वर्णा रानी, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार, प्रीतम कुमार, गायत्री कुमारी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस का आयोजन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी स्थित पंचायत सरकार भवन पर मानव विकास संस्थान खैरी और हाइफर के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए मानव विकास संस्थान खैरी के परियोजना समन्वयक साजन कुमार ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पहली बार साल 1989 में मनाया गया था, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आपदा न्यूनीकरण और जोखिम-जागरूकता की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक दिन का आह्वान किया था। साल 2015 में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर संयुक्त राष्ट्र के तीसरे विश्व सम्मेलन में, जो सेंडाई में आयोजित किया गया था, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समुदाय को याद दिलाया गया था कि आपदाएं स्थानीय स्तर पर सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती हैं। जीवन की हानि और सामाजिक और आर्थिक उथल-पुथल का कारण बनती आपदा मानवीय पीड़ा में मानव विकास संस्थान एक दशक से आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर कार्य करती आ रही है। इस कार्यक्रम में पीएमसी मेंबर समूह की मेंबर, मानव विकास संस्थान खैरी के कार्यकर्ता, और मुख्य हितभागियों ने भाग लिया। आपदा जोखिम का मुख्य कारण समाज में विभिन्न वर्गों के बीच व्याप्त नाजुकता है। यह नाजुकता समाज में व्याप्त असमानता के कारण है। मंडल सचिव ने सुनील कुमार जोर देते कहा कि समाज में व्याप्त असमानता के कारण गरीब और पिछड़ा वर्ग समुदाय अपने क्षमता को बढ़ाने में असक्षम होता है। क्षमता के अभाव में यह वर्ग किसी भी आपदा के प्रभाव को ज्यादा झेलता है। आर्थिक असमानता के कारण गरीब वर्ग आपदा रोधी मकान बनाने में असक्षम होता है। ठनका, लू और ठंड के दिनों में मजदूर वर्ग ज्यादा चरम मौसम के कुप्रभावों को झेलता है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया की असमानता दिखाता है।

शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में फैल रहा है देह व्यापार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी तेजी से फैल रहा है देह व्यापार का धंधा।शहरी इलाकों के दर्जनों रेस्ट हाउस में नेपाल और बंगाल से दर्जनों खूबसूरत लड़कियां लाई जाती है जिसे खुद की अथवा परिजनों के इलाज के नाम पर रखी जाती है।इस अनैतिक कार्यों में लिप्त दलालों के द्वारा पहले ग्राहकों से मोबाइल पर संपर्क किया जाता है।फिर दलाल के एक एक कर दर्जनों खूबसूरत लड़कियों की फोटो भेजी जाती है।फोटो में पसंद किए गए लड़कियों का रेट लगाया जाता है।मोलभाव होने पर ग्राहकों को उक्त रेस्ट हाउस के कमरा नम्बर बताया जाता है।जहां ग्राहकों को कमरे के अंदर पहुँचने पर दलाल द्वारा निर्धारित पैसे मांगे जाते हैं पैसे की अदायगी के बाद उसे उस कमरे में ले जाया जाता है जहां धंधे में लिप्त लड़कियां सज संवर कर बैठी रहती है।पहले से फोटो में पसंदीदा लड़की से पहचान कराई जाती है।फिर ग्राहक को उस लड़की के साथ दूसरे कमरे में देह की भूख मिटाने के लिए छोड़ दिया जाता है।एक घंटे बाद बाहर निकलने पर ग्राहक का मोबाइल लेकर दलाल उसमें से एक एक कर सभी फोटो को डिलीट कर देता है ताकि ग्राहक के द्वारा फोटो को बाजार में प्रचार प्रसार नहीं किया जाय।जिस्मफरोशी के इस धधे में लिप्त होटल संचालक दलाल और ग्राहकों के बीच कई प्रकार के कोड भाषा का प्रयोग किया जाता है ताकि अगल बगल सुन रहे लोगों को इसका राज पता नहीं चल सके।विश्वस्त सूत्रों की माने तो देह व्यापार का यह धंधा शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके लहेरियासराय,अललपट्टी,बेंता, मिजार्पुर,दिल्लीमोर आदि जगहों पर लगभग एक दर्जन से अधिक रेस्ट हाउस में धरल्ले से चल रहा है।देह व्यापार में लिप्त कई महिलाएं एवं लड़कियां लहेरियासराय टॉवर पर तो पूरे दिन ग्राहकों के तलाश में भटकती रहती है।हालांकि यहां ग्राहक मिलने के और सौदेबाजी तय होने के बाद तुरंत रिक्सा में बैठकर रेस्टहाउस चली जाती है।लहेरियासराय टॉवर चौक पर एक फल बिक्रेता ने बताया कि पूरे दिन के साथ साथ रात्रि 10 बजे तक कई महिलाओं का जमाबड़ा रहता है जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण इलाकों से भी धंधा करने आती है।पूर्व सदर एसडीपीओ दिलनवाज अहमद ने लहेरियासराय थाना क्षेत्र में एक बड़े देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया था तब कम उम्र की मासूम बच्ची के साथ साथ कई लड़कियों एवं महिलाओं की गिरफ्तारी की गई थी।

सदर अस्पताल में इलाज के नाम पर कर्मी ने मरीज से ऐंठ लिए तीन सौ रुपए

रसीद मांगने पर धक्का मारकर भगाया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर सदर अस्पताल में एक स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा इलाज के नाम पर एक मरीज से रुपए लेने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं मरीज के द्वारा जब इलाज के नाम पर दिए गए रुपए को लेकर बिल की मांग की गई तो उसे धक्के मारकर अस्पताल से भगा दिया गया। घटना के सम्बन्ध में उजियारपुर थाना क्षेत्र के प्रेम ब्रहंडा गांव निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उनकी मां फुलपरी देवी को चोट लग गई थी। जिसके बाद वह गुरुवार को अपनी मां का इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे थे। जहां डाक्टरों ने बताया कि उनकी मां का हाथ टूट गया है। फिर ओटी में प्लास्टर के नाम पर इमरजेंसी काउंटर पर पुर्जा काटने वाले एक कर्मी ने उनसे कहा कि तीन सौ रुपए दो उसके बाद ही तुम्हारी मां के हाथ में प्लास्टर होगा नहीं तो निजी अस्पताल में जाकर प्लास्टर कराओ। इसके बाद उसने तीन सौ रुपए उस कर्मी को दे दिया और प्लास्टर करवाया। बाद में जब उसने तीन सौ रुपए की रसीद की मांग की तो उस कर्मी ने उसे धक्का मारकर इमरजेंसी वार्ड से बाहर कर दिया। वहीं इसको लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार ने बताया कि पीड़ित मरीज को आरोपी कर्मी की पहचान के लिए सदर अस्पताल में आने को कहा गया है। उनके द्वारा लिखित शिकायत व आरोपी कर्मी के पहचान के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वैसे अपने स्तर से वह मामले की जांच कर रहे हैं। सदर अस्पताल में भ्रष्टाचार कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत पर विधायक ने दिया धांधली दूर करने का निर्देश

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

विद्युत अनुमंडल कार्यालय सरायरंजन द्वारा बिजली बिल में बरती गई धांधली और मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। क्षेत्र के सारंगपुर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत व्यासपुर गांव सहित विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में विभागीय कार्यालय एवं कर्मियों की धांधली से उपभोक्ता परेशान एवं आक्रोशित हैं। बिजली बिल में धांधली का यह आलम है कि मार्च महीने तक हर महीने मीटर रीडर के द्वारा मीटर की रीडिंग करते हुए हर महीने बिजली बिल अदा किया जाता रहा, और सारा बकाया चुकता रहने के बावजूद पच्चीस हजार का बिल थमा दिया गया। हर महीने बिजली बिल चुकता रहने के बावजूद अचानक फिर से उन्तीस हजार रुपए का बिजली बिल दिया गया। मीटर रीडिंग के साथ सारा बिजली बिल चुकता रहने के बावजूद इतनी भारी मात्रा में बिजली बिल आ जाने से अवधेश कुमार झा सहित दर्जनों उपभोक्ता काफी परेशान हैं। प्रति महीने मीटर देख कर मीटर रीडर के अनुसार बिल अदा किए जाने के बावजूद उन्तीस हजार हजार रुपए का बिल देखने से उपभोक्ता का सिर चकराने लगा। इस संबंध में विभागीय अनुमंडल कार्यालय सरायरंजन पहुंचकर पूछने पर विभागीय कार्यालय द्वारा इसके लिए उपभोक्ता को पूरी तरह निर्दोष बताते हुए फ्रेंचाइजी को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कम बिल वसूले जाने की बात बता कर पल्ला झाड़ लिया है। अब हर महीने उसी गरीब ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता के पास किसी कारखाने और फैक्ट्री की तरह उन्तीस हजार रुपए बकाया के बाद, हर महीने हजार रुपए का बिल आना शुरू हो गया है। फलस्वरूप बिजली विभाग की इस भारी धांधली से उपभोक्ता परेशान हो चुके हैं। दर्जनों पीड़ित उपभोक्ताओं ने स्थानीय विधायक रणविजय साहू का घेराव करते हुए अनुमंडल कार्यालय सरायरंजन द्वारा गरीब ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ बिजली बिल के नाम पर लूट मचाये जाने की शिकायत कर बिजली विभाग की इस तानाशाही पूर्ण धांधली से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई। विधायक रणविजय साहू ने अनुमंडल कार्यालय सरायरंजन के बिजली एसडीओ से सारी शिकायत दूर करने का निर्देश दिया है, अन्यथा मामले को बिहार विधानसभा में उठाकर बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। अब देखना है कि अनुमंडल कार्यालय सरायरंजन, बिजली बिल की धांधली के शिकार उपभोक्ताओं को क्या न्याय देता है?

सरायरंजन में 30 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 3.0 के तहत होगा कार्यक्रम का आयोजन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के सौजन्य से गुरमा पैक्स दुर्गा मंदिर, सरायरंजन के प्रांगन में 30 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 3.0 के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कौशिक ने इस आशय में कहा की पुरे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत-कचरा मुक्त भारत है। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता के आह्वान से प्रेरित होकर पूरा देश एकजुट होकर इस मुहीम को सफल बनाने हेतु प्रेरित हो रहे हैं एवं भारत को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा इस कार्यक्रम को स्वच्छता ही सेवा अभियान की एक कड़ी के रूप में बताया तथा इसे सभी ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नामचीन कला

संक्षिप्त खबरें

शादी के नियत से पंद्रह वर्षीय युवती का अपहरण

दिघवारा नगर।थाना क्षेत्र के सैदपुर गाँव मे एक 15 वर्षीय युवती को शादी के नियत से अपहरण कर लिए जाने का मामला स्थानीय थाने में दर्ज की गई है।दर्ज प्राथमिकी में युवती के पिता द्वारा कहा गया है कि मेरी पुत्री 10 अक्टूबर को स्कूल जाने के लिए दस बजे दिन में घर से निकली थी इसी दौरान सैदपुर गांव निवासी अजित कुमार ,अर्जुन चौधरी,पार्वती देवी एवं मनोज चौधरी ने उसे बहला फुसलाकर कर शादी के नियत से अपहरण कर लिया।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में छूट गई है।

सारण पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 30 अभियुक्त हुए गिरफ्तार

छपरा।सारण पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई में कुल 30 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं। पुलिस कप्तान कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कुल गिरफ्तार अभियुक्त में हत्या के प्रयास के दो अपराधी शामिल हैं।जबकि लूट कांड के एक, एससी-एसटी कांड के दो, वारंटी 2 तथा उत्पाद अधिनियम कांड के तहत 11 अपराधी शामिल है।इसी तरह खनन कांड के आठ अभियुक्त, चोरी कांड के दो एवं अन्य कांड के दो अपराधी गिरफ्तारी में शामिल है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 6 वारंट का निष्पादन भी किया गया है। जबकि देसी शराब 129.2 लीटर बरामद हुआ है। वहीं वाहन जांच अभियान में 31500 नगद जुमार्ना का रूप में वसूला गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में पांच मोटरसाइकिल, एक पिकअप वैन, एक चाकू, तीन ट्रक तथा दो सेट मोबाईल जुप्त किया गया है, इसके अलावा एक अपहर्ता सहित 18500 नगद भी बरामद किया गया है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पकड़ा शराब, कारोबारी फरार

शेरघाटी।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चिताब कला गांव में छापेमारी के दौरान संजय चौधरी के घर से 30 लीटर देसी महुआ शराब को बरामद किया है। वहीं पुलिस को आते देख कारोबारी घर से फरार हो गया।पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 30 लीटर देसी महुआ शराब पकड़ा गया है।जबकि संजय चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

मारपीट मामले में दोनो पक्ष से मुकदमा हुआ दर्ज

शेरघाटी।शहर के कृष्णापुरी मुहल्ला में दो पक्ष में हुई मारपीट के मामले के बाद दोनों पक्ष से हुआ मुकदमा दर्ज इधर पुलिस ने बताया कि हरिओम कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में रजनीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं रजनीश कुमार के द्वारा आवेदन दिया गया था जिसमें मनोज सिंह,मुकुल कुमार,हरिओम कुमार समेत उन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। दोनों पक्ष से दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

दो पक्षो में जमकर हुआ मारपीट महिला समेत चार घायल

शेरघाटी।गुरुवार के देर रात दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट मामले में दोनों पक्ष से चार व्यक्ति हुए घायल घटना शहर के गढ़ मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामले में दो महिला समेत चार व्यक्ति हुए घायल घटना के जानकारी मिलते ही पहुंची शेरघाटी थाने के पुलिस ने मामले को शांत करवा कर घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया उक्त घटना में घायल महिला सविता देवी एवं मंटू यादव के रूप में किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष से घायल रिजवाना खातून एवं सोहेल उर्फ मोनू के रूप में किया गया है।

चुनाव को ले अभी से ही युद्ध स्तर पर जुट जाएं कार्यकर्ता: विधान पार्षद

छपरा कार्यालय।।आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता तैयारी में जुट जायें।संगठन की मजबूती के लिए अब पंचायत के सभी गांवों में जाकर नए सदस्यों को जोड़ने का काम करे।उक्त बातें बुधवार को सुराज जिला कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी व जन सुराज वरिष्ठ नेता ई.सच्चिदानंद राय ने कही।उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता का विश्वास प्रशांत किशोर के साथ हैं उनकी सोच को जनजन तक पहुचाने की जरूरत है. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता तथा का संचालन मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने किया।बैठक के दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कांति देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने जन सुराज की सदस्यता ली।वहीं अन्य प्रखंड से आये लोगों ने नये सदस्य के रुप में सदस्यता ग्रहण किया।इस दौरान मुख्य अतिथि व जिला पदाधिकारियों द्वारा उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।बैठक में मुख्य रूप से आगामी छपरा नगर निगम उप चुनाव पर भी चर्चा करने के साथ रणनीति बनाई गई।वहीं कार्यक्रम में शामिल हुए यूथ क्लब के सदस्यों के साथ एक समीक्षा बैठक की गई।

नीतीश सरकार द्वारा शुरू की गई जनसंवाद कार्यक्रम की बढ़ रही है लोकप्रियता

जनता को मिल रही है कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आ रही है लोगों में जागरूकता

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नीतीश कुमार की सरकार द्वारा जनता के हित के लिए चलाया जा रहा जनसंवाद कार्यक्रम काफी लोग प्रिय हो रहा है। जनता की समस्याओं के लिए आज तक किसी भी स रकार द्वारा इस तरह का कार्यक्रम नहीं चलाया गया है। राज्य सरकार की यह अनूठी पहल सुबे के लोगों को खूब भा रहा है, पदाधिकारी के समक्ष जनसंवाद कार्यक्रम में जनता अपनी खुलकर समस्याओं को रख रहे हैं और पदाधिकारी भी उन्हें बखूबी जानकारी दे रहे हैं। जनसंवाद से ही जनता की समस्याओं का निदान होगा, सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी इसी के माध्यम से दी जा रही है। नीतीश कुमार सरकार द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम को पदाधिकारी द्वारा भी तर्जिह दी जा रही है। सरकार के पहल के बाद मुख्यालय में बैठे जिलाधिकारी से लेकर वरीय पदाधिकारी तक ग्रामीण क्षेत्रों में रुख कर रहे हैं, और गांव गवई में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर सीधे जनता से संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुन भी रहे हैं और निदान भी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम की खासियत है कि लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी भी जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहते हैं, इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों सहित जनता भी उपस्थिति रहती है। बता दें कि सुबे के सरकार द्वारा जनता के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। लेकिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने से उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा शुरू किया गया जन संवाद कार्यक्रम निश्चाय ही मिल का पत्थर साबित होगा। महा गठबंधन सरकार द्वारा ऐसी बहुत सी योजनाएं चला जा रही है, जो बच्चे से लेकर बुद्ध तक इसका लाभ ले सकते हैं, बशर्ते इस योजना के बारे में उन्हें भली-भांति जानकारी होना आवश्यक है। सरकार द्वारा शुरू की गई जन संवाद कार्यक्रम से निश्चय ही जनता में योजनाओं के प्रति जागरुकता आएगी। कल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी से ही छात्र युवा वर्ग अपना कैरियर संवार सकते हैं, और लोगों को भी इसमें मदद कर सकते हैं। महागठबंधन सरकार की इस पहल की खूब चर्चा हो रही है। बहरहाल राज्य सरकार की अनूठी पहल की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है और जनता में भी इससे खूब जागरूकता आ रही है।

प्रधानमंत्री व्यवसायिको के समस्याओं का निदान लिए अभूतपूर्व कदम उठाए : साह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी छपरा विधानसभा के अंतर्गत छपरा नगर के व्यावसायियों की बैठक विरासत होटल, कश्मीरी हाता , छपरा में भाजपा के महामंत्री एवं छपरा विधानसभा के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार साह की अध्यक्षता आयोजित हुई । संचालन ओमप्रकाश गुप्ता ने की । बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के महामंत्री और छपरा विधानसभा के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के साथ-साथ सभी वर्गों के व्यवसायों का विकास हो रहा है(

प्रधानमंत्री ने छोटे-बड़े सभी तरह के व्यवसाय के लिए बैंक के दरवाजे खोल दिए परेशानियों को कम कर सुलभ बनाया है प्रधानमंत्री ने व्यावसायिक वर्ग की परेशानियों को समझा एवं इसे दूर करने के लिए अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक कदम उठाए हैं वही धर्मेंद्र कुमार साह ने बिहार सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि बिहार सरकार की गलत नीतियों के कारण बिहार में छोटे एवं मझीले स्तर के व्यवसाईयो शोषण हो रहा है। बैठक में स्थानीय स्तर की समस्याओं का भी चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्थानीय अपनी समस्याओ की चर्चा करते हुए कानून व्यवस्था, सड़कों पर लाइट की व्यवस्था, मौना नीम के पास पुनः पुलिस चौकी की व्यवस्था , सी0सी0 टी0भी0 की कैमरा लगाने, ऑन लाइन मार्केटिंग के बढ़ते प्रचलन से खुदरा व्यवसायी पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है इसलिए ड्डल्ल'ल्ली मार्केटिंग पर नियंत्रण की मांग की गयी।

डबल डेकर पुल के निर्माण को तेजी से पूर्ण करने करने की मांग रखी गयी ,क्योंकि निर्माण के समय सभी की दुकान दारी अस्त व्यस्त हो चुकी है और परिवार के भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गयी है। भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर के क्षेत्र में अफसर शाही को समाप्त किया अब व्यवसायी भाई खुद अपना टैक्स डिजटली भर रहे हैं । साथ ही व्यवसायिओं की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुँचाने और त्वरित कारवाई कर समाधान का आश्वासन दिया भाजपा हर व्यवसाई भाइयों के साथ खड़ी है।

धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्रखंड पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने किया। मौके पर अशोक कुमार अनूप कुमार यादव, शत्रुघ्न चौधरी पिंटु गुप्ता,राजेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, रंजीत गिरी रंजन कुमार श्रीनिवास सिंह चंद्रकेत कुमार गुप्ता संजीव कुमार मुन्ना कुमार वासुदेव गुप्ता कमलेश कुमार सिद्धेश्वर प्रसाद व्यहुत रवि कुमार तिवारी राकेश जयसवाल अंजनी सिंह संतोष कुमार अजीत कुमार शर्मा उदय कुमार गुप्ता शालू मिश्रा शंभू कुमार विजय कुमार रावत उमाशंकर प्रसाद ब्रह्मदेव कुमार बबलू प्रसाद बबली देवी मनोज शर्मा इत्यादि व्यवसाई लोग शामिल हुए।

राज्य में लंबित वादों का निपटारा करना पहली प्राथमिकता: महिला आयोग

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है राज्य में लंबित केस को निपटारा किया जाय, आयोग इसके लिए हर जिला में दौरा कर रही है। उक्त बातें बिहार राज्य महिला की अध्यक्ष अश्वमेघ देवी ने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। मीडिया से बात करते हुए आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में लगभग 8000 केस लंबित है, 3 साल से आयोग भंग था। आयोग की प्राथमिकता है कि जल्द से जल्द केस को निष्पादन किया जाए। अश्वमेघ देवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि जिला में कुल 36 केस लंबित था। राज्य महिला आयोग ने पूरे बिहार में महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लंबित केस का निष्पादन कर रही है। आयोग के अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शुक्रवार को लंबित 36 केस की सुनवाई की गई, जिसमें कुल.5 वादों में अगली तिथि दी गई है।जबकि तीन वादों पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से प्रतिवेदन की मांग की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने 27 वादों का निष्पादन कर दिया और कुल पांच वादों पर पुलिस से प्रतिवेदन हुए हैं। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक पटना एवं आरा में कैंप लगाकर लंबित वादों का निष्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग की प्राथमिकता है कि प्राप्त आवेदन पर तुरंत कार्रवाई की जाय , तत्काल अरेस्टिंग नहीं किया जाता है बल्कि जांच प्रतिवेदन के बाद दोनों पक्ष को बुलाकर कार्रवाई की जाती है। नवगठित महिला आयोग टीम में अध्यक्ष सहित आयोग की उप सचिव अंजू कुमारी, सदस्य सुनीता कुशवाहा तथा सुजाता सुमब्रई आदि प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थी ।

सर्वोदय मेला में माँ दुर्गा की स्थापना को लेकर मिट्टी कोराइ के साथ जलभरी हुई

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर(सारण)स्थानीय जवाहर बाग अमनौर के सुप्रशिद्ध सर्वोदय मेला में नवरात्रि के कलश स्थापना व दुर्गा पूजन को लेकर शुक्रवार के दिन मिट्टी कोराइ व जलभरी यात्रा निकाली गई।इस दौरान सैकड़ो महिला पीले वस्त्र परिधान में जलभरी में शामिल हुए,गाजे बजे के साथ सभी हाथों में पताखा लिए माता रानी की जय,जय करा करते हुए जा रहे थे।जो अमनौर बजार से चलकर अमनौर पोखरा होते हुए अमनौर अगुआन,पुरैना,गुना छपरा परसुरामपुर दियारा इलाका गण्डकी किनारे पहुचे,जहाँ आचार्य अनुज द्विवेदी व अरविंद तिवारी ने मंत्रोउच्चारन के साथ गंगा पूजन कराया,इसके बाद गंगा की मिट्टी व पानी कलश में लेकर पूजा स्थल से लौटे।मेला सचिव तेज प्रताप सिंह उर्फ अनमोल ने बताया कि सर्वोदय मेला का आयोजन देश के आजादी के पहले से लगा आ रहा है। मेला एकम से लेकर पूर्णिमा तक आयोजित होती है।इस मेले में दूर दूर से लोग घूमने आते है।दस दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहता है।इस दौरान शिक्षक चंद्रकेत सिंह, देवेंद्र शर्मा,उपाध्यक्ष सतेंदर प्रसाद,विशाल सिंह, देवा सिंह,रुद्र प्रताप सिंह,शोभा सिंह,नीतू देवी,धीरज कुमार समेत सैकड़ो महिलाए शामिल थी।

प्राचीन हिन्दू मन्दिरों को आधार मानकर बृहद दुर्गा पूजा पंडाल हो रहा है निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी सारण जिले के नवगठित माँझी नगर पंचायत क्षेत्र के मियाँ पट्टी में इस वर्ष दक्षिण भारत में बने प्राचीन हिन्दू मन्दिरों को आधार मानकर बृहद दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जय माँ जगदम्बे दुर्गा पूजा समिति के सक्रिय सदस्यों द्वारा माँझी की सबसे घनी आबादी वाली बस्ती मियाँ पट्टी के बीचोबीच पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यह पंडाल माँझी के सर्वाधिक बेहतरीन पंडालों में से एक है। वर्ष 2001 से लगातार दुगार्पूजा के अवसर पर बनाये जाने वाले इस खूबसूरत पंडाल की खासियत यह है कि इस पंडाल के नक्शा से लेकर निर्माण तक का कार्य दुर्गा पूजा समिति सदस्य खुद ही अपने हाथों करते हैं। पंडाल निर्माण में किसी कारीगर अथवा मजदूर की सहायता नही ली जाती। उक्त पंडाल को देखने व दर्शन पूजन करने के लिए दूरदराज से प्रतिदिन सैकड़ों लोग खासकर श्रद्धालु महिलाएँ आती हैं। पंडाल के समीप काफी घनी आबादी होने के कारण आवागमन हेतु गलियों में वन वे सिस्टम लागू करना पड़ता है। अत्यधिक भीड़भाड़ होने की वजह से उक्त पंडाल पर स्थानीय प्रशासन की भी पैनी नजर रहती है। मियाँ पट्टी के इस वर्ष के दुगार्पूजा पंडाल में लगभग सात सौ बाँस, 40 बंडल थमोकील, दो क्विंटल नारियल की रस्सी के अलावा बड़ी मात्रा में लकड़ी का बीट, कपड़े तथा चट्टी की बोरी पर सीमेंट के घोल का प्रयोग किया जा रहा है। पंडाल के निर्माण के मास्टरमाइंड बिनोद गुप्ता उर्फ गुरुजी के निर्देशन तथा देखरेख में दुर्गा पूजा समिति के एक दर्जन से अधिक सदस्य पंडाल निर्माण में लगभग एक महीने से निःशुल्क दिन रात कार्य कर रहे हैं।

पंडाल के निर्माण में लगभग दो लाख रुपये की सामग्री के अलावा मूर्ति तथा उसकी सजावट साउंड एवम लाइट पर भी लगभग दो लाख रुपये खर्च किये जाने का अनुमान है। पंडाल निर्माण में यदि मजदूरों की मजदूरी जोड़ दी जाय तो पूजा पंडाल पर लगभग छह लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। आकर्षक कलाकृति युक्त भव्य पंडाल निर्माण में बिनोद गुप्ता उर्फ गुरुजी के संयोजकत्व में निर्माण कार्य में लगे समिति सदस्यों में उमेश सिंह, हिमांशु गुप्ता, हरेराम यादव, अंशु गुप्ता, रोहित पाण्डेय, मनोज कुमार गुप्ता, प्रेम शंकर प्रसाद, पुरुषोत्तम गुप्ता, राजेश गुप्ता, चुन्नू प्रसाद, जितेंद्र चौधरी तथा मिट्ठू साह आदि शामिल हैं।

सांसद प्रतिनिधि ने गैस पाइप लाइन कनेक्शन का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड के खरीका पंचायत के खरीका गाँव मे शंकर राय के यहाँ गैस पाइप लाइन का कनेक्शन घर मे पहुंचने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह भाजपा नेता बिनोद सम्राट के द्वारा शुभारम्भ किया गया ।ज्ञात हो कि इस योजना का पहले नाम सिटी गैस पाइप लाइन था लेकिन रूडी के अथक प्रयास और प्रधानमंत्री के महत्वकांछी योजना को ग्रामीण गैस पाइप लाइन रूडी जी ने करवा दिया नायगांव सोनपुर जैसे गाँव मे भी अब पाइप से गैस आना शरू हो गया जिससे ग्रामीणों मे काफी खुशी का माहौल है जैसे ही शंकर राय के घर मे गैस चालू हुआ और जलने लगना तो घर वाले लोगो मे खुशी का माहौल था उनकी पत्नी बोलीं की जब रूडी जी आयंगे तो हम हाथ से इसी गैस पर खीर पूरी बना कर खिलाएंगे रूडी जी द्वारा बहुत अच्छी बेवस्था अब गाँव मे भी किया जा रहा है और सभी लोगो ने कार्य के लिए माननीय सांसद राजीव प्रताप रूडी जी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अमरजीत चौरसिया गोलू सिंह सनी सिंह एवं गैस पाइप लाइन इंजीनियर मो असरफ पूरे टीम के साथ उपस्थित थे सहित अनेक लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि यह सोनपुर अनुमंडल मे यह दूसरा गाँव का घर मे पाइप से गैस आपूर्ति शरू हुआ है इससे पहले नायगांव के कस्तूरीचक गाँव मे आपूर्ति चालू हुआ था अधिकारी ने बताया कि बहुत जल्दी ही पूरे इलाके मे गैस आपूर्ति शरू हो जायेगा कार्य तेजी से जिला मे चल रहा है ।

मोटे अनाज के लिए गया में स्थापित किया जा रहा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस : सर्वजीत

कृषि मंत्री ने किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की सीधी बात

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने शुक्रवार को बामेती पटना से किसानों की बात, कृषि मंत्री के साथ कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिलों के किसानों से सीधी बात की गई। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं वेबलिंग से आत्मा योजना के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसानगण जुड़े थे। कार्यक्रम में किसानों ने अपने सुझाव तथा समस्याओं से कृषि मंत्री को अवगत कराया। पटना के किसान ने सुझाव दिया कि विभाग से उपलब्ध कराये जा रहे बीज प्रभेदों का प्रत्यक्षण किसानों के साथ मिलकर प्रखण्ड स्तर पर कराया जाये, ताकि किसानों के माध्यम से गुणवत्ता की परख एवं बीज की उपयोगिता दूसरे किसानों तक पहुँचाया जा सके। मंत्री ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में बीज उत्पादन प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है। किसानों के खेतों में इस का प्रत्यक्षण किया जायेगा। पटना के ही किसान ने मौसम की सटीक जानकारी हेतु पूवानुर्मान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर सचिव कृषि ने बताया कि मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना द्वारा पंचायत बार चेतावनी जारी की जाती है। इसे अधिकांश किसानों तक पहुँचाने की व्यवस्था विभाग द्वारा किया जा रहा है। सारण के किसान ने कहा कि दलहन एवं तेलहन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा नई पीढ़ी को खेती से जोड़ने के लिए फसल उत्पादन के उपरांत प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कृषि मंत्री ने बताया कि दलहन, तेलहन तथा मक्का पर विशेष योजनाएँ इसी रबी मौसम से चलाया जा रहा है, जिसमें किसानों को राज्य के वैसे जिलों, जहाँ मक्का का आच्छादन क्षेत्र कम है, वहाँ फसल विविधीकरण योजना के तहत संकर मक्का का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

राज्य में बड़े पैमाने पर इथेनॉल परियोजनाएँ स्वीकृत की जा रही हैं। इससे मक्का उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा और नई पीढ़ी को खेती से जोड़ा जा सकेगा। मुजफ्फरपुर के किसान ने बैंकों द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देने में उदासीनता बरतने के बारे में बताया। इस पर सचिव, कृषि ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। दरभंगा के एक किसान ने बताया कि धान और गेहूँ के जगह पर 140-150 दिनों में आलू एवं मक्का की अंतर्वर्ती खेती तथा आलू और टमाटर की खेती करने से ज्यादा फायदा होता है। कृषि मंत्री ने इसी तरह आत्मा योजना के माध्यम से इसे अन्य किसानों तक प्रचारित करने को कहा। दरभंगा के एक अन्य किसान ने मोटे अनाज का बीज उपलब्ध कराने तथा सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मंत्री ने बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप में मोटे अनाज के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, गया में स्थापित किया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में किसानों से मोटे/पोषक के बीज सुलभता से उपलब्ध हो पायेगा। बाँका जिला के मशरूम उत्पादक एक महिला किसान ने व्यावसयिक मशरूम उत्पादन में बैंकों द्वारा असहयोग के बारे में माननीय कृषि मंत्री को बताया। उन्होंने बताया कि उनके पास जमीन नहीं है, इस कारण बैंक उन्हें ऋण नहीं दे रहा है। सचिव, कृषि ने बताया कि वंशावली के आधार पर पारिवारिक बँटवारा करने में बहुत कम शुल्क लगता है। सचिव, कृषि ने सहायक निदेशक, उद्यान, बाँका को निदेश दिया कि उक्त महिला किसान को बैंक से ऋण दिलाने में विभाग के स्तर से सहयोग करें। मुंगेर मे आत्मा से जुड़ी महिला समूह ने बताया कि उनके समूह के द्वारा मरूआ, बाजरे की खेती की जाती है तथा बिस्कुट बनाया जाता है। बिस्कुट बनाने के लिए उनके समूह को मशीन उपलब्ध कराया जाये। मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया। सहरसा जिला के किसान ने कहा कि मखाना मशीन से मात्र 50 प्रतिशत तक ही पॉपिंग हो पाता है, उन्होंने ऐसे पॉपिंग यंत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया कि 70 प्रतिशत तक लावा बनाया जा सके। पूर्णियाँ के एक किसान ने बताया कि उनके द्वारा नारंगी की खेती की जाती है। उनके द्वारा नारंगी के 100 पेड़ लगाये गये, जिसमें प्रति पेड़ दिसम्बर माह में 40-50 किलो नारंगी का उत्पादन होता है। सचिव, कृषि ने पूछा कि क्या उनके पास अन्य किसानों को देने के लिए पौध सामग्री उपलब्ध है। किसान द्वारा बताया कि उनके द्वारा ग्राफ्टिंग के माध्यम से पौध-रोपन सामग्री तैयार किया जाता है। किसान ने उनके खेत की घेराबंदी हेतु अनुरोध किया गया। मंत्री कृषि ने सहायक निदेशक, उद्यान को निदेश दिया कि घेराबंदी करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये। सचिव, कृषि ने निदेश दिया कि उद्यान महाविद्यालय, नालंदा के वैज्ञानिकों से किसान द्वारा तैयार किये जा रहे पौध सामग्री को दिखा लिया जाये। जहानाबाद के किसानों ने मनरेगा को किसानी से जोड़ने का अनुरोध किया।

एक्सिस बैंक ने ग्राहकोन्मुखता नीति को दोहराते हुए स्पर्श वीक पहल शुरू की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्राहकोन्मुखता के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से एक्सिस बैंक ने स्पर्श वीक लॉन्च किया है, जो बैंक और इसके ग्राहकों के बीच के रिश्ते को मजबूत करने पर केंद्रित कार्यक्रम है। इस पहल के अंतर्गत बैंक ने ग्राहकोन्मुखता की भावना और वादे को बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों के लिए आकर्षक श्रृंखलाबद्ध ग्राहक-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की है। बैंक ने इस सप्ताह के दौरान शिक्षाप्रद और ग्राहक-केंद्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया है, जिससे बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को उनकी प्रगति, नवाचार और परिवर्तन की यात्रा में शामिल किया जा सके।

एक्सिस बैंक के कार्यकारी निदेशक, श्री सुब्रत मोहंती ने कहा कि स्पर्श वीक 9 से 13 अक्टूबर तक चला, जिसमें देश भर में 5000 से अधिक एक्सिस बैंक शाखाएं और रिटेल एसेट सेंटर शामिल थे। पूरे सप्ताह के लिए 15 से अधिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई, जिनका एक्सिस बैंक के सभी 95,000 से अधिक कर्मचारियों के लिए सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

इस वर्ष एक्सिस बैंक ने स्पर्श वीक को अपने तीन मुख्य सिद्धांतों के साथ जोड़ा है: सुनिए, कार्य कीजिए और जश्न मनाइए (लिसन, एक्ट एंड सेलिब्रेट)। जो एक्सिस बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ साझा किए गए अमूल्य संबंध का जश्न मनाने पर जोर देता है। स्पर्श वीक की भावना ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए बैंक के कर्मचारियों को सशक्त बनाने से जुड़ी है।

रोटरी सारण द्वारा किया गया निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सिटी। शहर की अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था रोटरी सारण क्लब द्वारा आज शुक्रवार को सुबह सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन नवनिर्मित रोटरी सारण यात्री शेड में,राजेन्द्र स्टेडियम शिशु पार्क के पास किया गया।इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ मदन प्रसाद के द्वारा 168 मरीजों का निःशुल्क जाँच किया गया।मरीज का निशुल्क जाँच प्रक्रिया में रक्तचाप,शुगर,हाइट,वजन का जाँच किया गया तथा चिकित्सकों के द्वारा मरीज को सही खान-पान एवं सुबह में टहलने,समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी गई।क्लब के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया रोटरी सारण प्रत्येक माह जांच शिविर का आयोजन करती है। जाँच शिविर में सचिव महेश कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के साथ पूर्व अध्यक्ष राजेश जायसवाल,सुनील सिंह,अजय गुप्ता,राजेश फैशन एवं सदस्य दिलीप पोद्दार,मनोज कुमार भोला,सतीश अग्रवाल,अशोक कुमार,अजय ब्याहूत,बाबूलाल उर्फ बबली,विजय ब्याहूत,अजय प्रसाद, विजय रंजन,एवं अशोक प्रसाद(शिलांग)उपस्थित रहें।

डीएम ने की अपील की सुनवाई

छपरा कार्यालय।शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अमन समीर के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम- 2015 के तहत कुल 19 अपीलार्थियों के द्वारा किए गए द्वितीय अपील वाद की सुनवाई समाहरणालय परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में की गई। जिला पदाधिकारी के द्वारा आज कुल 19 विभिन्न तरह के मामलों के लोक शिकायत निवारण से संबंधित मामलों की द्वितीय अपील की सुनवाई कार्यालय कक्ष में परिवादकर्ता के उपस्थिति में एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबंधित पदाधिकारियों के उपस्थिति में की गई। इनमें से 10 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित करते हुए शेष 09 मामलों पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से प्रतिवेदन की मांग करने का आदेश जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दिया गया।

सारण जिला 4 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। कला संस्कृति एवम युवा विभाग , बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन सारण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 4 दिवसीय सारण जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शानदार आगाज राजेंद्र स्टेडियम छपरा में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करने के बाद जिलाधिकारी सारण, श्रीअमन समीर ने रंग बिरंगे गुब्बारा का गुच्छा आसमान में उड़ाकर किया। प्रतियोगिता उद्घाटन में शामिल 20 प्रखंड के सात सौ से अधिक खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है । अनुशासन एवं आपसी सद्भाव से प्रतिभागी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेल में हिस्सा ले। मौके पर वरीय उपसमाहर्ता विशेष कार्य पदाधिकारी मनीष कुमार एवम बिहार भारोतोलन संघ के सचिव डॉ सुरेश प्रसाद सिंह उपस्थित थे। आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी ने किया।

नीलामी सूचना

अवगत कराया जाता है कि भारत सरकार गृह मंत्रालय, सशस्त्र सीमा बल कमांडेंट कार्यालय, 48वीं वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा

सम्पादकीय

जिनके लगे हैं बड़े दांव

निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। कांग्रेस के लिए चुनौतियां ज्यादा हैं। पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए नवंबर में होने वाले चुनाव में सबसे कड़े इत्मिहान से कांग्रेस को गुजरना होगा। यह अकेली पार्टी है, जिसका चार राज्यों में बड़ा दांव लगा होगा। वैसे तो बड़ा दांव भाजपा का भी है, लेकिन तेलंगाना में अगर वह बहुत बेहतर नतीजे नहीं लाती है, तब भी इसे उसकी राष्ट्रीय आम चुनाव की संभावनाओं से जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। जबकि कांग्रेस की परीक्षा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना में भी है, जहां उसका मुख्य मुकाबला भारत राष्ट्र कांग्रेस (बीआरएस) से होने की संभावना है। बाकी तीन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने होंगी। मिजोरम में ये दोनों पार्टियां अपने गठबंधन सहयोगियों के भरोसे मैदान में उतरेंगी। अगर पिछले विधानसभा चुनाव को आधार मानें, तो तेलंगाना में बीआरएस की बढ़त लगभग 20 प्रतिशत वोटों की है। आम तौर पर पांच साल के अंतर पर इतनी बड़ी खाई को पार कर पाना संभव नहीं होता है। ऐसे में कांग्रेस के लिए बेहतर उम्मीद यही होगी कि वह अपने लगभग 28 प्रतिशत के वोट आधार और पिछली बार मिली सीटों में बड़ा सुधार करके दिखाए। उधर छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने चुनौती दस प्रतिशत वोटों के अंतर को पाटने की है। सामान्य स्थितियों में ऐसा करना भी आसान नहीं होता। राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में 2018 में भाजपा और कांग्रेस के वोट प्रतिशत लगभग बराबर थे। इसलिए वहां दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना जताई जा सकती है। राजस्थान में कांग्रेस, तो मध्य प्रदेश में भाजपा के सामने एंटी-इन्कम्बैंसी को काबू में रखने की चुनौती होगी। निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। संसाधनों के मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। इस लिहाज से कांग्रेस के सामने कहीं अधिक मुश्किलें पेश आएंगी। अब नजर इस पर होगी कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहे इन मुकाबलों में बड़ी चुनौतियों के मद्देनजर दोनों पार्टियां कैसा दमखम दिखाती हैं। यह निर्विवाद है कि तीन दिसंबर को आने वाले नतीजों का बड़ा मनोवैज्ञानिक प्रभाव होगा।

क्षेत्रीय पार्टियां क्या खत्म हो सकती हैं?

अजीत द्विवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्षेत्रीय पार्टियों का क्या भविष्य होगा? क्या वे खत्म हो जाएंगी या अब ऐसा समय आ गया है कि और ज्यादा मजबूत होंगी? जेपी नड्डा पांच अक्टूबर को पटना गए थे, जहां उन्होंने कैलाशपति मिश्र की सौवीं जयंती के कार्यक्रम में कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं इसलिए ये खत्म हो जाएंगी। इससे ठीक 14 महीने पहले 31 जुलाई 2022 को भी पटना में ही जेपी नड्डा ने यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि भाजपा अपनी विचारधारा पर चलती रही तो क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएंगी। उनके इस बयान के एक हफ्ते के बाद ही नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था और नीतीश कुमार राजद व कांग्रेस की मदद से मुख्यमंत्री बन गए थे। एक साल बाद जब नड्डा ने फिर यह बयान दिया है तो इस पर बिहार में बहस छिड़ गई है। इस बार उनके बयान का भाजपा की सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियां विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि अपनी अलग व्याख्या करके किसी तरह अपने को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तभी यह सवाल है कि क्या भारत में क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो सकती हैं या देश में ऐसी स्थितियां बन रही हैं, जिनमें क्षेत्रीय पार्टियां और मजबूत हो सकती हैं? ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की यह मंशा रही है कि देश में दो ही पार्टियां हों। जब कांग्रेस अपनी सत्ता और ताकत के चरम पर थी तब वह भी ऐसा सोचती थी कि क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। उसने बहुत प्रयास भी किए और अपने कई सहयोगी पार्टियों को खत्म करने की सक्रिय कोशिश की। हालांकि कामयाबी नहीं मिली। उस समय भाजपा सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियों के दम पर फल-फूल रही थी तो वह चुप रहती थी। अब कांग्रेस कमजोर है और भाजपा अपनी ताकत के चरम पर है तो उसके नेता गाहे-बगाहे इस तरह की मंशा जाहिर करते रहते हैं कि क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएं। लेकिन नड्डा के बयान और भाजपा की वास्तविक राजनीति में बड़ा विरोधाभास है। एक तरफ भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडियाइ के बरक्स अपने गठबंधन एनडीए का विस्तार करना शुरू किया है तो दूसरी ओर नड्डा क्षेत्रीय पार्टियों के खत्म होने की बात कर रहे हैं। ध्यान रहे जुलाई में जिस दिन बेंगलुरू में विपक्षी गठबंधन की बैठक थी, जिसमें 27 पार्टियां शामिल हुई थीं उसी दिन दिल्ली में भाजपा ने एनडीए की बैठक की थी, जिसमें 38 पार्टियां शामिल हुई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद आगे बढ़ कर हर छोटे-बड़े नेता का स्वागत किया था। इसमें ऐसी पार्टियों के नेता भी शामिल हुए थे, जिनका न तो कोई विधायक है और न कोई सांसद। दिलचस्प बात यह है कि ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां, जो एनडीए से जुड़ी हैं वे परिवार की पार्टियां हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, अपना दल (सोनेलाल), एनसीपी का अजित पवार गुट, जननायक जनता पार्टी आदि के नेता भाजपा की बुलाई बैठक में शामिल हुए थे। ये ऐसी पार्टियां हैं, जो संस्थापक नेताओं के बेटे, बेटियों, भाइयों, भतीजों आदि द्वारा संचालित हैं। यह भी दिलचस्प है कि कई पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के बड़े आरोपों से घिरे हैं। यानी परिवारवादी भी हैं और भ्रष्टाचार में आरोपी भी हैं फिर भी भाजपा को उन्हें गठबंधन में रखने और उनके साथ चुनाव लडे में दिक्कत नहीं है। अब सवाल है कि जब भाजपा इस तरह से परिवारवादी और भ्रष्टाचार की आरोपी क्षेत्रीय पार्टियों को साथ रख कर आगे बढ़ाएगी तो वह इन्हें खत्म करने का अभियान कैसे पूरा कर पाएगी? यहां तो नीयत में ही एकरूपता नहीं दिख रही है। एक तरफ खत्म करने की बात हो रही है और जेपी नड्डा कह रहे हैं कि भाजपा अब किसी पार्टी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और दूसरी ओर क्षेत्रीय पार्टियों को कंधे पर उठा कर उनको ऊंचा बनाया जा रहा है! बिहार में नीतीश के गठबंधन छोड़ कर जाने के बाद नड्डा ने यह स्टैंड लिया है कि पार्टी अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और उधर महाराष्ट्र में शिव सेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे को कंधे पर उठा कर मुख्यमंत्री बनाया है। इतना ही नहीं जिस पार्टी पर भाजपा ने 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है उसी के नेता अजित पवार को उनकी पसंद का मंत्रालय देकर उप मुख्यमंत्री बनाया है। कर्नाटक में खत्म हो रही जेडीएस को अपने साथ जोड़ कर भाजपा ने ऑक्सीजन दिया है ताकि वह जिंदा हो सके। यही काम वह आजसू के साथ झारखंड में करने जा रही है। यही काम वह बिहार की चार क्षेत्रीय पार्टियों के साथ करेगी। उत्तर प्रदेश में अनुप्रिया पटेल की पार्टी के साथ किया है, झारखंड में आजसू, हरियाणा में जजपा आदि पार्टियों को भाजपा ने ही ऑक्सीजन दिया है। बड़ा गठबंधन बनाने की होड़ में कांग्रेस और कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों ने मिल कर इंडिया का गठन किया है, जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पार्टियां जुड़ी हैं। हर पार्टी के मजबूत होने की स्थितियां गठबंधन की वजह से बन रही है। एनसीपी, शिव सेना, तृणमूल कांग्रेस, राजद, जेएमएम, डीएमके, समाजवादी पार्टी आदि पहले से बड़ी पार्टियां हैं और गठबंधन की वजह से ये पार्टियां और मजबूत होंगी। यानी कांग्रेस और भाजपा दोनों मिल कर क्षेत्रीय पार्टियों को ताकत दे रहे हैं। ऐसे में उनके खत्म होने की बात करना एक राजनीतिक बयानबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। इस बीच एक और घटनाक्रम यह हुआ है कि बिहार ने जाति गणना करा कर जातियों के आंकड़े जारी कर दिए हैं। अब कांग्रेस पूरे देश में जाति गणना का वादा कर रही है। जहां भी कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार है वहां जाति गणना होगी और सभी जातियों के आंकड़े सार्वजनिक होंगे। इससे जाति आधारित पार्टियों के लिए मौका बन रहा है। जैसे बिहार की जाति गणना से कई प्रादेशिक पार्टियों की ताकत बढ़ी है। मल्लाह नेता मुकेश सहनी अपनी जाति की 10 फीसदी आबादी का दम भर रहे हैं तो जीतन राम मांझी पांच फीसदी, चिराग पासवान पांच फीसदी और उपेंद्र कुशवाहा चार फीसदी आबादी का नेता होने का दावा कर रहे हैं। ध्यान रहे जैसे जैसे जातियों की संख्या पता चलेगी वैसे वैसे जातीय अस्मिता मजबूत होगी और सामाजिक पहचान मजबूत होने के बाद उसको राजनीतिक पूंजी में बदलने का प्रयास तेज होगा। तब जाति विमर्श और बढ़ेगा। देश में जाति आधारित पार्टियां बनेंगी और उनका विस्तार भी होगा। तमिलनाडु में कुछ साल पहले यह प्रक्रिया चली थी और अब उत्तर प्रदेश, बिहार सहित हिंदी पट्टी के राज्यों में चलेगी। इससे क्षेत्रीय पार्टियां कमजोर होने की बजाय मजबूत होंगी।

विधानसभाओं के चुनाव व जाति का प्रश्न

तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति पार्टी की सरकार है और मिजोरम में मिजो नैशनल फ्रंट की सरकार है। मध्य प्रदेश को छोडकर बाकी सभी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। परिणाम तीन दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे। लेकिन इन भावी चुनावों से ठीक पहले लद्दाख क्षेत्र में कारगिल पर्वतीय विकास परिषद की छब्बीस सीटों के लिए चुनाव हुआ था और उसके परिणाम आठ अक्तूबर को आए हैं। छब्बीस सीटों में से बारह सीटों पर नैशनल कान्फ्रेंस और दस सीटों पर सोनिया कांग्रेस को जीत हासिल हुई। दो सीटें भाजपा के खाते में गईं और दो ही निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलीं। पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है

कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए, जिनकी पांच साल की अवधि समाप्त हो रही है, चुनावों की घोषणा कर दी गई है। नवम्बर में चुनाव होंगे। इनमें से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति पार्टी की सरकार है और मिजोरम में मिजो नैशनल फ्रंट की सरकार है। मध्य प्रदेश को छोडकर बाकी सभी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। परिणाम तीन दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे। लेकिन इन भावी चुनावों से ठीक पहले लद्दाख क्षेत्र में कारगिल पर्वतीय विकास परिषद की छब्बीस सीटों के लिए चुनाव हुआ था और उसके परिणाम आठ अक्तूबर को आए हैं। छब्बीस सीटों में से बारह सीटों पर नैशनल कान्फ्रेंस और दस सीटों पर सोनिया कांग्रेस को जीत हासिल हुई। दो सीटें भाजपा के खाते में गईं और दो ही निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलीं। पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है जिसके आधार पर कुल 56000 पड़े वोटों के परिणाम से 140 करोड़ की जनसंख्या के रुझान का पता लगाया जा सकता है। कारगिल बलतीस्तान का हिस्सा है जिसके बौद्धों ने सदियों पहले बुद्ध का रास्ता छोड़ कर मोहम्मद अली के शिया पंथ को अपना लिया था। शिया पंथ वालों का मुसलमानों से आम तौर पर झगड़ा रहता है।

कश्मीर में भी यह देखा जा सकता है। लेकिन इन चुनावों में राहुल गान्धी ने एक नारा दिया था, जिसकी जितनी संख्या, उसका उतना हक। शिया पंथ वालों का अभी तक यही गिला रहा है कि उनके हिस्से का हक भी देश भर के मुसलमान खा जाते हैं। अब शायद कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस उनको उनका हक दिला देगी। लद्दाख में सभी जानते थे कि कारगिल में भाजपा जीत नहीं पाएगी। सोनिया परिवार और अब्दुल्ला परिवार को लगता था कि वे चुनाव आपस में मिल कर लड़ रहे हैं, इसलिए भाजपा कारगिल के नक्शे से गायब हो जाएगी। लेकिन भाजपा ने दो सीटें ही नहीं जीतीं बल्कि पादुकोण की सीट पर भी वह बमुश्किल चालीस वोटों से ही हारी। स्थानीय विश्लेषक इसे भाजपा की जीत बता रहे हैं। अलबत्ता दिल्ली के गणितज्ञों की बात अलग है। अलबत्ता इन चुनावों ने नवम्बर में पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में एक नई बहस को हवा दे दी है। बिहार में नीतीश कुमार ने जाति के आधार पर जनगणना करवा दी है और राहुल गान्धी को, जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक, का नारा रटा दिया है। वे बिना सोचे समझे देश भर में घूम घूम कर यह नारा लगा रहे हैं। उन्हें लगता है कारगिल में उन्होंने इस नारे को टैस्ट कर लिया है और अच्छे नम्बरों से पास भी हो गए हैं। इसके आधार पर वे अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। लेकिन हक तो जाति संख्या के आधार पर ही मिलेगा। इसलिए अब यह खोजबीन होने लगी है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है, जिसके आधार पर वे इस देश के प्रधानमंत्री होने का हक मांग रहे हैं।

क्या वे हिन्दू होने के आधार पर यह हक मांग रहे हैं? क्योंकि वे मौके बेमौके जनेऊ पहन कर अपने हिन्दू होने का सबूत देने की कोशिश करते देखे गए हैं। लेकिन नीतीश कुमार ने तो स्पष्ट कर दिया है कि हिन्दू होने मात्र से काम नहीं चलेगा, जाति बतानी होगी। जाति की गणना की जाएगी, उसके आधार पर हिस्सेदारी या हक तय किया जाएगा। बहुत से लोगों ने नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया है। उनका कहना है कि यह चाल अंग्रेजों के रास्ते पर चलते हुए देश को तोडे या अराजकता फैलाने के षड्यन्त्र से ज्यादा नहीं है। लेकिन सोनिया परिवार ने तो नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को मान लिया है और उसका प्रचार करता हुआ देश भर में घूम भी रहा है। राहुल गान्धी की बहन प्रियंका गान्धी तो कह रही हैं कि हिमाचल प्रदेश में भी जाति के आधार पर गणना की जाएगी और उसी के आधार पर हिसाब किताब किया जाएगा। इसीलिए यह प्रश्न तेजी से उठ रहा है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है? क्योंकि वे जाति के आधार पर हक मांग रहे हैं। इटली में जाति का आधार क्या है, इसके बारे में कहना मुश्किल है, लेकिन भारत में, चाहे सही चाहे गलत, जाति पिता की जाति से निश्चित होती है। पंडित जवाहर लाल नेहरु ब्राह्मण थे। उनकी बेटी इंदिरा गान्धी भी ब्राह्मण हुईं। इंदिरा गान्धी का विवाह एक पारसी फिरोज गान्धी से हुआ। राजीव गान्धी उनका बेटा था। इस लिहाज से राजीव गान्धी पारसी हुए। राजीव गान्धी की शादी ईसाई मत की सानिया माईनो से हुई। राजीव गान्धी ने शादी के बाद अपना मजहब नहीं बदला वे पारसी ही रहे। राहुल गान्धी उनके सुपुत्र हैं। कायदे से वह पारसी ही हुए। लेकिन यहां एक प्रश्न और पैदा होता है। पारसी को जाति माना जाए या मजहब। पारसी लोग जरदोशनी मजहब को मानने वाले हैं। ईरान में भारत की तरह जाति व्यवस्था नहीं है। इस लिहाज से राहुल गान्धी पारसी ही रहे। लेकिन यदि कोई पारसी या कोई विदेशी, उदाहरण के लिए कोई जर्मन या कोई फ्रांसीसी हिन्दू बन जाता है तो उसकी जाति क्या होगी? उसको जाति नहीं मिल सकती। क्योंकि हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जाति उसका जन्म ही तय करता है। यदि कोई व्यक्ति यादव पिता के घर जन्म ले लेता है तो वह यादव जाति का हो जाता है, कुर्मी जाति के पिता के घर जन्म ले लेता है तो कुर्मी जाति का हो जाता है। मजहब बदला जा सकता है जाति नहीं। इस लिहाज से राहुल गान्धी की जाति पिता के पक्ष से पारसी ही है। यह भारत की जाति व्यवस्था का घालमेल है जिसके बारे में सदियों से चर्चा हो रही है। इसीलिए कहा जाता है जाति को राजनीति से दूर रखना चाहिए। राज्य को सभी जातियों के समाज को समान भाव से देखना चाहिए और समान भाव से ही उनके उत्थान के लिए काम करना चाहिए। इसीलिए नरेन्द्र मोदी का कहना है कि हमारी सरकार जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें जाति के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था नहीं है बल्कि जरूरत के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था है।

लेकिन विपक्ष मान नहीं रहा। उसको लगता है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी तक विचारधारा या काम के रास्ते से होते हुए पहुंचना बहुत मुश्किल है। जाति का रास्ता शार्टकट है व उसी रास्ते पर काफिला डाल देना चाहिए। जाति का यह रास्ता लालू यादव, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खडगे, स्टालिन आदि का देखा भाला रास्ता है। वे इस पर अपने राजनीतिक खेल भी खेलते रहे हैं। लेकिन सोनिया गान्धी के परिवार का रास्ता अब यह रास्ता नहीं है। पंडित जवाहर लाल नेहरु तक यह रास्ता इस परिवार का रास्ता भी था। लेकिन नेहरु को इस बात का श्रेय देना होगा कि उन्होंने राजनीति के लिए जाति के रास्ते का इस्तेमाल नहीं किया। लेकिन इंदिरा गान्धी से जाति की यह गाड़ी पारसी रेल पर सवार होकर पारसी हो गई। लेकिन इसमें राहुल गान्धी का कोई दोष नहीं है। पारसी होना नकारात्मक नहीं है। इस देश के विकास में पारसियों का बहुत योगदान रहा है। जमशेद जी टाटा जैसे अनेक नाम गिनाए जा सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से परदे के पीछे नरेन्द्र मोदी की सरकार को अपदस्थ करने में लगी देशी-विदेशी शक्तियों को जानते बूझते हुए भी, प्रधानमंत्री बनने की लालसा के चलते, राहुल गान्धी भी हाथ में जाति का झुनझुना बजाते हुए मैदान में घूम रहे हैं। जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक, इस फामूर्ले से राहुल गान्धी की जाति का कितना हक बनता है। लोकसभा की एक या दो सीट या उससे भी कम? लेकिन वे नीतीश के दिए फामूर्ले से देश के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं।

भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी।

प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी।

इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्मार्ट फोन उत्पादन, फार्मा, टेक्सटाइल, सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है।

भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए भारत में बेरोजगारी की दर जुलाई 2022 से जून 2023 के खंडकाल के दौरान छह वर्ष के निचले स्तर अर्थात 3.2 प्रतिशत पर आ गई है। एनएसएसओ के अनुसार, एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-जून 2023 में साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी बढ़कर 48.8 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो एक वर्ष पहले 47.5 प्रतिशत थी। हर्ष का विषय यह भी है कि अब भारत में औपचारिक रोजगार की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक तेज गति से बढ़ रही है। औपचारिक रोजगार में कर्मचारियों को सरकारी नियमों के अंतर्गत समस्त प्रकार की सुविधाएं (प्रॉविडेंट फंड, पेंशन, मेडिकल सुविधा, आदि) नियोक्ताओं द्वारा प्रदान की जाती हैं। जबकि अनौपचारिक रोजगार की श्रेणी के कर्मचारियों को केवल मजदूरी अथवा वेतन ही प्रदान किया जाता है। इस प्रकार भारत में अब कर्मचारियों एवं मजदूरों की औसत आय में वृद्धि भी दृष्टिगोचर है। भारत में अब तो त्यौहारी मौसम भी प्रारम्भ होने जा रहा है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, क्रिसमस दिवस, नव वर्ष, महाशिवरात्रि, होली, आदि जैसे बड़े त्यौहार आने वाले हैं, जिन्हें भारत के नागरिक बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं एवं इन त्यौहारों का भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी योगदान रहता है। साथ ही, भारत में अब धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से बढ़ रहा है, जिससे निश्चित ही भारत के आर्थिक विकास को बल मिलेगा। अतः वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास के अनुमान के संदर्भ में जारी किये जा रहे संशोधित अनुमान निश्चित ही सही साबित होंगे।

भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी है

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूवार्नुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी। इ

संक्षिप्त खबरें

जल संसाधन मंत्री जिला में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग

दरभंगा कार्यालय बिहार सरकार, जल संसाधन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, के मंत्री संजय कुमार झा अपने निर्धारित परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान 14 अक्टूबर 2023 को अपराह्न 07 बजे दरभंगा सदर के शोभन में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं राधा देवी उच्च विद्यालय सिकंदरपुर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कस्तूरबा विद्यालय मुसहरी में महिला एवं बाल विकास निगम बिहार, पटना से आए पदाधिकारी द्वारा सेनेटरी पैड वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन सामान्य राहुल कुमार, केंद्र प्रशासक ज्योति कुमारी, वन स्टॉप सेंटर रूबीना पर्विन हंसिका, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मुसहरी ग्रामीण एवं महिला पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

अगले 5 दिनों तक बर्षा की सम्भावना नहीं,छाए रहेंगे बादल

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 14-18 अक्टूबर के पूवार्नुमान के अनुसार, उत्तर बिहार के जिलों में बर्षा की सम्भावना नहीं है।पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल देखे जा सकते हैं। इस अवधि में मौसम के आमतौर पर पुष्क रहने का अनुमान है।इस अवधि में अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 21-23 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।।पेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 40 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है। औसतन 5-6 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है।शुष्क मौसम की संभावना को देखते हुए किसानों को अगात धान एवं मक्का की तैयार फसलों की कटाई एवं झराई करने की सलाह दी गई है। तोरी की आर.ए.य.टी. एस.- 17, पंचाली, पी.टी.-303 एवं भवानी प्रभेद की बुआई संपन्न करें। सरसों एवं राई की बुआई करें। सरसों के लिए उन्नत प्रभेद 66-197-3, राजेन्द्र सरसों-1 तथा स्वर्णा एवं राई के लिए किस्में वरुणा, पूसा वोल्ड, क्रान्ति, पूसा महक एवं राजेन्द्र सुफलाम इस क्षेत्र के लिए अनुसंशित हैं। बीज दर 5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा बुआई 3010 से०मी० पर कतार में करें बुआई के समय खेत की जुताई में 30-40 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम स्फुर 40 किलोग्राम पोटास एवं 30-40 किलोग्राम गंधक प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करे जिंक की कमी वाले खेत में 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर की दर से व्यवहार करने का सुझाव दिया गया है।

जीविका दीदियां अब किसानों को बीज भी उपलब्ध करायेंगी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। समर्पण जीविका महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, मुजफ्फरपुर द्वारा मुशहरी प्रखंड स्थित हरपुर बखरी गांव में 4 मीट्रिक टन प्रति घंटा उत्पादन क्षमता के एक बीज प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया। इस इकाई को बसोका (बीएसएसओ) द्वारा निबंधन सर्टिफिकेट प्राप्त हो चुका है। इस इकाई को बनाने में लगभग एक वर्ष लगा है।करीब 80 लाख की लागत से स्थापित इस इकाई से बिहार के किसानों के लिए एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, जिससे जीविका दीदियांअब किसानों को बीज भी उपलब्ध करायेंगी एवं गाँव में रोजगार सृजन हो पायेगा। संयंत्र से निर्मित बीज उच्च गुणवत्ता वाले और निर्धारित सभी आवश्यक मानकों के शत प्रतिशत अनुरूप होंगे। साथ ही कंपनी ने बीज डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के लिए एक नीति भी बनाई है जिसके लिए सभी योग्य व्यक्ति आवेदन सकते हैं। हालाँकि वरीयता जीविका से जुडे परिवारों को ही दी जाएगी. बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ एन सरवन कुमार ने इस इकाई का उद्घाटन मशीन चला कर शुरू किया।. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉक्टर एन सरवन कुमार ने कहा कि बिहार में कृषि क्षेत्र में अगर चुनौतियां हैं तो संभावनाएं भी हैं। उन्होंने कहा कि बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता बिहार की कृषि के परिप्रेक्ष्य में उत्पादकता में मील का पत्थर साबित होगी। किसान उत्पादक कंपनियां छोटे और सीमांत किसानों के लिए कृषि विपणन को बदलने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। जीविका छोटे किसानों के जीवन पर किसान उत्पादक कंपनी के परिवर्तनकारी प्रभाव को पहचानते हुए पूरे बिहार में एफपीसी के विकास को एक सार्थक दिशा दे रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल जिला विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि विकास और चुनौतियां समांतर चलती रहती हैं। इसका एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आमतौर पर किसान खेती तो करते हैं पर खेती को पढ़ते नहीं हैं। जीविका अपने नवाचारों से एफपीसी की विकास यात्रा में इस मिथक को तोड़ते हुए किसानों के नए प्रतिमान करने में काफी हद तक सफल रही है। उन्होंने कहा,यात्रा अभी जारी है और रुकनी भी नहीं चाहिए। दरअसल,जीविका द्वारा समर्थित एफपीसी द्वारा कई व्यावसायिक क्षेत्रों में सफल साबित हुआ है। इसकी एक बानगी समर्पण जीविका महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड है ,जो तीन अलग-अलग व्यावसायिक क्षेत्रों, बीज उत्पादन ,इनपुट की व्यवस्था और विपणन के क्षेत्र में काम कर रही है। बीज उत्पादन के लिए कंपनी, कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर सहित अन्य विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से आधार बीज प्राप्त करेगा। एफसी द्वारा प्रसंस्कृत बीजों का प्रमाणीकरण बसोका द्वारा किया जाएगा। यह प्रमाणीकरण बीजों की अखंडता को बनाए रखने और किसानों में विश्वास पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है जो अपनी फसलों के लिए उन पर भरोसा करते हैं। बीज प्रसंस्करण संयंत्र सदस्य किसानों के सहयोग से क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाएगा। इन किसानों को बसोका के साथ पंजीकृत किया जाएगा और बीज उत्पादन भी बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के चिन्हित बीज गांवों के माध्यम से किया जाएगा। इस रणनीति का उद्देश्य बीज उत्पादन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और बिहार में प्रमाणित बीजों की उपलब्धता में सुधार करना है। बीज प्रसंस्करण संयंत्र इन उच्च गुणवत्ता वाले बीजों को किसानों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विपणन चैनलों का उपयोग करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष खुदरा बिक्री, कृषि उद्यमियों और कैप्टिव बाजार में अन्य जीविका-पोषित किसान उत्पादक कंपनियों के माध्यम से थोक वितरण शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन किसान उत्पादक संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजकुमार और संस्था की अध्यक्ष श चंदा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इकाई के उद्घाटन अवसर पर जीविका के राज्य कार्यालय से राज्य परियोजना प्रबंधक झ फार्म जितेंद्र कुमार, परियोजना प्रबंधक झ मार्केटिंग एंड इनोवेशन डॉ देवेश कुमार एवं यंग प्रोफेशनल प्रदीप भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। जीविका जिला परियोजना इकाई से अनिषा गांगुली, कुनाल कुमार समेत कई कर्मी शामिल हुए।. एमएससी टीम से प्रदीप मिश्रा,राजीव रंजन,शोभा साह, सिद्धार्थ कुमार,राज कुमार, कुणाल किशोर,प्रत्युष गौरव तथा मनीष भी शामिल रहे।

दो वाहनों में जोरदार टक्कर, दुकान में घुसा कंटेनर ,3 घायल

प्रात: किरण संवाददाता

बोचहा।थाना क्षेत्र के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर कन्हारा ढाला के समीप तेज रफ्तार कंटेनर और पानी टैंकर में जोरदार टक्कर हो गई, इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, बताते चले की शुक्रवार की दोपहर में पानी टैंकर से हाईवे पर लगे पौधों को पानी दी जारही थी, तभी मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर और हाईवे पर खड़ी पानी टैंकर में जोरदार धक्का लगा, घटना के बाद पानी टैंकर रोड किनारे बने पंचर फिटिंग के दुकान में घुस गया वही कंटेनर गुमटी को तोड़ते हुए गड्ढे में चला गया, इस दौरान दुकानदार ने भाग कर अपनी जान बचाई, गायघाट थाना क्षेत्र के काकड़िया गांव निवासी मंजाय राम के पुत्र गुलशन कुमार ने बताया की कंटेनर और पानी टैंकर की टकड़ने की आवाज सुनाई दी देखा की कंटेनर तेजी से मेरे दुकान की ओर आ रहा है, हम ने फौरन दुकान से कूद कर भागा तब जाकर मेरा जान बचा, वही पियर थाना क्षेत्र निवासी मो मुस्ताक ने कहा की गनिमत रही की हादसा के समय दुकान में कोई भी मौजूद नहीं था नहीं तो जानी नुकसान हो सकता था। हादसे में संजय पासवान, नवीन कुमार, कंटेनर चालक घायल बताया गया है, इस घटना की सूचना ना स्थानीय प्रशासन को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, साथ ही हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन को जप्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है

पीजी हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो डॉ उषा सिन्हा द्वारा आरएम कॉलेज का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बीएनएमयू मधेपुरा विश्वविद्यालय का भ्रमण निरीक्षण कार्यक्रम अधीन शुक्रवार को राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में पीजी हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो डॉ उषा सिन्हा द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने विभिन्न विभागों में जाकर शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति पंजियों का निरीक्षण किया। शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति पर काफी सतुष्टि व्यक्त कीं।उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षा संकाय एवं कम्युनिटी कॉलेज की भी निरीक्षण करते हुए विभिन्न समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। प्रधानाचार्य प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी ने स्नातकोत्तर के कुछ विभागों में शिक्षकों की जरूरत की जानकारी दी। विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों के प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के पास उन्नत प्रयोग सामग्रियों का लाभ बच्चों को मिल रहा है। उन्होंने सभी विभागों के शिक्षकों से पचहत्तर प्रतिशत उपस्थिति को बराबर संतुलित रखने के संबंध में बताया तो सभी शिक्षकों ने नियमों के पालन एवं क्रियान्वयन का पूरा भरोसा दिलाया। समय से एसाइनमेंट जमा कराने तथा आंतरिक परीक्षा आयोजित करने पर भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। जाते समय महाविद्यालय के शिक्षण अधिगम गतिविधियों पर उन्होंने काफी संतोष व्यक्त किया है।

श्रम विभाग ने 3 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

प्रात: किरण संवाददाता

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में प्रभारी श्रम अधीक्षक ज्योति सिंह के नेतृत्व मे कोटवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जिसका संचालन श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर प्रभारी कोटवा कीर्तिवर्धन कुमार सिंह द्वारा किया गया। जाँच के क्रम में कोटवा प्रखंड के कुल-03 प्रतिष्ठानों क्रमशः चंपारण स्वीट्स, मंटू स्पेयर पार्ट्स एवं संध्या ऑटो सर्विस सेंटर से 1-1 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही प्रभारी श्रम अधीक्षक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम, प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। प्रभारी श्रम अधीक्षक द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20 हजार प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर प्रभारी कोटवा कीर्तिवर्धन सिंह,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चकिया आशुतोष झा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा विकास कुमार मिश्रा तथा कोटवा थाना के 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन टैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

बिहार बार काउंसिल के तत्वावधान में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार बार काउंसिल बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर के तहत बार काउंसिल भवन के समक्ष शुक्रवार को एक दिवसीय धरना आयोजित हुई।जिसकी अध्यक्षता पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता राम संदेश राय ने की। जिसमें उच्च न्यायालय, पटना के वरीय एवं कनीय दर्जनों अधिवक्ताओं ने सभा का संबोधन किया।जिसमें कोशी से जिला विधिवेत्ता संघ, सहरसा के पूर्व कोषाध्यक्ष आदित्य ठाकुर ने संबोधन में कहा बार काउंसिल की मनमानी मतदाता सूची बनाने से लेकर नामांकण शुल्क में बेतहाशा वृद्धि करते हुए तीन गुणा कर 30 हजार कर युवा अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व को रोकने के लिए किया गया हैं। धरना कार्यक्रम को संबोधन करने में मुख्य रूप रामजीवन प्रसाद सिंह, जगदीश्वर प्रसाद सिंह, पूजा आर्या,मनिष ओमप्रकाश सिंह, मणि लाल, राजाराम राय,अशोक कुमार, महेश्वर राय,डां नलिन कुमार आदि दर्जनों अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के मनमानी पर अपना - अपना आक्रोश दिखाये।

राजद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रतिलाल व प्रधान महासचिव रमेश चंद्र राणा हुए मनोनीत

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जिला राष्ट्रीय जनता दल की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रो मो ताहिर ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से सलखुआ के रतिलाल यादव को पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष का मनोनयन पत्र दिया गया।वही पतरघट मुखिया रमेश चंद्र राणा को पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रधान महासचिव मनोनित किया गया।पंचायती राज जिलाध्यक्ष रतिलाल यादव एवं रमेश चंद्र राणा ने कहा की हम सभी प्रखंडों में अपने सेल का विस्तार करेंगे एवं राष्ट्रीय जनता दल को मजबूत करने का काम करेंगे।इस मौके पर मौजूद प्रदेश महासचिव धीरेंद्र यादव एवं जिला प्रवक्ता जावेद अनवर चांद, सुरेंद्र यादव,संतोष चौधरी,मो अख्तर हुसैन,दुलारचंद यादव, अमजद खान,सतीश शाह,छात्र राजद धीरज कुमार, छात्र राजद प्रिंस कुमार,मो मोबिन,मो साहिल,सुमन झा,दिनेश निषाद, आदि सभी नेताओं ने मनोनीत जिलाध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

जिलास्तरीय भारोत्तोलन खेल का खेल पदाधिकारी नें किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय भारोत्तोलन खेल का उद्घाटन संयुक्त रूप से खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, कॉमर्स आफ चैम्बर अध्यक्ष विशाल कुमार, भाजपा नेता सिद्धार्थ सिद्धू, तैराकी संध सचिव, सूटिंग जिला सचिव त्रिदेव सिंह संयुक्त रूप से ने किया।ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय भारोत्तोलन युथ, जुनियर, सीनियर बालक, बालिका प्रतियोगिता दिनांक 26 से 29 अक्टूबर को नावादा जिला में होना सुनिश्चित है। तीनों राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी वजन में बालक,बालिका लिफ्टर अपने अपने वजन में जो प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। वहीं खिलाड़ी लिफ्टर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित किया जाएगा। तीनों राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल लिफ्टर को जिलाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया।वही 25 अक्टूबर को कोशी एक्सप्रेस से नावादा जिला रवाना किया जायेगा। इस मौके पर जिला भारोत्तोलन संघ अध्यक्ष डॉ बिजय शंकर,डॉ रवि कुमार,डॉ शैलेन्द्र कुमार,वरीय अधिवक्ता सरक्षक संतोष दत्ता,संरक्षक व्यापार संघ अध्यक्ष अर्जुन चौधरी ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।इसकी जानकारी भारोत्तोलन संघ सचिव हरेंद्र सिंह मेजर ने दी।

2 नवम्बर को गांधी मैदान, में भाजपा हटाओ-देश बचाओ रैली होगी ऐतिहासिक : भाकपा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का मुजफ्फरपुर जिला सम्मेलन पुरानी गुदरी रोड में तपेश्वर लाल विजेता नगर के तपन कुमार डे सभागार में सम्पन्न हुई। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा केन्द्र कि मोदी सरकार के शासनकाल में गरीब मजदूरों की मुश्किलें बढ़ीं है। गरीबों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के केन्द्रीय आबंटन में लगातार कटौती किया गया है। गरीब मजदूर, छोटे-मझौले व्यापारी ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सरकार गरीब, मजदूर, किसान विरोधी तथा कॉरपोरेटपक्षी साबित हो चुकी है। इन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाजपा सरकार की नाकामी तथा वादाखिलाफी के खिलाफ आगामी 02 नवम्बर को गांधी मैदान पटना में भाजपा हटाओ-देश बचाओ नारे के साथ विराट रैली का आयोजन की है। इन्होंने पार्टी सदस्यों, हमदर्दों से पटना रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर वास रहित भूमिहीन परिवारों को 05 डीसमल जमीन देने, बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए मजदूरों का घर उजाड़े जाने के खिलाफ तथा शहर को नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने तथा जलजमाव से निजात दिलाने के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। नगर सम्मेलन का आरंभ झंडोत्तोलन तथा शहीद वेदी पर माल्यार्पण से किया गया। सम्मेलन में कार्यप्रतिवेदन नगर सचिव रंजन महतो ने प्रस्तुत किया जो बहस के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता केदारनाथ गुप्ता तथा नवल किशोर पाण्डेय की अध्यक्षमंडली ने किया। नगर सम्मेलन को जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद् सदस्य शम्भू शरण ठाकुर, सहायक जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, जिला परिषद् सदस्य सुनील कुमार ठाकुर तथा महेश चौधरी आदि पार्टी नेता सम्बोधित किए। सम्मेलन में अगले सत्र के लिए 25 सदस्यीय नगर परिषद् का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रंजन महतो नगर सचिव, सुनील कुमार ठाकुर तथा कन्हैया कुमार सहायक सचिव तथा नवल किशोर पाण्डेय कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए।

रक्सौल की आम समस्याओं से चैम्बर ऑफ कॉमर्स प्रशासन को कराया अवगत

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सचिव राजकुमार गुप्ता,मोहम्मद निजामुद्दीन आदि की प्रतिनिधिमंडल ने नगरपरिषद् रक्सौल अंतर्गत आमजनों एवं व्यापारिक संस्थानों के हितार्थ, नियमित व आम बुनियादी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु कुछ आवश्यक प्रमुख बिंदुओं पर संज्ञानार्थ एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक रक्सौल को सौंपा, और कलाकृतियां भेंट कर सम्मानित भी किया। जिसकी जानकारी देते हुए रक्सौल चैम्बर के मिडिया प्रभारी सह प्रवक्ता शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि दशहरा, दीपावली,छठ पर्व आदि त्योहारों में अंतरराष्ट्रीय महत्व की शहर रक्सौल के आस-पास की ग्रामीण क्षेत्रों, पड़ोसी राष्ट्र नेपाल एवं देश-विदेश के पर्यटकों का आवागमन में अप्रत्याशित वृद्धि होती है। जिसके मद्देनजर चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने कर्तव्यों के प्रति जागरूक अनुमंडल पदाधिकारी रविकांत सिन्हा एवं अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक धीरेन्द्र कुमार को ज्ञापन में अंकित प्रमुख बिंदुओं को अवलोकनार्थ कराया और त्वरित समुचित विधि-व्यवस्था निर्धारण करने का आग्रह किया।

वहीं अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती व सीसीटीवी कैमरे तथा नगरपरिषद् अन्तर्गत सभी मुहल्लों व वार्डों में गस्ती सुनिश्चित करते हुए सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का सार्थक प्रयास और साथ हीं साथ दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों को चिंहित पार्किंग स्थल पर लगवाना सुनिश्चित किया जाए तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का समुचित प्रयास रहें। ताकि आने जाने वाले पर्यटकों व आम नागरिकों को शहर में सुखद अनुभूति का मनोरम अहसास हो। तदोपरांत संवेदनशील व कर्तव्यपरायण अनुमंडल पदाधिकारी ने सुझावों व ज्ञापन पर गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित एक बैठक अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी के साथ साथ रक्सौल के प्रमुख समाजसेवी संस्था लायंस क्लब ऑफ रक्सौल, स्वच्छ रक्सौल तथा रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ समस्याओं के समाधान हेतु 13/10/2023 को आहूत किया और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अतिमहत्वपूर्ण एवं संवेदनशील मुद्दे पर विशेष ध्यान रख अविलंब सकरात्मकता के साथ समाधान सुनिश्चित करने का दिशा-निर्देश के साथ मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष का किया गया सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। राजद अनुमंडलीय कार्यालय रक्सौल मे निवर्तमान नगर अध्यक्ष युवा राजद प्रदीप प्रेम की अध्यक्षता मे युवा राजद के नवमनोनित प्रखण्ड अध्यक्ष सैफुल आजम एंव नवमनोनित नगर अध्यक्ष कुमार दुर्गेश साह का फूल माला एंव मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया गया। मौके पर राजद पूर्व प्रत्याशी रक्सौल विधान सभा सुरेश यादव ने सर्व प्रथम दोनों नव मनोनीत अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि सैफुल आजम एंव दुर्गेश का जोड़ी मिलकर पार्टी संगठन को और धारदार बनाएंगे, दुर्गेश साह को नगर क्षेत्र मे पार्टी को मजबूत बनाने में मेहनत करना होगा ताकि नगर संगठन धारधार बने। वही प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम ने कहा सैफुल आजम एंव दुर्गेश साह की जोड़ी से विपक्षी पार्टियों में भय की माहौल है, इस जोड़ी को रक्सौल युवा राजद का कमान मिलने से कार्यकर्ताओ में एक अलग जोश आया है। इनके आने से पार्टी एंव संगठन को मजबूती मिलेगी।वही सुनील कुशवाहा ने कहा लालू यादव एंव उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी गरीबो की पार्टी है, यहां धन संपत्ति देखकर नही यहां कार्यकर्ताओ की कार्य क्षमता देखकर जिम्मेवारी दी जाती है। इन दोनों को बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश महासचिव सोमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि राजद ए टू जेड की पार्टी है। लालू जी कार्यकर्ताओ की चेहरा देखकर नही उनके कार्य देख कर पद देते है। राजद ऐसा पार्टी है, जहां किसी को नही पता रहता है कि वह कल क्या होगा ?जिसका उदाहरण मुन्नी रजक हैं, उनको एक दिन पहले तक पता नही था कि सुबह मेरे एमएलसी बनने की खबर आएगा, इसलिए सभी कार्यकताओं से अनुरोध है, आप पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी से काम करें।लालू जी आप पर कब विचार कर देंगे, कोई नही जानता। इसी के साथ मेरा आशीष आप दोनों के साथ हमेशा रहेगा। वही मौके पर प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम, मदन गुप्ता, हीरालाल साह, सोमेशवर कुशवाहा, प्रखण्ड अध्यक्ष युवा राजद सैफुल आजम, नगर अध्यक्ष युवा राजद कुमार दुर्गेश साह, प्रखण्ड अध्यक्ष अल्पसंख्यक हँसीबुर्रह्मान, मुसा आलम, पैक्स अध्यक्ष चुनचुन यादव, उनित यादव, अरविंद कुमार, अनिल दास, अरविंद कुमार, उमर अंसारी, पुरषोतम जायसवाल, मुन्ना यादव, बिट्टू सिंह, मनीष यादव, राजू ठाकुर, अफरोज आलम, सुशील रौनियार, संतोष यादव एवं करण कलवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

जनता दरबार में जिलाधिकारी ने किया कई मामलों का निष्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 140 से अधिक परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारियो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया। प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद नल-जल योजना आपसी विवाद जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समजिक सुरक्षा योजना बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए।शिकायत कर्त्ता ग्राम-पिरोखर निवासी सुरेन्द्र कुमार प्रखण्ड-मधवापुर ने शिकायत किया की पत्नी के मरने उपरांत उनको मिलने वाला एम०ए०सी०पी० का लाभ नही मिला है। प्रखण्ड-झंझारपुर परसा पंचायत निवासी राम विलास सदाय एवं रतिलाल राम एवं अन्य ने अनुरोध किया कि उनके गाव में सामूहिक शमशान घाट के पास पंचायत सरकार भवन निर्माण रोकने का अनुरोध किया गया। प्रखण्ड-बाबूबरही निवासी मालती देवी पति- देवेन्द्र राय ने शिकायत कि उनके कुछ ग्रामीणों के द्वारा उनका जमीन धोखाधडी एवं जाल साजी से जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने न सिर्फ आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि, उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्तजनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर डीडीसी विशाल राज, सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

पदाधिकारी व कार्यकताओं की बैठक हुई संपन्न

भागलपुर। जदयू के प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर कपूरी चर्चा कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है। वही नाथनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पार्टी अधिकारियों के साथ बैठक स्थानीय विवाह भवन कई बिंदुओं पर अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनता दल यूनाइटेड के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे है। इस मौके पर जिला परिक्षेत्र के कार्यकर्ता, राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी गण, वर्तमान व पूर्व सांसद, विधायक व विधान पार्षद, सहित प्रदेश कार्यालय से नियुक्त नाथनगर के विधानसभा के प्रभारी के अलावा सबौर, जगदीशपुर, नाथनगर के प्रखंड प्रभारी व जिला कार्यकारणी सदस्य व पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व सभी सहयोगी कार्यकर्ता मौजूद थे।

बालू लोड ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, चालक को भेजा जेल

संग्रामपुर (मुंगेर)।बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ संग्रामपुर थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। बावजूद इसके काली एवं मोटी कमाई की लालच में बालू माफिया इस काले धंधे से अपना मुँह नहीं मोड़ पा रहें हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कहुआं क्रीड़ा मैदान के समीप से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर व चालक को पकड़ने मेंपुलिस को सफलता मिली। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एवं चालक पर बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर प्राथमिक की दर्ज की गई है। उन्होनें कहा कि ट्रैक्टर चालक हरपुर थाना क्षेत्र के गनैली गाँव निवासी डब्लू कुमार को न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया।

अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संग्रामपुर(मुंगेर)।गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में तारापुर के अग्निशामालय पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नित्यानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल शांति नगर तारापुर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता से संबंधित मॉकड्रिल कराया गया। मॉकड्रिल में गैस सिलेण्डर तथा बिजली के शार्ट सर्किट से लगने वाले आग एवं इसके बचाव तथा आग बुझाने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया एवं दुर्गा मंदिर पंडाल मासुमगंज एवं दुर्गा मंदिर पंडाल रामपुर में अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।एवं पंडाल में अग्नि सुरक्षा हेतु क्या किया जाय क्या नहीं किया जाय की विस्तृत जानकारी दी गई मौकेपर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी वंदना कुमारी पप्पू कुमार ,नागेन्द्र कुमार आकाश कुमार, एवं श्रवण कुमार उपस्थित थे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल में सेविका-सहायिका ने किया प्रदर्शन

हवेली खड़गपुर(कोर्ट)।बाल विकास प्रखंड परियोजना कार्यालय हवेली खड़गपुर मे13वांदिन की अनिश्चितकालीन हड़ताल सैकड़ो सेविका व सहायिका के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता परियोजना कार्यकारी अध्यक्ष मालती सिंह ने की। अध्यक्ष मालती सिंह ने सरकार की वादा खिलाफी और उनकी दोगली नीति के बारे में जमकर भाडस निकाली। राज्य परिषद सदस्य कुमारी पुष्पा ने बिहार सरकार की दोहरी नीति के बारे में कहा कि एक तरफ संविदा कर्मी का मानदेय बढ़ाया गया।कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी शिव शंकर चौधरी ने सरकार की मंशा के बारे में बताया कि विगत 5, 6 महीनों से सेविका व सहायिका का मानदेय बकाया है। जिसका भुगतान राज्य सरकार द्वारा अब तक नहीं किया है।

भ्रष्टाचार मिटाओ अरवल बचाओ को ले बसपा करेगी महापंचायत : मनोज

अरवल। बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला कमेटी विधानसभा कमेटी का बैठक किया गया इसमें पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश महासचिव व्यास मुनि दास ने कहा कि जिले को सशक्त संगठन बनाने के लिए बसपा चला गांव की ओर हर गांव में बुथ कमेटी बनाना है और अरवल जिला को एक सशक्त संगठन बनाना है बसपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव ने कहा कि अरवल जिला में बहुजन समाज पार्टी द्वारा लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन चलाया जा रहा है संगठन को मजबूत कर 5 जनवरी 2024 को अरवल जिला के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बहुजन समाज पार्टी का भ्रष्टाचार भगाओ भ्रष्टाचार मिटाओ अरवल बचाओ महापंचायत लगाई जाएगी बहुजन समाज पार्टी के कुर्था विधानसभा अध्यक्ष संजय रविदास ने कहा कि कुर्थाॅ विधानसभा में मजबूत संगठन करते हुए आने वाले चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को मजबूती प्रदान किया जाएगा प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक मिशनरी पार्टी है सबको सम्मान देने वाला पार्टी है आने वाले 2024 में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन कुमारी मायावती को देश के बागडोर देखकर गरीबों का सम्मान बढ़ाने के लिए संगठन को मजबूत करना चाहिए जहानाबाद जिला उपाध्यक्ष हृदय नंदन चंद्रवंशी ने कहा बहुजन समाज पार्टी मान्यवर काशीराम साहब का दिया गया।

डीएम कार्यलय के मुख्य द्वार पर किया जमकर प्रदर्शन

अपनी मांगों को ले कॉलेज छात्राओं ने प्राचार्य का किया घेराव

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू के सुंदरवती महिला महाविद्यालय की सेमेस्टर वन सत्र 2023 -27 की छात्रा ने अपनी मांगों को लेकर पहले तो अपने कॉलेज में ही प्राचार्य का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। जब प्राचार्या के द्वारा उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह समाहरणालय गेट के समीप पहुंचकर जमकर घंटों हंगामा शुरू कर दिया हालांकि यह भीड़ देखकर सुंदरवती महिला महाविद्यालय के कुछ कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी समाहरणालय मुख्य गेट के समक्ष जहां लड़कियों की भीड़ लगी थी वहां पहुंचे और लड़कियों को समझा बूझकर महाविद्यालय भेज दिया गया था, लेकिन मामले को लेकर अब सवाल उठ रहा है कि इन छात्राओं को सड़क पर क्यों उतारना पड़ा है, वहीं मामले को लेकर आक्रोशित छात्राओं का कहना है हमलोगों को कॉलेज में 75% उपस्थिति अनिवार्य होने की बात कही जा रही हैं, लेकिन उपस्थिति पंजी रजिस्टर में कॉलेज में रहते हुए कागज पर उपस्थित दर्ज की जाती है शायद इसमें कर्मचारी कुछ फेरबदल करते हैं, महाविद्यालय के क्लास रूम में बैठने की जगह तक नहीं है। एक ही बेंच पर 5 से 6 छात्राएं की संख्या में किसी तरह बैठते हैं, हम लोगों के लिए पीने के पानी की भी सही ढंग से नही मिल पा रही है।

महाविद्यालय के उदासीन रवैये से तंग होकर अपनी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा है। वही छात्राओ ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम लोगों को फॉर्म नहीं भरने दिया जा रहा है, क्योंकि 75% उपस्थित दर्ज नहीं हो पाई है। जब हम लोग कॉलेज पहुंचते हैं, तो वहां क्लास ही नहीं चलता है, इसलिए हम लोग कॉलेज पहुंच कर क्या करेंगे। हम छात्राओं के साथ शिक्षकों की मनमानी कहीं से सही नहीं है, ये सवाल हर किसी के गले नही उतरती दिख रही हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग की कुशल शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल छात्राओं के भविष्य को लेकर खड़े हो रहे हैं।

रंगदारी मांग के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार : एसपी सिटी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिलेभर में एक तरफ पुलिस अपराध पर नकेल कसने के लिए लगातार अपराध समीक्षा बैठक कर अपने संबंधित पुलिस पदाधिकारी को अपराध व अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतू दिशा निर्देश जारी कर हिदायत कर रही है।

वहीं दूसरी तरफ जिला परिक्षेत्र इलाके में अपराधी खुलेआम गोलीबारी की घटना को अंजाम देते दिख रहे हैं। वही क्षेत्र इलाके में अंधेरा ढलते ही खुलेआम हाथों में पिस्तौल और राइफल ले पुलिस को कड़ी चुनौती दे अपने मंसूबों को पूरा करने के फिराक में डटे चल रहे हैं। वही अपराधी लगातार क्षेत्र इलाके में लूट, छिनतई, हत्या व रंगदारी की मांग की वारदात को अंजाम देते चल रहे हैं। इसी कड़ी में एक और वारदात घटित होने का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जारी वीडियो जिला औद्योगिक थाना परिक्षेत्र इलाके का बताया जा रहा है। वही मामले को लेकर पुलिस को भनक लगते ही प्राप्त वीडियो की सत्यता की जांच में जुटी और संबंधित जानकारी के आलोक में औद्योगिक परिक्षेत्र थाना इलाके के ग्राम मनसरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप कुछ अपराधी तत्व युवकों ने बीती रात खुलेआम दहशत फैलाने के उद्देश्य को लेकर फायरिंग करते हुए पाया गया है, साथ ही अपराध कर्मी इलाके के प्रतिष्ठित ग्रामीण से रंगदारी की मांग किये जाने का मामला भी सामने आया था। उक्त वारदात की सूचना के तहत स्थल की जानकारी मिलते ही संबंधित अपराध कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु औद्योगिक परिक्षेत्र पुलिस द्वारा त्वरित घटना स्थल पर पहुंच मौके से 5 अपराध कर्मियों को एयर गन एवं बुलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार 5 बदमाशों में से 3 बदमाशों को शराब के नशे में पाये गयें है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार पांचो आरोपी की पूछताछ व जांच क्रम में पुलिस ने उनके पास से एक एयर गन व बुलेट बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक में सतीश कुमार, पवन यादव, निशांत कुमार, सुमन कुमार और चंदन कुमार के रूप में पहचान की हैं। गिरफ्तार बदमाशों के संबंधित अपराधीक इतिहास खांगाल जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी अमित रंजन ने साझा कर दी है।

छात्र पर अपराधियों ने चाकू से किया जनलेवा हमला

प्रात : किरण संवाददाता

सबौर (भागलपुर)। सबौर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत एक छात्र पर जनलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय इलाके के प्रखंड के मुख्य बाजार स्थित स्टार लाइट कंप्यूटर सेंटर से पढ़ाई कर जब छात्र अपने घर वापस लौट रहा था तभी पूर्व से घात लगाए बदमाश तत्व युवकों ने अचानक चाकू से जनलेवा प्रहार कर दिया था। जिससे 18 वर्षीय बीए के छात्र ओम कुमार चाकू के तेज प्रहार से गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही बदमाश युवक आसपास के लोगों के आने की आहट पा कर मौके से फरार होने में सफल हो गया। वही घटना के बाद स्थानीय इलाके के राहगीरों ने 112 पुलिस को मामले की सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच घायल छात्र को लहूलुहान हालत में उठाकर त्वरित इलाज के लिए सबौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह अस्पताल में लेजाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा त्वरित इलाज प्रक्रिया शुरू कर दी। जिसके बाद चिकित्सक ने छात्र की हालत की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

वही घटना को लेकर घायल छात्र ओम कुमार ने बताया कि विगत 20 दिन पूर्व इलाके के युवक सुशांत राज और उसके एक साथी से हमारी कहां सुनी हुई थी, उसने मेरे ऊपर आरोप लगाया था कि तुम लड़की का चक्कर काटना छोड़ दो नहीं तो तुमको हम जान से मार देंगे की धमकी दी थी। मैंने इस बात की जानकारी अपने परिजनो को नहीं बताई, मैंने सोचा की हल्का- फुल्का झगड़ा है। मेरा जब किसी लड़की से कोई संबंध नहीं है तो मेरे साथ क्या होगा, जबकि मेरा किसी के साथ कोई संपर्क नहीं है।

वही उक्त विवाद को ले पूर्व से घात लगाकर बैठे हुए थे ये पता नहीं था, लेकिन जब में कंप्यूटर क्लास से वापस अपने घर मिजार्पुर जाने के लिए निकला तो इसी क्रम में ओटो से ब्लॉक चौक पर उतर रहे थे, तभी सुशांत राज और उसके एक साथी ने मिलकर मेरे साथ हाथापाई शुरू कर दी, जब बीच बचाव करने के क्रम में उन दोनों ने चाकू से बार बार प्रहार करना शुरू कर दिया, जिससे काफी बचने का प्रयास किया लेकिन में उसके चाकू से प्रहार से में गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही दोनों युवकों ने तेज धार चाकू से मेरे गले के दाहिने तरफ प्रहार किया, उसके बाद बाएं तरफ पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया, गरीमत रही कि में अपने बचाव के लिए जोर शोर से चिल्ला रहा था, तभी 112 पुलिस की गश्ती पुलिस मौके पर पहुंच मुझे घायल अवस्था में मौके से उठाकर त्वरित इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मामले को लेकर सबौर थाना पुलिस को जानकारी मिलते ही त्वरित घायल छात्र के हालत स्थिति का जायजा लेने के साथ आरोपी युवकों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कवायद में जुट गई है।

झाड़-फूंक के नाम पर पैसे ठगी करने का मौलाना पर लगाया आरोप

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। इन दिनों जिला परिक्षेत्र इलाके में एक नया मामला सामने आता दिख रहा है। वही दक्षिण क्षेत्र इलाके की महिलाओ के साथ झाड़-फूंक व ईलाज के नाम पर लाखो रुपए ठगी करने का आरोप अमीर हसन लेन जब्बारचक तातारपुर के डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद पर लगाया गया है। वही मामले को लेकर सेवा एवं सोल फाउंडेशन के संस्थापक पीड़ित महिलाओं के साथ न्याय की गुहार ले एसएसपी के समक्ष पहुंची। जहां उन्होंने नीम हकीम के रूप में लोगों के बीच इलाज का बाजार चलाने वाले डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार ले न्याय की मांग की है। वही नयावाद सेवा आवर सोल एक निजी फाउण्डेशन के संस्थापक सहित पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया है। फाउंडेशन के संस्थापक ताहिस्ता प्रवीण एवं पीड़ित महिलाओं ने कहा कि तातारपुर स्थित जब्बारचक इलाके के डॉ. मिन्हाज कमाल उद्दीन आजाद एक फर्जी डॉक्टर है, जिन्होंने इलाज के नाम पर गरीब मरीज महिला को बरगलाने के साथ तरह-तरह के जादू टोना के झांसा दे बहला फुसलाकर मोटी रकम ऐंठने का गोरख धन्दा का बाजार चलता है, वही उनके नुमाइंदे इलाके के सामान्य गरीब परिवार के महिला के साथ ठगी कर अपना शिकार बनाता है। वही इसके झांसे में आकर कई महिला इनके शिकार बनती जा रही है। वही जब इनके विरुद्ध बोलने पर महिलाओं को डॉ. सहित अपने बेटे द्वारा गाली-गलौज व मारपीट करने की धमकी देते है। वही मामले को लेकर गम्भीरता से लेते हुए संबंधित थाने की पुलिस को एसएसपी आनंद कुमार ने कार्रवाई किये जाने हेतू निर्देशित किया है। वही महिलाओं को एसएसपी ने दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने को आश्वस्त किया है।

घूस लेते एसआई को रंगे हाथों निगरानी टीम ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। एक तरफ जहां नीतीश सरकार पूरे बिहार को सुशासन की सरकार बता ढोल पीटते नजर आती है। वहीं दूसरी तरफ बिहार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचा दिखाई दे रहा है, ताजा मामला बांका जिला अंतर्गत चांदन थाना से प्रकाश में आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि चांदन थाना के पुलिस अवर निरीक्षक को निगरानी की टीम ने 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र इलाके के परिवादी टुनटुन यादव ने चांदन थाना में पद स्थापित पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पासवान के विरुद्ध 30 हजार रुपये की मांग किये जाने का मामला निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज की थी। वही उक्त मामले को लेकर निगरानी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की और तथ्य सही पाया है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के गौतम कृष्ण ने बताया कि चांदन थाना में नियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार पासवान को निगरानी टीम ने 20 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई के तहत न्यायिक हिरासत में लेते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए भागलपुर न्यायालय निगरानी कोर्ट में पेश किया गया है।

बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल का किया गठन

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार श्रम संसाधन विभाग भागलपुर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल का गठन किया गया। गठित दल ने शहरी परिक्षेत्र के अंतर्गत भीखनपुर क्षेत्र इलाके के 4 प्रतिष्ठानों से 5 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है, साथ ही दल के सदस्यों द्वारा संबंधित दुकान के नियोजकों के खिलाफ तिलकामांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वही क्षेत्र इलाके में बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जगदीशपुर मनोरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सबौर अखिलेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिहपुर के मनोहर कुमार, कैलाश सत्यार्थी व चिल्ड्रेन फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर परमानंद झा को लेकर धावा दल का गठन किया गया था।

गठित दल ने जिला शहरी क्षेत्र के दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया। वही बाल श्रम उन्मूलन हेतु आगे भी यह अभियान जारी रहेगी। उक्त आशय की जानकारी सूचना जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी आलोक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

जोर-शोर से की जा रही दुर्गा पूजा नवरात्रा की तैयारी

तारापुर। 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे दुर्गा पूजा नवरात्रा की तैयारी जोर-शोर से सभी दुर्गा मंदिरों पर शुरू है। गौरतलब है कि क्षेत्र के बड़ी दुर्गा मंदिर मोहनगंज राधा गोविंद ठाकुरबारी उल्टा नाथ महादेव रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव पियारपुर भागलपुर पढ़भड़ा एवं शिशुआ इत्यादि जगहों पर भव्य पंडाल के साथ-साथ दूधिया रोशनी से चकाचौंध करने वाली लाइटे इत्यादि लगाने का काम भी अब अंतिम चरण में है। सुरक्षा के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के लिए सभी दुर्गा मंदिरों के समीप सीसीटीवी कैमरा लगाने से लेकर रंग रोगन साफ सफाई जैसे कामों को भी लगभग पूरी कर ली गई है। बताते चलें कि अभी से तारापुर एवं असरगंज के क्षेत्र में बड़े-बड़े दुकानें भी सजने लगे हैं।

अवध सिंह हत्या मामले में एक अपराधी पुलिस के चढ़ा हत्थे

पुरानी रंजिश को लेकर अवध सिंह की हत्या की वारदात को दिया था अंजाम

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। गोराडीह थाना परिक्षेत्र के बीस पटिया बिहार इलाके में विगत दिनों अवध सिंह की हत्या कुदाल से प्रहार कर दी गई थी। वह उसके हत्या के मामले में गोराडीह थाना पुलिस ने अपनी कुशल नेतृत्व में मामले का उद्भेदन कर दिया है। वही बदमाशों द्वारा जिस कुदाल से वार कर ग्रामीण अवध सिंह की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था उसे पुलिस ने बरामद करने के साथ ही हत्या मामले के आरोपी अभियुक्त गोविंद कुमार सिंह को झारखंड से गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि विगत 30 अगस्त को अवध सिंह की हत्या कर दी गई थी। वही मामले को लेकर सीटी एसपी अमित रंजन ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दी। वही हत्या मामले में उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था डीएसपी डॉ.गौरव कुमार व उनकी पुलिस टीम ने हत्या कांड के आरोपी की गिरफ्तारी किये जाने के साथ ही हत्या कांड में प्रत्युक्त कुदाली को बरामदगी किये जाने के साथ मामले का उद्भेदन कर दिया है। वही उन्होंने बताया कि अवध सिंह की हत्या करते हुए दो लोगों ने देख लिया था उनमें से एक का मोबाइल फोन घटनास्थल पर ही कुछ दूरी पर छूट गया था, इसी के आधार पर तकनीकी रूप से जानकारी जुटाते हुए अपराधियों तक पुलिस पहुंची है। हत्या के मास्टरमाइंड समीर सिंह ने अवध सिंह को मारने के लिए एक लाख रुपये का सुपाड़ी दिये जाने के साथ सौदा तय किया गया था। वही हत्या के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी करने में लगी हुई हैं, जल्द ही अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जनसंवाद कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

प्रात : किरण ब्यूरो

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के मध्य विद्यालय मकनपुर में ददरीजाला और कटियारी का पंचायत स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर राकेश रंजन कुमार ने की।

जबकि कार्यक्रम का संचालन बीडीओ अजेश कुमार ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने आम जनों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उसके लाभ के बारे में बताया। मौके पर उपस्थित ददरीजाला पंचायत के मुखिया पिंटू मंडल ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए पंचायत वासियों को सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं में आने वाली समस्याओं से विभिन्न विभाग से आए पदाधिकारियों को अवगत कराने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, विद्युत, भूमिहीन परिवारों को पर्चा, जन वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनवाड़ी, सामाजिक सुरक्षा योजना, मत्स्य, पशुपालन पंचायत सरकार भवन, मनरेगा सहित सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई साथ ही उन्होंने लोगों से योजनाओं के लाभ लेने के भी अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने उद्योग विभाग के तहत मिलने वाले लाभ की जानकारी नहीं मिलने की बात कही ग्रामीणों ने कहा कि उद्योग विभाग के तहत आने वाली योजनाओं का प्रखंड कार्यालय से संबद्ध किये जाने की जरूरत हैं जिससे लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ मिल सके। वही ग्रामीणों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना की स्वीकृति जो जिला से होती हैं। वो अगर प्रखण्ड स्तर पर की जाय तो लाभुकों को कम कठिनाई होगी। मौके पर अंचलाधिकारी स्नेहा सत्यम, बीपीआरओ अमरजीत कुमार साबरी, एमओ ऋषि कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रशांत कुमार सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका निर्भय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

लोहिया का ही समाजवादी सिद्धांत बिहार में कारगर साबित हो रहा है : मनोरंजन मजूमदार

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। स्थानीय नंदकुमार पार्क मुंगेर में समाजवाद के विश्व के पोषक और समाजवाद के सबसे बड़े नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि को प्रदेश सचिव संतोष सहनी के अध्यक्षता में मनाया गया। इस समारोह में प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य मनोरंजन मजूमदार ने डॉ लोहिया के जीवनी और उनके सिद्धांत और विचारों पर बोलते हुए कहा कि आज लोहिया का ही समाजवादी सिद्धांत बिहार में कारगर साबित हो रहा है और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वास्तव में लोहिया के बारिश है और उनके वारिस के रूप में उनके समाजवादी सिद्धांतों को योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं प्रदेश सचिव संतोष सहनी ने डॉ राम मनोहर लोहिया को जदयू का आदर्श बताते हुए कहा है कि उन्ही के सिद्धांतों के आधार पर पार्टी काम करती है उन्हीं के विरासत को चलाने का काम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम मंडल सहित उपस्थित लोगों ने डॉ राम मनोहर लोहिया के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण चढ़ा कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी मौजूद राजनीतिक सामाजिक व्यक्तियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि डॉक्टर लोहिया के बताए मार्ग पर हम चलकर समाजवादी विचारों को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खड़े रहेंगे। डाक्टर लोहियां के विचारों को आत्मसात कर देश प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देने का काम करेंगे।

चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को मिले जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा : केशरी

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर। धार्मिक अल्पसंख्यकों के तर्ज पर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए तथा उन्हें भी मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना सहित सभी योजनाओं में अल्पसंख्यकों के समान सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

ये बातें जनाधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी ने अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा है। श्री केशरी ने अपनी मांगों के समर्थन में तर्क देते हुए कहा कि जब सत्रह प्रतिशत से अधिक आबादी वालों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा हासिल है तो चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा क्यों नहीं मिल सकता है।

सुनील कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जातीय अल्पसंख्यक की अवधारणा आज के समय में कम आबादी वाले जातियों के लिए समय की मांग है। संयुक्ता कुमारी, सोनी सिन्हा तथा जूली शर्मा ने कहा कि जातीय अल्पसंख्यकों को भी धार्मिक अल्पसंख्यकों की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम महिलाएं भी कृतसंकल्पित हैं। अजय प्रसाद सिंह, आजाद शर्मा तथा निरंजन गुप्ता ने आक्रोशित शब्दों में कहा कि चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा सरकार को देना ही होगा क्योंकि यह खैरात नहीं बल्कि हमारा अधिकार है। विचार गोष्ठी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि बैनर-पोस्टर लगाकर तथा जनसंपर्क अभियान चलाकर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने के अभियान से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर शोभा देवी, रामबिनय मालाकार, सखीचन्द जी, कुन्दन राऊत, बबलु गुप्ता, अभिषेक कुमार और रितिकेश बिन्द सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पालीगंज में राशन कार्ड का हुआ वितरण

पालीगंज। स्थानीय बाजार स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एक शिविर का आयोजन कर जरूरतमन्दों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में राशन कार्ड बितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दौरान पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव व विधायक सन्दीप सौरभ के मौजूदगी में जरूरतमन्दों के बीच राशन कार्ड का बितरण किया गया। मौके पर विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों व आमजनों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से बेदखल करने के लिए सुप्रीमकोर्ट में हलफनामा दायर कर रही है। वैसे में हमारा प्रयास है कि पालीगंज के हर जरूरतमंदों को राशन कार्ड मुहैया करवाया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि इसी महीने से सभी पंचायतों में शिविर लगाकर राशन कार्ड का वितरण किया जाएगा तथा नए राशन कार्ड के लिए आवेदन लिए जाएंगे। वही बिधायक सन्दीप सौरभ ने बताया कि राशन कार्ड निर्माण हेतु पुराने सभी आवेदनों को लेकर अब तक लगभग 5000 राशन कार्ड वितरण हेतु तैयार हो चुके हैं। वही पूरे अनुमंडल में लगभग बारह हजार राशन कार्ड के फॉर्म लंबित हैं। अनुमंडलाधिकारी के अनुसार सभी लंबित फॉर्म का राशन कार्ड तैयार किया जाएगा। जबकि अबतक बनाये गए राशन कार्डो का बितरण किया जा रहा है।

मौके पर पालीगंज एसडीओ जयचन्द्र यादव, स्थानीय विधायक संदीप सौरभ उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव, पत्रकार रामप्रवेश यादव, जिला परिषद सदस्य रामनारायण यादव, मुमताज अंसारी व अविनाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

लोजपा (रा) के अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष बने अखिलेश

अरवल। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को विस्तार करते हुए अखिलेश कुमार को अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया सत्येन्द्र रंजन आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में बिहार से 40 लोकसभा सीट जितने के साथ एवं 2025 में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने संगठन को विस्तार करते हुए नगर परिषद क्षेत्र के युवा नेता अखिलेश कुमार को अरवल नगर परिषद का नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है ।उन्होंने कहा कि अखिलेश कुमार को नई जिम्मेवारी देने से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन को मजबूती प्रदान करने में ताकत मिलेगी । संगठन विस्तार के अवसर पर युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया, अधिवक्ता राजकिशोरप्रसाद , अधिवक्ता, विजय कुमार पासवान, सजीवन गांधी मुख्य रूप से शामिल है ।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री ने किया पिंडदान

गया ।अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह सांसद श्री भोला सिंह जी का गयाजी में पिंड दान करने हेतु पहुंचे ।अपने पूर्वजों को मोक्ष प्राप्ति हेतु फल्गु विष्णु पद,सीताकुंड,बैतरणी अक्षयवट सहित विष्णु चरण का दर्शन किए अपने पुरोहित के द्वारा पिंडदान कराए इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उपस्थित थे।

पंचायत सरकार भवन के लिए 120/180 फिट जमीन मापी

वंशी (अरवल) सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय में सोनभद्र पंचायत सरकार भवन की भूमि का अग्रणी शुक्रवार को की गई ।अंचलाधिकारी विकेश कुमार के नेतृत्व में वंशी थाना मुख्यालय स्थित 120 फीट / 180 फीट जमीन मापी किया ।सीओ ने बताया कि जिलापदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर सरकारी जमीन मापी की गई । उस पर पंचायत सरकार भवन की निर्माण को लेकर पर्याप्त जमीन है । पंचायत सरकार भवन निर्माण से पंचायत के लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी।

बिजली के चपेट में आने से हुई मृत्यु

करपी (अरवल) किंजर थाना क्षेत्र के नगला गांव निवासी फारूक कंसारी को बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, पुलिस ने सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस अरवल भेज दिया, पोस्टमार्टम कराकर मृतक परिजनों के अंतिम परीक्षण के लिए सौंप दिया, वह इस घटना से परिजनों में रो रो कर बुरा हाल, घटना से गांव मातम में तब्दील।

जातीय जनगणना में चंद्रवंशी समाज के साथ सौतेला व्यवहार, किया विरोध

आरा। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे शुक्रवार को सरकार का विरोध किया गया ।जिसमे राष्ट्रीय मंत्री हरेराम चन्द्रवंशी जी बिहार सरकार पर बरसे शाम 4:30 बजे त्रिभुआनी कोठी मोड़ (आरा जंक्शन) पर किया गए। जिला महामंत्री ने 1931 की जनगण 1.75%था ।आज के समय 1.65% हो गया सबकी आबादी बड रही है और मेरी जाती का जनसंख्या घट गाई। कार्यक्रम मे शामिल-बिकास चन्द्रवंशी देव कुमार सिंह सुदर्शन चंद्रवंशी उदय चंद्रवंशी धीरज चंद्रवंशी प्रमोद चंद्रवंशी चंद्रवंशी आलोक चंद्रवंशी विपिन चंद्रवंशी उमंग चंद्रवंशी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना वाद के पीड़िता को मिला 40 लाख का मुआवजा

औरंगाबाद ।जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री संपूणानंद तिवारी के द्वारा पलामू नगर थाना काण्ड संख्या 12 /2017 के मृतक असरफी तिवारी के पत्नी शकुंतला देवी , निवासी ग्राम राजोगरी, थाना लेशलीगंज पलामू, वर्तमान गंगटी थाना देव को 40 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा बताया गया कि दिनांक 09.09.2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 12/2017 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था ।उक्त घटना के सम्बन्ध में जानकारी मिली कि पलामू नगर थाना काण्ड संख्या 12/2017 के मृतक असरफी तिवारी पिता स्व राम बरन तिवारी निवासी ग्राम ग्राम राजोगरी, थाना लेशलीगंज पलामू जो सिचाई विभाग डाल्टेनगंज में पदस्थापित थे को कार्यालय से घर पैदल जाने के क्रम में बस संख्या जे एच 03 जी- 7186 से टक्कर के द्वारा दुर्घटना होने के कारण मृत्यु हुई थी।

बोधगया में बालू खनन से धर्मारण्य वेदी के अस्तित्व पर होगा खतरा : ग्रामीण जनता

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बोधगया के मुहाने नदी स्थित धर्मारण्य पिंड बेदी पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में पिंड दानी श्रद्धालु अपने पूर्वजों का पिंडदान करने पहुंच रहे हैं जिस कारण से बोधगया एवं आसपास के इलाकों में प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं सुविधा चुस्त दिख रहा है, अब इसी मुहाने नदी स्थित धर्मारणय वेदी मुहाना नदी ब्लॉक 47 का बालू घाट संख्या 1 मोराटाल का निविदा कर खानन करने का आदेश दिया जा चूका है, धर्मारणय वेदी के पंडा समाज के लोगों का कहना है कि मुहाने नदी स्थित धर्मारण्य पिंड बेदी पर कालांतर से और पिंडदान,कर्मकांड और तर्पण का विशेष विधान माना गया है पुराने के अनुसार प्राचीनतम 54 वेदियों मे से एक धर्मारण्य वेदी को माना गया है, यहां पर पितृ दोष व प्रेत आत्मा की शांति के लिए त्रिपिंडी श्राद्ध का विशेष महत्व है, जिस कारण से प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला व पुरुष पिंडदान करने पहुंच रहे हैं, कहा जाता है इसकी विशेषता महाभारत काल से ही है स्कंद पुराण के अनुसार महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में मारे गए अर्जुन पुत्र अभिमन्यु व सभी योद्धाओं के आत्मा की शांति एवं पश्चाताप के लिए भगवान श्री कृष्ण युधिष्ठिर के साथ यहां आए थे और धर्मारन ने पिंडवेदी पर कर पिंडदान व तर्पण किया था, धर्मारण्य वेदी का कुछ भाग मुहाने नदी में है एवं कुछ भाग तट पर स्थित है, पिंडदान करने वाले श्रद्धालु इसी तट पर नदी में स्नान कर कर्मकांड और पिंडदान के बाद नदी में तर्पण करते हैं।

इसी भूभाग का बालूरघाट का निविदा कारण विभाग द्वारा दिया गया है, पंडा समाज के लोगों ने बताया कि अगर यहां खनन किया जाएगा तो धर्मारण्य वेदी के अस्तित्व पर खतरा है क्योंकि बालू खनन के बाद मिट्टी का कटाव तेजी से होगा और फिर बेदी परिसर की स्खलन निश्चित है इसीलिए हम लोग तो चाहेंगे सरकार द्वारा यहां का खनन आदेश नहीं दिया जाए, पूर्व में भी यहाँ खनन से अधिक गड्ढे के कारण 3 स्थानीय लोगों की जान जा चुकी है।

जिसके कारण इसकी शिकायत पीड़ित परिजनों के द्वारा वरीय पदाधिकारी से किया गया था और प्राचीनतम तीर्थ स्थल होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों ने दो माह पूर्व भी राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद एवं जिला पदाधिकारी से सामूहिक रूप में लिखित आवेदन देकर मुहाने नदी के ब्लॉक 47 का बालूघाट संख्या 1 मोराटाल का खनन आदेश रद्द करने का मांग किया गया था राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद प्रखंड कार्यालय में किया गया जिसमें वहां भी ग्रामीणों द्वारा विरोध कर निविदा रद्द करने का मांग किया गया था जिसके बाद उपस्थित पदाधिकारी द्वारा न देने की आश्वासन दिया गया था।

सदर अस्पताल में सीसी टीवी कैमरा लगाने की मांग : क्यामुद्दीन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर कहा है कि आज अहले शुबह जब मै टहल रहा था तो एक कौल आया सदर अस्पताल के प्रसुति वार्ड से कि एक व्यक्ति के बच्चा चोरी का प्रयास हुआ है ।फौरन मै और हिम्मत यादव और फिरोज अहमद सदर अस्पताल पहुंचे ।सदर अस्पताल मे जिला पार्षद भीम यादव सोनू जी और राज व नेता विनोद चंद्रवंशी से मुलाकात हुई।

भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी आरा सदर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि कल 10 बजे रात्री को रुबी देवी पति रमेश यादव के आपरेशन से हुए बच्चे को एक युवक बच्चे को लेकर भागने लगा उस समय रमेश यादव सो रहे थे पर एक दूसरे मरिज के अटेन्डेन्ट बराप निवासी निरज कुमार ने चोर को खुद कर पकड लिया पर डिप्टी मे तैनात रेणु मैडम वहां पहुंच का उक्त चोर को ये कहते हुए लगा दिया कि यह आदमी मेरा रिश्तेदार है। भाकपा माले नेता ने कहा कि आये दिन आरा सदर अस्पताल मे चोरी की घटना होती है पर बच्चा चोरी का यह पहला प्रयास था। माले नेता ने आरोप लगाया की रात मे महिला चिकित्सक नहीं रहती है नर्सो के बल पर प्रसुति वार्ड चलता है आप देख सकते है कि 9 बजे है और कोई महिला चिकित्सक नहीं पहुंची है । भाकपा माले नेता ने कहा कि आरा सदर अस्पताल की दशा बहुत ही दैनिय है सिविल सर्जन लापरवाह है और सदर अस्पताल को संचालित करने मे विफल है ।आप देख सकते है महिला चिकित्सक हो या सर्जन या हड्डी रोग विशेषज्ञ सब डिउटी के प्रति लापरवाह है कल 12 बजे से 1बजे तक सदर अस्पताल मे अपने इलाज के लिए गये थे तो ओपीडी मे सर्जन अपने कमरे मे नहीं थे हड्डी डॉक्टर का कम था बंद था,रात मे महिला डॉक्टर नहीं रहती तथा मरीजों की सदर अस्पताल मे भीड़ बहुत थी।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन से कहना चाहते है कि सदर अस्पताल मे सभी डॉक्टरों को रोस्टर के हिसाब से मरिजों को देखने की गारंटी करे ।कल रात 10 बजे जो महिला डॉक्टर और नर्स रेणु मैडम डिउटी मे थी उन्हें शीघ्र मुअतल की जाय ।माले नेता ने एक और मांग की है कि डॉक्टर से लेकर वार्ड तक सी सीटीवी कैमरा लगाने की गारंटी की जाय जिससे डॉक्टरों और चोरो पर निगरानी की जा सके।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के आज अंतिम दिन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 के आज अंतिम तिथि अर्थात आज अमावस्या के तिथि पर देश-विदेश से आये विभिन्न पिंडदानियों के साथ-साथ मगध क्षेत्र के लोकल व्यक्तियों द्वारा भी आज के तिथि में तर्पण करने की परंपरा है। आज पितृ तर्पण का अंतिम तिथि में तीर्थयात्री अपने पूर्वजों को अंतिम तर्पण करते हुए घर वापसी लेते हैं। पितृ पक्ष के अंतिम तिथि पर भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन आज अहले सुबह 4 बजे से ही विभिन्न स्थानों पर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई है। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए अतिरिक्त ट्रैफिक के जवानों को मेला क्षेत्र में लगाया जाएगा।

ऐसा मान्यता है कि लोग आज अंतिम तिथि में तर्पण करने के पश्चात विष्णुपद मंदिर में भगवान के दर्शन करने जाते हैं इसे लेकर प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से पूरी आवश्यक तैयारी कर ली है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन सभी लोकल नागरिकों से अपील करता है कि गयाजी डैम निर्माण होने के कारण लोग घाट पर ही तर्पण करेंगे, जबकि पिछले कई वर्षों जब फल्गु नदी में पानी नहीं रहती थी, तो लोग नदियों में जाकर तर्पण करते थे।

नदी में पानी रहने के कारण लोग घाट पर ही तर्पण करेंगे। अत्यधिक भीड़ की स्थिति ना बने इसके लिए पिता महेश्वर, पंचदेव धाम, ब्राह्मणी घाट, गजाधर घाट, सीता कुंड, केंदुई घाट तथा अन्य घाट जो फल्गु नदी के समानांतर है। सभी में आप अपनी सहूलियत के अनुसार तर्पण करें। जिला प्रशासन अपील करता है कि अमावस्या के तिथि में एक साथ सारे लोग देव घाट पर भीड़ न लगावे। प्रशासन द्वारा इन संबंधित सभी घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है। सभी आमजन भीड़ से बचने हेतु अन्य घाटों का भी प्रयोग करें।

शेरघाटी को जल्द ही कराया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

शेरघाटी ।शहर के मुख्य मार्ग को दुकानदारों एवं फुटपाथियों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान लगाए जाने को लेकर नगर पर्षद सख्त कदम उठाने की तैयारी में जुट गई है.नगर परिसद के द्वारा शहर माइकिंग करवा कर सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले अतिक्रमणकारियों को यथाशीघ्र सड़क के किनारे से दुकान हटाने का निर्देश दिया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर पुष्प ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है।

जिसके आधार पर नगर परिषद के द्वारा सर्वप्रथम लोडस्पीकर लगाकर शहर में माइकिंग कराया जा रहा है।

इसके उपरांत फुटपाथी दुकानदारों एवं दुकान के बाहर सामान लगाने वाले दुकानदारों को नोटिस भेजा जाएगा।

जीबीएम कॉलेज में 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम व शपथ समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भारत सरकार एवं एमयू, बोधगया से प्राप्त निदेर्शानुसार "मेरी माटी, मेरा देश" कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा एवं पंच प्रण शपथ समारोह का आयोजन किया गया है। अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत छात्राओं ने अपने-अपने घरों से लायी मिट्टी को महाविद्यालय परिसर में स्थापित अमृत कलश में एकत्र किया है। छात्राओं के उत्साहवर्द्धन हेतु प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ, एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, बर्सर डॉ सहदेब बाउरी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय, डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता घोष, डॉ अनामिका कुमारी, कृति सिंह आनंद, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा ने भी अमृत कलश में श्रद्धासहित माटी डाली। तदोपरांत, सभी छात्राएँ महाविद्यालय परिसर के भीतर आयोजित अमृत कलश यात्रा में शामिल हुईं है ।पंच प्रण शपथ समारोह में प्रधानाचार्य प्रो अशरफ के नेतृत्व में सभी फैकल्टीज एवं छात्राओं ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में अपनी ओर से यथासंभव योगदान देने हेतु सामूहिक शपथ ली है। समस्त महाविद्यालय परिवार ने गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने और भारत की एकता सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा भारतीय नागरिक होने के दायित्वों को पूर्ण करने हेतु प्रण लिया है। अमृत कलश यात्रा एवं शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रा निकिता केसरी, हर्षिता मिश्रा, संध्या, मुस्कान, शिल्पा साहनी, प्रगति मिश्रा, रिशू, अंजली, जूही, तान्या, अवनि, अनू, रिशिका आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

सीएम के द्वारा अनुआँ पंचायत सरकार भवन शिलान्यास होने पर ग्रामीणों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

वंशी (अरवल) सोनभद्र वशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय में अनुआँ पंचायत का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पंचायत सरकार भवन रिमोट कंट्रोल के माध्यम से शिलान्यास किया गया।

वहीं शिलान्यास होने पर पंचायत वासियो में खुशी देखी गई, समारोह पूर्वक प्रखंड मुख्यालय में अनुआँ पंचायत के पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर शिलापट बोर्ड पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधिवत्या रिमोट सिस्टम से शिलान्यास किया, इस दौरान अनुआँ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार सिलापट बोर्ड पर फूल माला चढ़ा कर दीप प्रज्वलित किया, मुखिया ने कहा कि अनुआँ पंचायत स्थित अनुआँ गांव में दो करोड रुपए की लागत से पंचायत सरकार भवन निर्माण किया जाएगा, उन्होंने कहा कि आप हमारे पंचायत की जनता को किसी काम के लिए ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगा, सारा चीज व्यवस्था पंचायत सरकार भवन मे होगा, इसकी जानकारी मिलते हैं पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण जनता में खुशी देखी जा रही है, इस मौके पर वंशी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी विकेश कुमार एवं अन्य लोग शामिल रहे।

अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन

औरंगाबाद। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद में वेट/पावरलिफ्टिंग महिला /पुरुष अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर 23 से 13 अक्टूबर 2023 तक किया गया ' इस प्रतियोगिता में अलग-अलग भार में महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिए ' जिसमें सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद, एसएन सिन्हा कॉलेज टेकारी, एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद, जेजे कॉलेज गया, गया कॉलेज गया, राम लखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद, अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज नबीनगर, अनुग्रह नारायण मेमोरियल कॉलेज गया के छात्र छात्राओं ने भाग लिया ' इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय के पिटीआई डॉक्टर योगेन्द्र कुमार सिंह कर रहे थे ' इस कार्यक्रम में टेक्निकल सपोर्ट प्रवीण कुमार दुबे सहायक प्राध्यापक फामेर्सी विभाग का रहा 'वेटलिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग पुरुष एवं महिला वर्ग में क्रमशः एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद प्रथम एवं सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और पुस्तक किया गया वितरण

आरा । जगदीशपुर के नयका टोला में जन विकास क्रांति द्वारा संचालित बिहार सरकार के साथ निश्चय के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम ,वित्तीय लेखांकन में सफल प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रमाण पत्र और पुस्तक वितरण मो. नूर अहसन जिला नियोजन पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी कुशल युवा कार्यक्रम एवं श्री संजय कुमार जिला कौशल प्रबंधक द्वारा किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नूर अहसन जिला नियोजन पदाधिकारी भोजपुर ने कहा कि "कुशल युवा कार्यक्रम,वित्तीय लेखांकन का प्रशिक्षण बिहार कौशल विकास मिशन (बीएसडीएम) द्वारा शुरू किया गया एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह बिहार सरकार की "7 निश्चय" योजनाओं में से एक का हिस्सा है। केवाईपी का उद्देश्य उन सभी उम्मीदवारों के रोजगार कौशल को बढ़ाना है जो बिहार के स्थायी निवासी हैं और कम से कम 10वीं और वित्तीय लेखांकन में 12 वी कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण में जीवन कौशल, संचार कौशल (अंग्रेजी और हिंदी), और बुनियादी कंप्यूटर साक्षरता शामिल हैं वही वित्तीय लेखांकन में जी एस टी के साथ टैली पर वित्तीय लेन देन का प्रशिक्षण से उनकी रोजगार क्षमता का बदावा मिल रहा है।

एक राज्य एक संवर्ग एक विधालय एक वेतनमान लागू करे सरकार : आलोक आजाद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय शिक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष आलोक आजाद ने सम्मानित निदेशक माध्यमिक शिक्षा बिहार के द्वारा बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 का प्रारूप तैयार कर शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर सभी हितबद्ध शिक्षाविदों से किसी भी तरह का सुझाव विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के ईमेल आईडी पर मांगने का स्वागत के साथ कुछ बदलाव की मांग सुझाव के माध्यम से किया है।

आलोक आजाद ने सुझाव में कहा की इस नियमावली में सबसे पहले स्पष्ट रूप से राज्यकर्मी का दर्जा देने का उल्लेख होना चाहिए इसके साथ शिक्षकों तथा पुस्तकालयाध्यक्षों का अलग अलग संवर्ग गठित करने की जगह पर एक राज्य एक संवर्ग एक विधालय एक वेतनमान को लागू करना चाहिए ।इसके साथ जो शिक्षक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष दक्षता परीक्षा अथवा टीईटी परीक्षा पास कर चुके हैं, उन सभी को समानता परीक्षा से मुक्त कर प्रोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित किया जाए। आलोक आजाद ने कहा कि उक्त नियमावली की कडिका (7) में विद्यालय अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 से नियुक्त होने वाले शिक्षकों एवं नियमावली से आच्छादित शिक्षकों के बीच भी वरीयता का स्पष्ट निर्धारण हो, जिससे इस नियमावली से आच्छादित शिक्षकों की सेवा वरीयता अक्षुण्ण रह सके।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में नियोजित शिक्षकों के लिए नियत वेतन से वेतनमान लागू होने के समय वेतन निर्धारण में पूर्व की सेवा की गणना करते हुए वेतन वृद्धि जोड़ा गया था। जिससे वरीय एवं कनीय शिक्षकों के बीच अन्तर था परंतु यहाँ सभी शिक्षकों का वेतन एक हो जायेगा। इसके साथ हीं नियमावली के अन्तर्गत कार्यरत आच्छादित शिक्षकों के पेंशन नीति छुट्टी, ग्रेच्युटी, अनुकंपा एवं अन्य सेवांत लाभ पुराने जिला संवर्गीय एवं प्रमंडल संवर्गीय सहायक शिक्षकों की भांति लागू करने संबंधी स्पष्ट प्रावधान जोड़ा जाना चाहिए। उक्त नियमावली की कंडिका (9) में प्रोन्नति की समयावधि की गणना स्थानीय निकाय में नियुक्ति तिथि से किए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

प्रोन्नति के अभ्युक्तियों कॉलम में रिक्तियों के अनुसार स्वस्थान प्रोन्नति के स्थान पर राज्यकर्मियों के लिए लागू सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के अन्तर्गत 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पर सभी शिक्षकों को वेतन प्रोन्नति का स्पष्ट प्रावधान अंकित किया जाए। अधिसूचना संख्या 1072 दिनांक 25.06.2005 के द्वारा प्रधानाध्यापकों के 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से एवं 50 प्रतिशत पद प्रोन्नति से भरे जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस के अवसर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने दी संगीतमय प्रस्तुति

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। नयी दिल्ली, मुंबई,पटना ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) कला-संस्कृति प्रकोष्ठ ने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन 11 अक्टूबर के अवसर पर वर्चुअल संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कलाकारो ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि भारतीय सिनेमा जगत के सबसे प्रभावशाली नायकों में अमिताभ बच्चन का नाम शुमार किया जाता है।

जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर वर्चुअल संगीतमय कार्यक्रम को जीकेसी कला- संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष पवन सक्सेना और राष्ट्रीय महासचिव सचिव श्रीमती शिवानी गौर ने होस्ट किया। इस अवसर बिहार,मध्य प्रदेश, राजस्थान,महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ,नयी दिल्ली, ईटली से नामचीन कलाकारों ने प्रस्तुति दी। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में प्रिया मल्लिक, डा. मृणालिनी अखौरी,शालिनी श्रीवास्तव,जुबिन सिन्हा,मनीष श्रीवास्तव,आनंद सिन्हा, सावेरी वर्मा,कुमार संभव,नवीन श्रीवास्तव, प्रेम कुमार,,डा. आनंदिता सिन्हा ,आशीष सक्सेना शांतनु गौर, नितीन वर्मा,विजेता सिन्हा,राकेश अम्बष्ठ, हिमांशु शेखर और इशान निगम शामिल हुये।

एम्स पटना में रघुनाथपुर ट्रेन दुर्घटना पीड़ितों का प्रबंधन

ट्रेन दुर्घटना मरीजों के इलाज की सीधे देखरेख में जुटे निदेशक डॉ. जीके पाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीएम सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने बताया कि शुक्रवार के शाम तक रघुनाथपुर ट्रेन दुर्घटना के 25 घायल यात्रियों को एम्स पटना में भर्ती कराया गया है. चोटों से उबरने के बाद नौ मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। 15 मरीज अभी भी ट्रॉमा सेंटर में हैं और कुछ को एम्स पटना के अन्य विभागों जैसे ऑथोर्पेडिक्स और न्यूरोसर्जरी में रेफर किया गया है। भारती मारिजो में से 3 को फीमर फ्रैक्चर, 02 सर्वाइकल नेक स्पाइन फ्रैक्चर, 2 थोरेसिक स्पाइन फ्रैक्चर, 1 मैक्सिलोफेशियल इंजरी विद फ्रैक्चर, 1 रिब फ्रैक्चर, 1 सबड्यूरल ब्रेन हैमरेज और 1 बच्चे के ऊपरी अंग फ्रैक्चर और 5 सॉफ्ट टिशू इंजरी के मामले हैं। हालाँकि विभिन्न ग्रेड की चोटें हैं, उनमें से कोई भी गंभीर स्थिति में नहीं है और तत्काल सर्जिकल हस्तक्षेप की भी आवश्यकता नहीं है। सभी मरीजों को एम्स पटना अस्पताल में सर्वोत्तम उपचार दिया जाता है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। पंजीकरण शुल्क, सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन सहित सभी जांच शुल्क पूरी तरह से निःशुल्क कर दिए गए थे। इन सभी मरीजों को एम्स अस्पताल की फामेर्सी से दी जाने वाली दवाएं मरीजों को मुफ्त में दी जाती हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ. जीकेपाल सभी मरीजों के इलाज की सीधे देखरेख और मॉनिटरिंग कर रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीएम सिंह और ट्रॉमा सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अनिल कुमार अपनी पूरी टीम के साथ रोगी प्रबंधन की सावधानीपूर्वक देखभाल कर रहे हैं। ऑथोर्पेडिक्स टीम, न्यूरोसर्जरी टीम, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन टीम और नर्सिंग स्टाफ मरीजों के त्वरित उपचार और रिकवरी को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से शामिल हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ. पाल ने कहा कि एम्स पटना अन्य अस्पतालों में इलाज करा रहे सभी रोगियों को प्राप्त करने के लिए तैयार और पूरी तरह से सुसज्जित है और यदि उन्हें एम्स पटना अस्पताल में बेहतर देखभाल की आवश्यकता है।

जनपक्षधर पत्रकारों पर छापेमारी व गिरफ्तारी के खिलाफ भाकपा-माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रेस/मीडिया पर सत्ता प्रायोजित हमले व न्यूज क्लिक व जनपक्षधर पत्रकारों पर छापेमारी व गिरफ्तारी के खिलाफ भाकपा-माले के राष्ट्रव्यापी विरोध सप्ताह के तहत आज आरा पूर्वी रेलवे गुमटी से प्रतिवाद मार्च निकाला गया !यह प्रतिवाद मार्च मिल रोड नवादा चौक होते हुए आरा रेलवे स्टेशन पहुंचा इस प्रतिवाद मार्च के दौरान लोगों ने पत्रकारों पर हमला करना बंद करो,लोकतंत्र पर हमला करना बंद करो,देश में तानाशाही नहीं चलेगी,विरोध की आवाज को कुचला बंद करो आदि नारे लगा रहे थे !प्रतिवाद मार्च के बाद आरा रेलवे स्टेशन परिसर में सभा आयोजित की गई !सभा की अध्यक्षता आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने की! प्रतिवाद मार्च बाद के सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि दिल्ली में कई पत्रकारों के घरों पर छापेमारी और उन्हें हिरासत में लिए जाने की घटना निंदनीय है !मोदी सरकार द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला जारी है !जिन पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस द्वारा छापा मारा गया है,वे दशकों से निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा से ही सत्ता को आईना दिखाने का काम करते रहे हैं! ऐसे पत्रकारों पर छापेमारी करके केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाली दिल्ली पुलिस न केवल इन पत्रकारों को जनसरोकारों के पक्ष में खड़े रहने के लिए धमकाने की कोशिश कर रही है बल्कि वह,इनसे इतर भी जो पत्रकार जनसरोकारों से जुड़े हैं,उन्हें भी भयाक्रांत करने की कोशिश कर रही है !इससे साफ है कि केंद्र की मोदी स

सेंसेक्स
66282.74 पर बंद
निफ्टी
19751.00 पर बंद

सोना
58,330
चांदी
69,839

पेटीएम पेमेंट बैंक पर आरबीआई की बड़ी कार्रवाई

नियमों का उल्लंघन करने पर लगाया करोड़ो का जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 'अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) नियमों समेत कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने पर 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने भुगतान बैंकों को लाइसेंस देने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे और यूपीआई परिवेश सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं होना भी पाया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, बैंक की केवाईसी/एएमएल (धनशोधन रोधी) परिप्रेक्ष्य से एक विशेष जांच की गई और आरबीआई द्वारा चिह्नित लेखा परीक्षकों ने बैंक का व्यापक

ऑडिट किया। आरबीआई के बयान के अनुसार रिपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद पाया गया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक भुगतान सेवाएं प्रदान करने के लिए शामिल संस्थाओं के संबंध में लाभार्थी को नहीं पहचान सका। बयान में कहा गया कि बैंक ने भुगतान लेनदेन की निगरानी नहीं की और भुगतान सेवाओं का लाभ उठाने वाली संस्थाओं की जोखिम का निर्धारण नहीं किया।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने भुगतान सेवाओं का लाभ ले रहे कुछ ग्राहक अग्रिम खातों में दिन के अंत में शेष राशि की नियामक सीमा का उल्लंघन किया। इसके बाद बैंक को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बैंक के जबाव मिलने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि बैंक पर उपरोक्त आरबीआई निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और इसके बाद बैंक पर मौद्रिक जुर्माना लगाया गया।

इस वजह से लगाया जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर नो योर कस्टमर (केवाईसी) नियमों सहित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए 5.39 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने भुगतान बैंकों के लाइसेंस के लिए आरबीआई दिशानिर्देश, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचा और यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र सहित मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों को सुरक्षित करने से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने का भी पता लगाया है।

नेट प्रॉफिट बढ़ा, डिविडेंड का भी किया ऐलान, फिर बाजार खुलते ही औंधे मुंह गिरे इंफोसिस के शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत बढ़कर 6,215 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष में इसी दौरान में नेट प्रॉफिट 6,026 करोड़ रुपये रहा था। इंफोसिस ने डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है। लेकिन इस बावजूद भी कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में आज 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

इंफोसिस ने निर्णय लेने में सुस्ती और विवेकाधीन खर्चों पर निरंतर दबाव के कारण पूरे साल के रेवन्यू अनुमान को 1-3.5 प्रतिशत से घटाकर 1-2.5 प्रतिशत कर दिया। इसी एक खबर ने निवेशकों को जोर का झटका दिया है। जिसका असर आज कंपनी के शेयरों में साफ दिखाई दे रहा है। बता दें, बीएसई में इंफोसिस के शुक्रवार की सुबह 1419.95 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। लेकिन 4.2 प्रतिशत की गिरावट के बाद ये 1402.10 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गए थे। तिमाही नतीजे आने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टेड इंफोसिस की कंपनी के शेयर करीब 7 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसिप्ट में गिरावट के बाद से आज कंपनी के शेयरों के नीचे आने की संभावना बढ़ गई थी। और मार्केट ओपन होने के बाद पुराना ट्रेंड दोबारा देखने को मिला है।

भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस में संयुक्त उद्यम भागीदार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगा भारती समूह

bharti AXA

नई दिल्ली, एजेंसी। भारती ग्रुप भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में फ्रांसीसी बीमा कंपनी एक्सा की 49त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। लगभग दो दशकों से संयुक्त रूप से चलाए जा रहे उद्यम का पूर्ण नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि क्या यह सौदा फ्रांसीसी बीमाकर्ता के दक्षिण एशियाई देश से बाहर निकलने का प्रतीक है। इस बीच, भारती ने कहा कि वह अन्य निवेशकों के साथ उनकी संस्थाओं के साथ साझेदारी या संयोजन करके कारोबार को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रही है। भारती और एक्सा ने सौदे पर अतिरिक्त जानकारी के लिए रॉयटर्स के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया और न ही वित्तीय विवरण का खुलासा किया। इस वर्ष इस क्षेत्र में सौदों की बाढ़ देखी गई है क्योंकि तेजी से बढ़ता शेयर बाजार बीमाकर्ताओं को अपने निवेश से मुनाफा कमाने और राज्य समर्थित भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रभुत्व वाले बाजार में अपने परिचालन को मजबूत करने में मदद कर रहा है। संयुक्त उद्यम में पीई फर्म ट्रू नॉर्थ की हिस्सेदारी का एक हिस्सा खरीदने का सौदा करने के बाद ब्रिटिश यूनाइटेड प्रोविडेंट एसोसिएशन (बीयूपीए) निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस का बहुमत मालिक बनने के लिए तैयार है। भारत का अरबपति बर्मन परिवार भी देश के बड़े पैमाने पर अप्रयुक्त बीमा क्षेत्र को भुनाने के लिए रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में लगभग 26त्न की अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदना चाहता है। भारती की भारती लाइफ वेंचर्स शाखा के माध्यम से किया गया संयुक्त उद्यम सौदा, विनियामक अनुमोदन के अधीन, इस साल दिसंबर तक बंद होने की उम्मीद है। बीमा नियामक निकाय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी दुनिया में नौवें स्थान पर मौजूद बाजार में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एलआईसी के साथ प्रतिस्पर्धा करती है।

इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में आया उछाल, 14 महीनों के हाई लेवल पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन में पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी।इससे पहले, जून, 2022 में औद्योगिक उत्पादन में सर्वाधिक 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर छह

प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले साल अगस्त में इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इस दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड में इस साल अगस्त में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल अगस्त में 4.3 प्रतिशत थी।

भोपाल में खुला व्रेडेस्टीन ब्रांड का एक्सक्लूसिव आउटलेट

भोपाल,। देश में व्रेडेस्टीन ब्रांड के एक्सक्लूसिव आउटलेट्स के लिए अगला पड़ाव भोपाल है जहाँ अपोलो टायर्स लिमिटेड ने डीबी सिटी मॉल के बाहर स्थित अरिहंत टायर्स में व्रेडेस्टीन के रिटेल आउटलेट का उद्घाटन किया। यह भारत में खुला व्रेडेस्टीनकादूसरा आउटलेट है, जो कि अन्य प्रीमियम टायर ब्रांडों के लिए एक हब भी है।

आउटलेट का उद्घाटन अपोलो टायर्स लिमिटेड के सेल्स एंड सर्विस के वाईस प्रेसिडेंट राजेश दहिया एवं अरिहंत टायर्स के मालिक अशोक जैन पितलिया ने क्षेत्र के कार और बाइक प्रेमियों के साथ किया।

इस अवसर पर अपोलो टायर्स लिमिटेड के सेल्स एंड सर्विस के वाईस प्रेसिडेंट राजेश दहिया ने कहा, भोपाल तेजी से एक प्रीमियम टायर बाजार के रूप में उभरा है, जहां यूज़र्स अपनी प्रीमियम कार और सुपरबाइक्स के लिए अच्छी क्वालिटी के टायर पसंद कर रहे हैं। अरिहंत टायर्स पिछले दो दशकों के अपने शानदार अनुभव और शहर भर में अपने 4 आउटलेट्स के साथ, व्रेडेस्टीन ब्रांड के लिए बिल्कुल सही विकल्प है, इसका लक्ष्य अपने उत्साही ग्राहकों को अल्ट्रा-हाई परफोरमेंस वाहन के लिए बेहतर सेवा देना है। हमें विश्वास है कि इस हाई फुटफ़ॉल ज़ोन में उपस्थिति और अधिक ब्रांड विजिबिलिटी, अरिहंत टायर्स के साथ हमारे लिए भी काफी लाभदायक सिद्ध होगी।

व्रेडेस्टीन के लिए यह विशेष काउंटर, टायर बेचने के नए अप-मार्केट रिटेल फॉर्मेट में काम करता है - ग्राहकों के लिए पर्याप्त विसुअल अपील, आराम और सुविधा देता है, और खरीदारी करने से पहले प्रोडक्ट की एप्लीकेशन और परफोर्मेंस के बारे में जानने का मौका देता है। इस प्रकार, वे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की जरूरत और लो इन्वोल्व्मेंट केटेगरी प्रोडक्ट के बीच के अंतर को पाटते हैं, ताकि ग्राहक अपने वाहन, ड्राइविंग शैली और उपयोग के हिसाब से सही टायर खरीद सकें।

कंपनी व्रेडेस्टीन ब्रांड के टायर बेचने के लिए अपने बिज़नेस पार्टनर के फैले हुए नेटवर्क, विशेष रूप से प्रीमियम टियर द्व काउंटरों का उपयोग कर रही है। बेंगलुरु के बाद, यह दूसरा एक्सक्लूसिव काउंटर है जो व्रेडेस्टीन टायर्स का भोपाल में खोला गया है। व्रेडेस्टीन टायर एक प्रीमियम यूरोपीय ब्रांड है जो भारत में कंपनीकी अत्याधुनिक सुविधाओं वाले फैक्ट्री में बनाया जाता है, यह कारों में प्रीमियम और लक्जरी सेगमेंट के साथ साथ भारत में सुपरबाइकिंग सेगमेंट की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा करता हैं। व्रेडेस्टीन ब्रांड लक्जरी कारों और सुपरबाइक के मालिकों द्वारा चुने जाने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण कारक प्रीमियम स्टाइलिंग और अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस का दूसरा नाम है।

लैपटॉप, कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंस नहीं, अब मंजूरी लेनी होगी!

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटरों के आयात के लिए एक नवंबर से लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जगह आयात प्राधिकार प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि वाणिज्य मंत्रालय को इस संबंध में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अंतिम सहमति मिलने का इंतजार है। सरकार ने अगस्त महीने में लैपटॉप, टैबलेट एवं कंप्यूटरों के आयात पर बंदिशें लगा दी थीं। यह कदम चीन जैसे देशों से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मातहत निकाय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी)

की अधिसूचना के मुताबिक, आयात से जुड़ी बंदिशें एक नवंबर से लागू हो जाएंगी। इस अधिसूचना पर आईटी हार्डवेयर उद्योग ने कई तरह की चिंताएं जताई थीं।एक सूत्र ने कहा कि इन उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस जारी करने की जगह एक आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था के तहत कारोबारियों को आयात का मंजूरी पत्र जारी किया जाएगा। सूत्र के मुताबिक, इच्छुक कंपनी एक तय संख्या में इन उपकरणों के आयात के लिए अनुरोध करेगी और उसे इसका प्राधिकार दे दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि बदली व्यवस्था लागू होने पर डीजीएफटी तीन अगस्त को जारी अधिसूचना को लेकर एक स्पष्टीकरण भी जारी कर सकता है।

इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में आया उछाल, 14 महीनों के हाई लेवल पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 14 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन में पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी।इससे पहले, जून, 2022 में औद्योगिक उत्पादन में सर्वाधिक 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर छह प्रतिशत कर दिया

गया है। पहले इसके 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आईआईपी वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 7.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त, 2022 में इसमें 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

आलोच्य महीने में खनन उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले साल अगस्त में इसमें 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं बिजली उत्पादन में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इस दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड में इस साल अगस्त में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले साल अगस्त में 4.3 प्रतिशत थी।

वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा

अगस्त में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले की अवधि में इसमें 4.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में नौ प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं के मामले में अगस्त में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल अगस्त में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन आलोच्य महीने में 12.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के अनुसार मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त महीने में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

एक लाख करोड़ रुपये क्लब की दहलीज पर सैमसंग इंडिया, स्मार्टफोन मार्केट में कोई नहीं है टक्कर में

नई दिल्ली, एजेंसी। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंसेज बनाने वाली दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग भारत में एक लाख करोड़ रुपये के सालाना रेवेन्यू के करीब पहुंच गई है। कंपनी ने 27 साल पहले भारत में अपना ऑपरेशन शुरू किया था। सैमसंग के पूर्ण स्वामित्व वाली सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की 2022-23 में कुल इनकम 98,924 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने हाल में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज को दी गई जानकारी में यह जानकारी दी है। सैमसंग इंडिया की फाइनेंशियल ईयर 2023 में सेल दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से 65 फीसदी और आईटीसी लिमिटेड से 35 परसेंट ज्यादा है।

सैमसंग इंडिया की सेल में फाइनेंशियल ईयर में 2023 में 16 परसेंट की तेजी आई जबकि इसका नेट प्रॉफिट गिरकर 3,452 करोड़ रुपये रहा। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 में यह 3,844 करोड़

रुपये रहा था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही से स्मार्टफोन, टेलीविजन और हाउसहोल्ड अप्लायंसेज की डिमांड में गिरावट आई है। कंपनी ने आरओसी फाइलिंग में फाइनेंशियल ईयर 2023 की अर्निंग परफॉरमेंस के कारणों के बारे में नहीं बताया है। इस बारे में सैमसंग इंडिया को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। लगातार दूसरे साल सैमसंग इंडिया के प्रॉफिट में गिरावट आई है। सैमसंग देश की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनी है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी का मोबाइल फोन बिजनस से रेवेन्यू 70,292 करोड़ रुपये रहा। यह आईटीसी (70,251 करोड़) और एचयूएल (59,144 करोड़) के स्टैंडअलोन रेवेन्यू से अधिक है। पिछले साल सैमसंग इंडिया को मोबाइल फोन की बिक्री में 27 फीसदी बढ़ी है। जानकारों का कहना है कि अल्ट्रा-प्रीमियम गैलेक्सी जेड सीरीज की सफलता का इसमें अहम योगदान है। तरुण पाठक ने कहा कि ओवरऑल मार्केट में गिरावट के बावजूद पिछले साल सैमसंग को स्मार्टफोन की बिक्री में तेजी आई। इस दौरान सैमसंग ने शाओमी को पछाड़कर मार्केट लीडरशिप की पोजीशन हासिल कर ली। भारत में सैमसंग की कुल बिक्री में मोबाइल बिजनस की हिस्सेदारी 71 परसेंट है जो फाइनेंशियल ईयर 2022 में 67 परसेंट थी। देश में कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा बिजनस होम अप्लायंसेज का है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में इस बिजनस में कंपनी की सेल 11,844 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के मुकाबले 18 परसेंट अधिक है। भारत के स्मार्टफोन मार्केट में सैमसंग की हिस्सेदारी 18 परसेंट है।

भारत के सबसे अमीर डॉक्टर हैं केरल के शमशीर, संपत्ति में 68 फीसद की उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। फोर्ब्स लेटेस्ट सूची के मुताबिक डॉक्टर से उद्यमी बने केरल के शमशीर वायलिल 3.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 57वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी संपत्ति 68 फीसद बढ़ गई है, जिससे वह भारत के सबसे अमीर डॉक्टर बन गए हैं। शमशीर इस सूची में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी भारतीय भी हैं। शमशीर अपनी मेडिकल पढ़ाई के बाद मिडिल ईस्ट चले गए और एक स्थानीय अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में काम किया। शुरुआत में अपने अमीर ससुर के समर्थन से उन्होंने 2007 में आबू धाबी में एक अस्पताल से शुरुआत की। वीपीएस दिल्ली में रॉकलैंड हॉस्पिटल चेन और कोच्चि में वीपीएस लक्षेशोर हॉस्पिटल के भी मालिक हैं। वायलिल निवेश फर्म अमानत होल्डिंग्स के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं।

अडानी को बढ़ा झटका

फोर्ब्स की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 92 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एक बार फिर सबसे अमीर भारतीय रूप में काबिज हैं। वहीं, अडानी ग्रुप के गौतम अडानी इस नई सूची में दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल अंबानी को पछाड़कर अडानी पहली बार भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने थे। जनवरी 2023 में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आई।

इससे अडानी एवं उनके परिवार की कुल संपत्ति 82 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 68 अरब डॉलर हो गई। फोर्ब्स की 2023 सूची के मुताबिक भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति इस साल 799 अरब डॉलर पर स्थिर बनी रही।

फोर्ब्स ने कहा, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को अलग कर शेयर बाजार में लिस्ट होने फौरन बाद अगस्त में अंबानी ने अपने तीनों बच्चों को रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में जगह देकर अपनी उत्तराधिकार योजना को मजबूती दी। यह सूची परिवारों एवं व्यक्तियों, शेयर बाजारों, विश्लेषकों और नियामकीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के प्रमुख शिव नादर इस लिस्ट में दो पायदान चढ़कर 29.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर वापस आ आए हैं। पिछले साल एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 42 फीसद का उछाल आने से उनकी संपत्ति बढ़ी है। बिजली और इस्पात क्षेत्र में सक्रिय ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल इस सूची में चौथे स्थान पर मौजूद हैं। उनकी संपत्ति 46 फीसद बढ़कर 24 अरब डॉलर हो गई है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी सबसे अमीर भारतीयों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पिछले साल उनकी संपत्ति 27.6 अरब डॉलर से घटकर 23 अरब डॉलर हो गई।

साइरस पूनावाला 20.7 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सूची में छठे और हिंदुजा परिवार 20 अरब डॉलर संपत्ति के साथ सातवें स्थान पर है। दिलीप सांघवी 19 अरब डॉलर संपत्ति के साथ आठवें, कुमार मंगलम बिड़ला 17.5 अरब डॉलर संपत्ति के साथ नौवें और शापूर मिस्त्री एवं परिवार 16.9 अरब डॉलर के साथ दसवें स्थान पर मौजूद है। फोर्ब्स एशिया की एशिया संपत्ति संपादक एवं भारत संपादक नाजनीन करमाली ने कहा, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक निवेशकों के बीच इसे काफी पसंद किया जाता है। उस तेजी ने इस साल भारत के 100 सबसे अमीरों के विशिष्ट क्लब को और भी खास बना दिया है। इस सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम संपत्ति का कटऑफ रिकॉर्ड 2.3 अरब डॉलर हो गया है।

वर्ल्ड कप 2023

भारत में जीतना बेहद कड़ी चुनौती, इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स का बड़ा बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कार्य की कठिनता को स्वीकार करते हुए कहा कि इंग्लैंड मौजूदा विश्व कप में भारत को करारी शिकस्त देने में सक्षम है। भारत ने प्रत्येक चार साल में होने वाले विश्व कप में अपने अभियान का आगाज शुरुआती दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ दो आसान जीत के साथ किया। गत चैंपियन इंग्लैंड हालांकि बांग्लादेश को मात देने से पहले न्यूजीलैंड से हार गया।

वोक्स ने कहा, 'भारत में जीतना बेहद कठिन चुनौती है। मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इंग्लैंड की 2019 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य वोक्स ने हालांकि कहा कि उनके पास भारत को मात देने की क्षमता है। भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर को लखनऊ में आमने-सामने होंगे। वोक्स ने कहा, 'इससे हमारे लिए उन्हें उनकी सहजता से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमारे पास प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, 'लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और सफेद गेंद के प्रारूप की टीम के रूप में दुनिया भर में हमारे से कुछ उम्मीदें हैं। वारविकशर के इस खिलाड़ी ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इंग्लैंड को खिलाड़ियों से अपेक्षाओं पर काबू पाना होगा। वोक्स ने कहा, 'जीतने के लिए यह एक कठिन प्रतियोगिता है, क्या ऐसा नहीं है? खासकर यहां। लेकिन हम अच्छी चुनौती देंगे। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं। स्वाभाविक रूप से लोगों को हमारे से उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से उम्मीदें हैं। अपने अगले मुकाबले में इंग्लैंड रविवार को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। वोक्स ने कहा कि वह अपने गेंदबाजी प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे निश्चित रूप से लगता है कि मैं थोड़ा बेहतर गेंदबाजी करना पसंद करता। लेकिन यह लंबी प्रतियोगिता है और आप इतनी जल्दी शीर्ष स्तर पर नहीं पहुंचना चाहते।

अपने कोटे के टिकट प्रशंसकों में बांट रही अफगानिस्तान क्रिकेट टीम

नईदिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान हाल के दिनों में क्रिकेट में सबसे तेजी से सुधार करने वाले देशों में से एक है। बहुत ही कम समय में वे दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ आमने-सामने खड़े होने में कामयाब रहे हैं। हालांकि परिणाम हमेशा अधिक कट्टर विरोधियों के खिलाफ उनके अनुरूप नहीं रहे हैं। अफगानिस्तान अपने देश में नहीं खेलता इसलिए प्रशंसक टीम के साथ यात्रा करने का निश्चय करते हैं, चाहे वे कहीं भी खेलें। अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी प्यार का बदला

ले रहे हैं और मौजूदा वनडे विश्व कप 2023 के मैचों के दौरान अपने कोटे के टिकट प्रशंसकों को दे रहे हैं।

टीम के अधिकारी ने बताया, परंपरा कुछ समय से चली आ रही है। हमने दुबई में प्रशंसकों को टिकट दिए हैं। हमने ऐसा ही किया था जब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान और श्रीलंका की सह-मेजबानी में 2023 एशिया कप में भाग लिया था। यह प्रवृत्ति विश्व कप में भी जारी है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी आम तौर पर मुझसे टिकटों के लिए अनुरोध करते हैं। हमें आम तौर पर प्रति खिलाड़ी/अधिकारी तीन से पांच टिकट मिलते हैं। एक बार जब मैं उन्हें उनका कोटा प्रदान करता हूं, तो खिलाड़ी प्रशंसकों के लिए अपने टिकट एक साथ रख देते हैं। प्रशंसकों से अनुरोध प्राप्त होने पर हम इन टिकटों को एक में लिफाफे में रखते हैं और इसे टीम होटल के रिसेप्शन पर छोड़ देते हैं। फिर प्रशंसक इसे वहां से ले लेते हैं।

हशमतुल्लाह शाहिदी की टीम की वनडे विश्व कप 2023 अभियान में अच्छी शुरुआत नहीं रही है। 10 टीमों की प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में उन्हें बांग्लादेश का सामना करना पड़ा और अपने दूसरे मैच में दो बार के चैंपियन भारत ने करारी शिकस्त दी। एशियाई टीम अब अपने अगले मैच में रविवार 15 अक्टूबर को दिल्ली में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगी। वर्तमान में अफगानिस्तान -1.907 के नेट रन रेट (एनआरआर) के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है।

आज भारत-पाकिस्तान मैच पर बारिश का साया

मौसम विभाग ने दी जानकारी

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का महामुकाबला शनिवार (14 अक्तूबर) को खेला जाएगा। दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का फॉर्म शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया था। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। इसी बीच, मौसम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

प्रशंसकों को लंबे समय से इस मुकाबले का इंतजार है। एक लाख से ज्यादा दर्शक मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं। सभी एक रोमांचक मैच देखना चाहते हैं, लेकिन उम्मीदों पर बारिश पानी फेर सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मैच के दौरान अहमदाबाद शहर और उत्तरी गुजरात में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है।

मौसम विभाग ने क्या-क्या कहा?

आईएमडी द्वारा साझा किए गए नवीनतम मौसम अपडेट के अनुसार, 14 और 15 अक्तूबर को उत्तरी गुजरात और अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा, गुजरात में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। 14 अक्तूबर को अहमदाबाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। अहमदाबाद में मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, आसमान में बादल छाए रहेंगे। अगले दिन अहमदाबाद और अन्य उत्तरी जिलों जैसे बनासकांठा, साबरकांठा और अरवल्ली में हल्की बारिश हो सकती है।

अगर बारिश के कारण मैच रद्द हुआ तो क्या होगा?

अगर बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो भारत और पाकिस्तान को एक-एक अंक मिलेंगे। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैचों के लिए रिजर्व डे हैं। प्रशंसक चाहेंगे कि ऐसी नौबत नहीं आए और उन्हें पूरा मैच देखने को मिले।

दिग्गज गायक करेंगे परफॉर्म

जहां एक तरफ विश्व कप शुरू होने से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया गया था, वहीं अब भारत-पाकिस्तान मैच से पहले कार्यक्रम रखा जा रहा है। इसमें कई दिग्गज बॉलीवुड गायकों और अभिनेताओं को भी आमंत्रण दिया गया है। गुरुवार रात को बीसीसीआई ने ट्वीट कर बताया कि उस कार्यक्रम में दिग्गज गायक अरिजीत सिंह, सुखविंदर सिंह और गायक-संगीतकार शंकर महादेवन भी परफॉर्म करते नजर आएंगे। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में यह तीनों गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।

इन तीन गायकों के अलावा मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और रजनीकांत यह मैच देखने स्टेडियम पहुंचेंगे। वहीं, दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी स्टेडियम में रहकर ही यह मुकाबला देखेंगे। विश्व कप की शुरुआत से पहले खबरें आई थीं कि इस टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी होगी, जिसमें रणवीर सिंह, तमन्ना भाटिया, आशा भोसले, अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल परफॉर्म करेंगे। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ और विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई। उसकी जगह 'कैप्टंस डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दोनों टीमें इस प्रकार है

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, ईशान किशन ,सूर्यकुमार यादव।

पाकिस्तान- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

ओलंपिक 2028

128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी, आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने की घोषणा

मुंबई (एजेंसी)। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दूसरे दिन के बाद कहा कि अधिकारियों ने बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट को शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने की मंजूरी मिल चुकी है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी द्वारा क्रिकेट को लॉस एंजिलस ओलंपिक में शामिल करने की मंजूरी दे दी गई है। इसकी घोषणा शुक्रवार को मुंबई में कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दूसरे दिन के बाद की गई। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद इसकी ओलंपिक में वापसी होगी।

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों ने बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट को ओलंपिक में पांच नए खेलों में से एक के रूप में शामिल करने के लॉस एंजिलस आयोजकों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, सभी नए खेलों को 2028 खेलों में जगह सुनिश्चित करने से पहले आईओसी सदस्यता द्वारा सोमवार को होने वाले मतदान में मत हासिल करने की आवश्यकता होगी।

आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा- 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने पर हम अभी भी प्रस्ताव मोड में हैं। भाग लेने वाली टीमों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। हम आईसीसी के साथ काम करेंगे। हम किसी भी देश के व्यक्तिगत क्रिकेट अधिकारियों के साथ काम नहीं करेंगे। आईसीसी के सहयोग से हम देखेंगे कि क्रिकेट को और अधिक लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है। थॉमस बाख ने कहा- लॉस एंजिल्स 2028 के खेल कार्यक्रम के संबंध में आईओसी को तीन निर्णय लेने थे। सबसे पहले, यह लॉस एंजिल्स आयोजन समिति थी जिसने पांच नए खेल शुरू करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। ये पांच खेल हैं क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश।

1900 में पिछली बार ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे। हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही हैं और अब जाकर यह सफल हो पाया है। दरअसल, आईओसी क्रिकेट की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के बाजार को भुनाने की कोशिश करेगा।

इसके लिए पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रिकेट के शामिल होने पर 2024 के पेरिस ओलंपिक में प्रसारण अधिकार 158.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 2028 में 1525 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

आईसीसी ने जताई थी खुशी

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉस एंजिलस ओलंपिक आयोजन समिति की ओर से ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सिफारिश पर खुशी जाहिर की थी। आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा था कि दो वर्ष की प्रक्रिया और लॉस एंजिलस आयोजन समिति के साथ काम करने के बाद ओलंपिक समिति ने क्रिकेट को इन खेलों की सूची में शामिल किया है। इसे खेल को ओलंपिक में शामिल किए जाने पर हमें बेहद खुशी होगी।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में खेलने को तैयार बाबर

कहा- टीम पर दबाव नहीं, नसीम शाह की कमी खलेगी

अहमदाबाद (एजेंसी)। वनडे विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दोनों टीमों का फॉर्म शानदार रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका को हराया था। अब रोहित शर्मा और बाबर आजम की नजरें जीत की हैट्रिक लगाने पर होंगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार (14 अक्तूबर) को भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों टीमों की तैयारियां जोरों पर हैं। मुकाबले से एक दिन पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के बीच विश्व कप में अब तक जो हुआ है वह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। बाबर ने यह भी कहा कि उनकी टीम अहमदाबाद के बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए तैयार है और इसे लेकर कोई दबाव नहीं है।

बाबर ने कहा, मुझे लगता है कि अतीत में जो हुआ वह महत्वपूर्ण नहीं है। हम वर्तमान में जीना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हम अच्छा कर सकते हैं। भारत-पाकिस्तान मैच जोरदार है। बड़ी संख्या में प्रशंसक आ रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर है। हम उसी के अनुसार योजना बनाएंगे क्योंकि पहले 10 ओवर में विकेट अलग होता है और 10 ओवर के बाद अलग होता है।

भारत-पाकिस्तान मैच से पहले गिल से बोले युवराज

खड़ा हो जा और खेल, मैं दो बार डेंगू में खेला हूं

अहमदाबाद (एजेंसी)। वनडे विश्व कप 2023 में भारत का अगला मैच पाकिस्तान के साथ है। भारतीय टीम सात साल बाद अपने घर में पाकिस्तान से खेल रही है। दुनियाभर के क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने के लिए उत्साहित हैं। अहमदाबाद में एक लाख से ज्यादा दर्शक स्टेडियम से मैच देखेंगे। इस मैच के लिए दोनों टीमें अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं और अभ्यास कर रही हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल यह मैच खेल सकते हैं। डेंगू की वजह से वह भारत के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए थे। ऐसे में युवराज सिंह ने उन्हें फोन किया और मैच खेलने के लिए कहा।

युवराज ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने शुभमन गिल को फोन किया और पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए कहा। युवी ने गिल को यह भी बताया कि वह खुद अपने करियर में दो बार डेंगू से संक्रमित होने के बावजूद खेले हैं। इसके बाद गिल ने गुरुवार को एक घंटे तक अहमदाबाद में अभ्यास भी किया। अब पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उनके खेलने की संभावना काफी ज्यादा है।

युवराज ने गिल से कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच महत्वपूर्ण है और उन्हें यह मुकाबला खेलना चाहिए। युवी ने कहा मैंने उसे फोन किया और उससे कहा मैं दो बार डेंगू में खेला हूं, विश्व कप में भी मेरी तबीयत ठीक नहीं थी। तो खड़ा हो जा और खेल क्योंकि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच है। वैसे भी अगर वह बेहतर महसूस कर रहा होता तो वह खेलता। लेकिन वायरल या डेंगू से

उबरना वाकई मुश्किल है। यह आपके शरीर से सब कुछ चूस लेता है। मुझे लगता है कि वह वास्तव में उस मैच को खेलने के लिए उत्सुक है।

युवराज ने इस दौरान टीम इंडिया की काफी तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद मैच जीता। वहीं, अगले मैच में रोहित ने एकतरफा जीत दिलाई। भारतीय टीम दबाव भरे हालातों के लिए भी तैयार है और सभी खिलाड़ी रन बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल मैच में दबाव होगा। टीम इसके लिए तैयार है, यह अच्छी बात है।

वहीं, भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा यह इस समय शहर में चर्चा का विषय है। भारत बनाम पाकिस्तान मैच हमेशा खास होते हैं। जब भी मैं लोगों से बात करता हूं, मैं उनसे कहता हूं कि वे इसका इंतजार करें क्योंकि यह एक बड़ा अवसर है। आप नहीं जानते कि ये समय वापस आएगा या नहीं। वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया कोई मैच नहीं हारी है। दोनों टीमें क्रिकेट के महाकुंभ में सात बार आमने-सामने आई हैं और हर बार टीम इंडिया जीत हासिल करने में सफल रही है।



शुभमन गिल ने सिराज और मलान को पछाड़ा, दूसरी बात जीता आईसीसी का ये बड़ा अवॉर्ड

दुबई (एजेंसी)। शुभमन गिल ने अपने हमवतन मोहम्मद सिराज और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान को हराकर साल में दूसरी बार आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता। गिल को प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में नामित किया गया था।

शुभमन गिल एक से अधिक बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर भी बने। शुभमन को जनवरी 2023 में इस सम्मान से पुरस्कृत किया गया था जिसमें उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक बनाया था। डेंगू के कारण भारत के विश्व कप अभियान के पहले दो मैच नहीं खेलने वाले शुभमन गिल 1230 रन और 5 शतक के साथ 2023 में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

इस बीच श्रीलंकाई आइकन चमारी अथापथु ने पिछले महीने अपनी टी20आई बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन के बाद अपनी टीम को अंग्रेजी धरती पर पहली श्रृंखला जीतने के बाद आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के ताज जीता। सितंबर में वनडे क्रिकेट में 24 साल की खिलाड़ी के लिए रनों की बाढ़ आ दी। उन्होंने महीने की शुरुआत नेपाल और पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतकों के साथ की और फाइनल के रास्ते में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ स्टाइलिश अंदाज में शतक लगाया।

एशिया कप के समापन के बाद गिल एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में चमके उन्होंने मोहाली में 74 रन और इंदौर में 104 रन बनाए। कैलेंडर माह के दौरान उनके 480 रन 80 के औसत और 99.37 के स्ट्राइक रेट से बने। आईसीसी सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए गिल ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें भारत के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा, सितंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर मुझे खुशी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और टीम के हित में योगदान देना एक बड़ा सौभाग्य है। यह पुरस्कार मुझे उत्कृष्टता की तलाश जारी रखने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने कहा, मैं उस टीम के लिए एक उपयोगी योगदान देने में कामयाब रहा जिसे एशिया कप 2023 जीतने का सौभाग्य मिला और फिर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीतने का सौभाग्य मिला। मैं इस अवसर पर अपने सभी साथियों, परिवार और कोच को धन्यवाद देता हूं जिनके बिना यह उपलब्धि संभव नहीं होती।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगी, दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

नईदिल्ली, एजेंसी। पश्चिमी दिल्ली के उद्योग नगर इलाके में शुक्रवार को सुबह प्लास्टिक की एक फैक्टरी में मामूली आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग से किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित फैक्टरी में सुबह छह बजे आग लग गई। सूचना मिलने पर 26 दमकल वाहनों को आग बुझाने के लिए रवाना किया गया। आग पर अब काबू कर लिया गया है। फिलहाल आग लगने की वजह का भी पता नहीं चल सका है।

अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया के ठिकानों पर ईडी के छापे

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में चुनाव से पहले ईडी के निशाने पर कांग्रेस नेता आ गए है। सीए अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के आवासीय ठिकानों पर ईडी ने छापे मारे हैं। कार्रवाई चल रही है। बता दें दिनेश खोड़निया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है। सीएम गहलोत के करीबी माने जाते हैं। डूंगरपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रह चुके है। ईडी की टीम अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी के ठिकानों पर भी पहुंची है। डूंगरपुर-जयपुर समेत कई ठिकानों पर ईडी की टीम सर्च कर रही है। पेपरलीक से जुड़े आरोपों को लेकर कार्रवाई हो रही है। कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया पर पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप है। जबकि आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा की आरपीएससी की सदस्यता के तौर पर सिफारिश करने के आरोप दिनेश खोड़निया पर है। सागवाड़ा के कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया अशोक जैन के घर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात है। हालांकि, रेड का कारण पता नहीं चला है, लेकिन माना जा रहा है कि पेपर लीक से जुड़े मामले पर ही रेड मारी जा रही है। बता दें आरपीएसी सेंकेंड ग्रेड भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। जिसकी वजह से आयोग को परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। पेपर लीक मामले में की एसओजी जांच कर रही है। एसओजी ने आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार भी किया था। शुक्रवार सवेरे से ही सागवाड़ा की पुनर्वास कॉलोनी स्थित घर के बाहर हथियार बंद सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। ईडी ने ये कार्रवाई ऐसे समय पर की है जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और निर्वाचन आयोग ने तारीखों का ऐलान करते हुए आचार संहिता लागू कर दी है। इस वक्त अशोक जैन के घर के बाहर और अंदर हथियारों से लैस सीआरपीएफ जवानों को सुरक्षा के मद्देनजर खड़ा देख जा सकता है। घर के बाहर 3 से 4 गाड़ियां भी नजर आ रही हैं, जिसमें से दो पर पीले रंग की नंबर प्लेट। घर के बाहर दिख रही है। दरअसल, ईडी को पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण द्वारा पूछताछ में दिनेश खोड़निया का नाम सामने आया है। यह भी पता चला है कि दिनेश खोड़निया की बाबूलाल कटारा को आरपीएससी सदस्य बनवाने में अहम भूमिक रही है। ईडी को इस बात के सबूत मिले हैं कि खोड़निया को बाबूलाल कटारा मंथली पैसे देता था। ईडी ने सुरेश ढाका की महिला मित्र स्पर्धा चौधरी के ठिकानों पर रेड मारी है। इन पर ढाका को भागने और भूमिगत होने में की का आरोप है। खोड़निया के बेटे के ससुर के घर भी ईडी ने रेड डाली है। ईडी को पेपर लीक में शामिल होने और पैसे के लेनदेन के पुख्ता सबूत मिले है।

छत्तीसगढ़ के स्कूल में गुब्बारों में हवा भरते समय हुआ धमाका

सरगुजा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक स्कूल में गैस सिलेंडर फटने से 33 बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर ने पुलिस और शिक्षा विभाग के अफसरों को इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि गुरुवार को सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर में विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल परिसर के अंदर हीलियम गैस सिलेंडर फटने से 33 बच्चे घायल हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने कहा कि यह घटना दोपहर 2.15 बजे के बाद स्कूल के मैदान में लंच टाइम के दौरान हुई, जब तीन लोग, जो गुब्बारे में हवा भरने के लिए हीलियम सिलेंडर का उपयोग कर रहे थे, सिलेंडर और गुब्बारे के फटने से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 33 स्कूली बच्चों को भी मामूली चोटें आईं। सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि कोई भी बच्चा गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और वे सभी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और जिला शिक्षा अधिकारी घटना की जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी की उम्मीदवारों की तीसरी सूची, 11 नामों का ऐलान

रायपुर, एजेंसी।
आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। गुरुवार देर रात जारी गई इस लिस्ट में आप की ओर से 11 लोगों के नाम की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होगा तथा 3 दिसंबर को मतगणना होगी।

अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी लिस्ट में जिन 11 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है उनमें- डॉ. आकाश जशवाल (बैकुंठपुर), चंद्रकांत डिकसेना (कटघोरा), मनभजन टंडन (लोरमी), दीपक पात्रे (मुंगेली), दुर्गालाल केवट (निषाद) (जैजैपुर),

लेखराम साहू (कसडोल), जशवंत सिन्हा (गुंडरदेही), संजीत विश्वकर्मा (दुर्ग) ग्रामीण), चमेली कुर्रे (पंडरिया), जगमोहन बघेल (बस्तर) और नरेंद्र भवानी (जगदलपुर) के नाम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ने का फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्षी दलों इंडिया ब्लॉक का गठन किया गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस शासित राज्य में खनन घोटाला करने की छूट मिल जाए।

आप और कांग्रेस विपक्ष के इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन दोनों दलों ने छत्तीसगढ़ सहित चुनावी राज्यों में चुनाव पूर्व गठबंधन के बारे में अपना रुख साफ नहीं किया है। सोमवार को पांच राज्यों में साल के अंत में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के कुछ घंटों बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि उनकी पार्टी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पूरी ताकत से लड़ेगी। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगी, तो उन्होंने कहा कि जो भी होगा उसके बारे में बताया जाएगा।

7 नवंबर को 20 सीटों पर होगी वोटिंग: बता दें कि, नक्सल प्रभावित कुछ क्षेत्रों के चलते संवेदनशील माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में पहले चरण में सात नवंबर को 20 सीटों पर मतदान होगा तथा दूसरे चरण में 17 नवंबर को 70 सीटों पर मतदान होगा। राज्य विधानसभा चुनाव के पहले चरण लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा 20 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

पहले चरण में नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को की जाएगी तथा 23 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। वहीं, दूसरे चरण के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी तथा 30 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छानबीन होगी तथा दो नवंबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आप ने छत्तीसगढ़ में 85 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उनमें से सभी की जमानत जब्त हो गई थी। 90 सदस्यीय सदन के चुनावों में कांग्रेस की जीत हुई थी, जिसने 90 में से 68 सीटें जीतकर 15 साल की सत्ता के बाद भारतीय जनता पार्टी को बाहर कर दिया था। भाजपा को केवल 15 सीटें हासिल हुई थीं।

6 महीने के मेडिकल वीजा पर आए, दिल्ली-एनसीआर से लेकर बेंगलुरु तक खड़ा किया अंतरराष्ट्रीय रैकट

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मादक पदार्थों की तस्करी के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो महिलाओं और एक पुरुष को दबोचा है। इनसे 6.044 किलो मेथाक्वालीन और 2.058 किलो हेरोइन बरामद हुई है। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 करोड़ है। आरोपी छह महीने के मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और अपने देश नहीं लौटे। तीनों अवैध रूप से दिल्ली में रहकर राजधानी, एनसीआर से लेकर बेंगलुरु और मुंबई तक ड्रग्स की तस्करी कर रहे थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में सिएरा लियोन निवासी पॉल जॉय दिल्ली में उत्तम नगर के ओम विहार में रहती थी। नाइजीरिया निवासी पीस इलोबे, दिल्ली की विकासपुरी और तीसरा आरोपी नाइजीरिया निवासी स्टीफन, दिल्ली के मोहन गार्डन में रहता था। स्पेशल सेल के मुताबिक, मादक पदार्थों की तस्करी में अफ्रीकी मूल के कुछ लोगों के दिल्ली में इकट्ठा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने रंगपुरी इलाके में घेराबंदी की और महिपालपुर की तरफ से आते हुए पॉल जॉय और पीस इलोब को पकड़ लिया। आरोपियों से पुलिस ने 5.032 किलो मेथाक्वालीन बरामद किया।

महिलाओं ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर में अफ्रीकी मूल के लोगों द्वारा चलाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की सदस्य हैं। वे अहमदाबाद की बस पकड़ने की तैयारी में थीं। मेथाक्वालोन की खेप दिल्ली स्थित अफ्रीकी नागरिक स्टीफन से खरीदी थी। पुलिस ने स्टीफन को 10 अक्तूबर को मोहन गार्डन से गिरफ्तार किया। महिला आरोपियों ने बताया कि वे सरगना स्टीफन के निर्देश पर दिल्ली-एनसीआर से बेंगलुरु और मुंबई ड्रग्स ले जाती थीं। सिंडिकेट के सदस्य महिला वाहकों को सिर्फ लंबे रूट की बसों द्वारा अहमदाबाद के रास्ते बेंगलुरु और मुंबई भेजते थे।

दो नहीं सिर्फ एक बोतल शराब की ही मेट्रो में हो इजाजत, विभाग बदलना चाहती है नियम

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली मेट्रो में दो बोतल शराब ले जाने को लेकर दोबारा आबकारी विभाग ने नियमों में बदलाव करने की बात कही है। आबकारी विभाग ने दिल्ली मेट्रो कारपोरेशन को पत्र लिखा है कि वो मेट्रो में शराब की दो बोतल ले जाने संबंधी आदेश को वापस ले। आबकारी विभाग का कहना है कि यह फैसला नियमों के खिलाफ है। आबकारी नीति के तहत शराब सिर्फ एक सीलबंद बोतल को ही एक राज्य से दूसरे राज्य तक ले जाने की छूट है। डीएमआरसी के फैसले के बाद दिल्ली और एनसीआर के बीच चलने वाली मेट्रो से दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति देना नियमों का उल्लंघन है। ऐसे में डीएमआरसी अपने फैसले को तत्काल बदले।

इससे पहले जुलाई में आबकरी विभाग ने नियमों में बदलाव करने की बात कही थी। आबकारी विभाग ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सामने चिंता जाहिर की और कहा कि दो बोतल की जगह सिर्फ एक बोतल ले जाने की इजाजत दी जाए। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली एक्साइज एक्ट के अनुसार, 25 साल या उससे ज्यादा की उम्र के व्यक्ति को अन्य राज्यों से दिल्ली में केवल 1 लीटर शराब ले जाने की अनुमति मिलनी चाहिए और बोतल भी सीलबंद हो।

बता दें कि डीएमआरसी के फैसले में कहा गया था कि दिल्ली मेट्रो के सभी रूटों पर दो बोतल ले जाने

की अनुमति होगी। हालांकि मेट्रो में शराब पीकर बवाल करने या झगड़ा करने पर सीआरपीएफ को यात्री को मेट्रो स्टेशन से बाहर निकालने का अधिकार है। इसके साथ ही नियम तोड़ने वाले यात्री पर सीआरपीएफ या मेट्रो कर्मचारी की ओर से 200 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हालात ज्यादा बिगड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। बता दें कि डीएमआरसी की तरफ से यात्रियों को अपने साथ शराब की दो सीलबंद बोतल लेकर चलने की अनुमति तो है, लेकिन स्टेशन के बाहर निकलते ही शराब लेकर आने वाले यात्री पर कार्रवाई होगी। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कोई भी यात्री विदेशी या किसी अन्य राज्य की शराब की सीलबंद बोतल लेकर नहीं आ सकता है। विदेशी या अन्य राज्य की एक सील खुली हुई बोतल लेकर व्यक्ति चल सकता है। जिस प्रदेश से शराब खरीदी गई है, उसके अलावा किसी भी दूसरे राज्य में शराब लेकर पहुंचना अपराध की श्रेणी में आएगा और व्यक्ति पर न्यूनतम 200 रुपये अर्थदंड लगाए जाने के साथ बोतल जब्त करने और जेल भेजने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

गाजा में लगातार खराब हो रही मानवीय स्थिति: संयुक्त राष्ट्र

वाशिंगटन, एजेंसी।
संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों के परिणामस्वरूप गाजा में मानवीय स्थिति लगातार बिगड़ रही है। अब तक 338,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के हवाले से कहा कि 218,000 से अधिक विस्थापित लोग फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित स्कूलों में शरण लिए हैं।

कार्यालय ने कहा, 2,500 से अधिक आवास इकाइयां नष्ट हो गई हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं और रहने लायक नहीं रह गई हैं, जबकि लगभग 23,000 इकाइयों को मध्यम से मामूली क्षति हुई है। बताया गया कि कम से कम 88 शिक्षा सुविधाएं प्रभावित हुई हैं, इनमें 18 यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल भी शामिल हैं, इनमें से दो का उपयोग विस्थापितों के लिए आपातकालीन आश्रय के रूप में किया गया था। इसका मतलब है कि लगातार छठे दिन, 600,000 से अधिक बच्चों को गाजा में सुरक्षित स्थान पर शिक्षा तक पहुंच नहीं मिली है।

गाजा के एकमात्र बिजली संयंत्र का ईंधन खत्म हो गया और उसने काम करना बंद कर दिया है। शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से, 10 लाख से अधिक लोगों की सेवा करने वाली सात

महत्वपूर्ण जल और सीवेज सुविधाएं हवाई हमलों की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। कहा गया है कि आधी बेकरियों में गेहूं के आटे की आपूर्ति एक सप्ताह से भी कम है, जबकि 70 प्रतिशत दुकानों में खाद्य स्टॉक में काफी कमी आई है। मानवीय सहायता प्रदान करने में मानवीय एजेंसियों को बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ओसीएचए ने कहा, असुरक्षा प्रभावित क्षेत्रों और गोदामों तक सुरक्षित पहुंच को रोक रही है।

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, मानवीय कार्यकर्ताओं ने कुछ सहायता प्रदान की है। इनमें 137,000 विस्थापित लोगों को ताजा रोटी का वितरण, पानी और स्वच्छता सुविधाओं के लिए 70 हजार लीटर ईंधन की डिलीवरी और मनोसामाजिक सहायता हेल्पलाइन की सक्रियता शामिल है। मानवीय मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने बुधवार को राहत प्रयासों को तत्काल मदद के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष से 9 मिलियन डॉलर आवंटित किए।

इजरायल ने गाजा पर अब तक गिराए 6000 बम, 2800 लोगों की मौत

जेरुशलम, एजेंसी।
इजरायली सेना ने कहा कि उसने इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पर अब तक करीब 6,000 बम गिराए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि वह हमास के ठिकानों पर हमला कर रहा है। इस हमले को दौरान गाजा पट्टी के अस्पताल और संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाए गए आश्रय स्थल भी प्रभावित हुए हैं। हवाई हमलों ने उनके घरों में मौजूद पूरे परिवारों को भी मार डाला गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पूरे 22 परिवार मारे गए हैं।

स्थानीय समाचार आउटलेट्स ने दमिश्क और अलेप्पो में हवाई अड्डों पर इजरायली बलों द्वारा ताजा हमलों की सूचना दी है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल पहुंचे थे। यहां उन्होंने इजरायल को हर तरीके से समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने कहा, मैं अपने साथ संदेश लेकर आया हूं। आप अपनी रक्षा करने के लिए अपने आप में काफी मजबूत हो सकते हैं, लेकिन जब तक अमेरिका मौजूद है आपको ऐसा कभी नहीं करना पड़ेगा। आपको बता दें कि युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के 2,800 लोगों की जान जा चुकी है।

इजराइल ने गुरुवार को कहा कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता तब तक गाजा पट्टी को बिजली, पानी या ईंधन नहीं मिलेगा। इजराइल के ऊर्जा मंत्री इजराइल काट्ज कहा, गाजा को मानवीय सहायता? जब तक इजरायली बंधकों की घर वापसी नहीं हो जाती, तब तक कोई बिजली का स्विच ऑन नहीं किया जाएगा। कोई जल हाइड्रेंट नहीं खोला जाएगा और कोई ईंधन ट्रक प्रवेश नहीं करेगा। मानवतावादी के लिए मानवतावादी। किसी को भी हमें नैतिकता का उपदेश नहीं देना चाहिए।

लड़की की ना सुन भड़का सनकी आशिक, दिल्ली में सरेराह 13 बार चाकू मारा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के लाडो सराय में 23 साल की प्राची पर एकतरफा प्यार में सनकी आशिक ने 13 बार चाकू से वार किया। अब अस्पताल में वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। एक एमएनसी में रिक्रूटर के रूप में काम करने वाली प्राची मलिक गुरुवार सुबह विश्वास नगर में एक इंटरव्यू वर्कशॉप के लिए निकली थी। लेकिन उसके इंतजार में पहले से खड़े गौरव पाल ने उसे अस्पताल के आईसीयू तक तक पहुंचा दिया। डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को गौरव पाल ने सुबह करीब 8 बजे प्राची से बात की थी। प्राची ने उसे बताया था कि वह ऑफिस आ चुकी है। उसने गौरव को यह भी कहा था कि वह 6- 6:30 तक ही निकल जाती है। इसके बाद उसने गौरव का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। गौरव ने प्राची से 10-12 दिन पहले मुलाकात भी की थी। लेकिन प्राची उससे बातचीत में दिलचस्पी नहीं ले रही थी। गाजियाबाद में रहने वाला गौरव गुरुवार को प्राची से मिलने के लिए सुबह करीब 5:30 बजे ही उसके घर के पास आकर खड़ा हो गया। लड़की की मां शकुंतला मलिक ने कहा कि जब बेटी नमस्ते करती हुई घर से सुबह वर्कशॉप के लिए निकली तो वह सो ही रही थीं। डीसीपी के मुताबिक, पाल ने प्राची से बात करने की कोशिश की और उसे काम पर छोड़ने की पेशकश भी की। लेकिन प्राची ने उससे बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों में बहस हुई और प्राची ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद लड़के ने उसके हाथ से फोन छीन लिया तो प्राची चोर-चोर चिल्लाने लगी। फिर वह कैब में जाकर बैठ गई। तमतमाया गौरव उसके पीछे कैब तक गया और जेब से चाकू निकालकर उसने ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। वह घर से जेब में रखकर चाकू लाया था। प्राची की चीखें सुनकर लोग कैब की ओर दौड़े। आसपास के लोगों और कैब चालक ने आरोपी को पकड़ लिया।

इंसानों से ज्यादा टेक्नोलॉजी पर भरोसा मोसाद को पड़ा भारी

येरूसलम एजेंसी। डिफेंस और इंटेलिजेंस के मामले में इजराइल दुनियाभर में मशहूर है। एक साथ 6 अरब देशों को जंग के मैदान में मात देने वाला इजराइल। यहूदियों के जनसंहार के जिम्मेदार अडोल्फ आईकमैन को अर्जेंटीना से अगवा कर लाने वाला इजराइल।

आखिर 7 अक्टूबर 2023 की सुबह अपने देश पर होने वाले इतने बड़े हमले को कैसे नहीं भांप पाया? दुनिया की टॉप इंटेलिजेंस एजेंसी मोसाद से कहां और कैसे चूक हुई?

इजराइल सरकार के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा- यह बहुत ही बड़ी चूक है। इसकी तह तक जाने में कुछ सालों का समय लग सकता है। इसकी जांच शुरू की जा चुकी है। इस साल के अंत तक इंटेलिजेंस फेलियर से जुड़ी कुछ जानकारी हाथ लग सकती है। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

वहीं, लंबे समय तक रॉ के साथ काम कर चुके अधिकारी ने बताया कि मोसाद, ज्यादा देशों के साथ मिलकर काम नहीं करती है, जबकि भारत की रॉ के साथ मिलकर कई दशकों से काम कर रही है। इजराइल चारों तरफ से उसे चुनौती देने वाले देशों से घिरा है। ये देश इजराइल के बनने के वक्त से ही उसे नुकसान पहुंचना चाहते हैं।

यही वजह है कि इजराइल में खुफिया तंत्र पर वहां की सरकार खूब पैसा खर्च करती है। इजराइल में इंटेलिजेंस इकट्ठा करना उतना ही जरूरी है जितना किसी और देश में रोटी, कपड़ा और मकान। 7 अक्टूबर का हमला बहुत बड़ी नाकामयाबी है, इजराइल की सरकार जितना भी इसके लिए दूसरे देश को जिम्मेदार माने, लेकिन सत्ता में बैठे लोग इस फैक्ट को नहीं नकार सकते कि वो अपने लोगों को सुरक्षा देने में नाकामयाब रहे। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि इजराइल पर हमला किसी नए संगठन ने नहीं, बल्कि इजराइल के ही पुराने दुश्मन, हमास ने किया। यह

ठीक वैसा ही है जैसे की हमने 1999 में कारगिल में देखा था। जब पाकिस्तान के सैनिक और आतंकवादी हमारे सीमा में घुस गए थे और हमें पता भी नहीं चला।

उन्होंने कहा- मुझे जानकारी मिली है कि हमला नहीं रोक पाने की वजह से मोसाद के काफी अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। मामले पर नजर रख रहे एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मोसाद , शिन बेट और अमन इस गलतफहमी के शिकार हो गए की हमास काफी कमजोर हो चुका है और ईरान , जो हमास का सबसे बड़ा समर्थक है, वो चुप बैठा है। 2020 में इजराइल और 2 अरब देशों के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत फिलिस्तीन के समर्थक रहे, श्व और बहरीन ने इजराइल से संबंध सुधारने की शुरुआत की थी। इसके लिए अमेरिका ने मध्यस्थता कराई थी, जिसे अब्राहम एकॉर्ड के नाम से जानते हैं। तब ये माना गया था कि और भी अरब देश इस समझौते में शामिल होंगे। इसका असर ये हुआ कि मोसाद और इजराइल के बाकी खुफिया संगठन ये मान बैठे की अब हमास के समर्थक घटने की वजह से उससे कम खतरा रहेगा। मोसाद ये भूल गया था कि डिप्लोमेसी और राजनीति अपना काम करती है और खुफिया संगठन अपना। हमास कम से कम 15 से 19 महीने से इस ऑपरेशन पर काम कर रहा था पर जिसकी भनक किसी को भी नहीं लगी। हूवर इन्स्टिट्यूट और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में सीनियर फेलो एमी जेगार्ट ने हमास के हमले पर लिखा की मोसाद टेक्नोलॉजी पर ज्यादा भरोसा करने लगा है। ह्यूमन इंटेलिजेंस से दूर हो गए हैं, उन्हें इसी बात का खामियाजा भुगतना पड़ा है।

पूर्व इजराइली प्रधानमंत्री एहुद बराक ने भी इजराइली खुफिया एजेंसियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि हमास का हमला खुफिया एजेंसियों और राजनीतिक नेतृत्व की बड़ी विफलता है। एक रिटायर्ड रॉ के अधिकारी ने बताया ह्यूमन इंटेलिजेंस, जासूसी की दुनिया में सबसे मेहनत का काम होता है। इसमें सबसे ज्यादा जोखिम भी होता है, पर जो रिजल्ट आपको ह्यूमन इंटेलिजेंस से मिल सकता है, वो कोई और नहीं दे सकता। फर्ज कीजिए कि आपने एक दुश्मन देश में ऊंचे पद पर बैठे एक अफसर को अपने लिए काम करने के लिए तैयार कर लिया हो। उसके बाद आप सोचिए कि वो किस स्तर की खबर आपको देगा। उसके आगे बाकी सारी इंटेलिजेंस फेल है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले तक मोसाद ने गाजा पट्टी में हमास के बीच में अपने लोगों को बैठाया था, पर पिछले 4-5 साल से मोसाद ने इस तरह की इंटेलिजेंस पर ध्यान देना कम कर दिया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129